


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 विनेश फोगाट ही नहीं ये भारतीय खिलाड़ी भी ओलंपिक में हो चुके हैं भेदभाव...

बजट से मध्यम वर्ग पर कर बोझ कम ... सीतारमण ...12



वर्ष : 15 | अंक : 118 | नई दिल्ली, गुरुवार 08 अगस्त 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**


| | |
|---|---|
| सोना | 71,350 |
| चांदी | 82,200 |
| सेंसेक्स | 79,639 |
| निफ्टी | 24,000 |

## ढाका में भारतीय उच्चायोग में गैर-जरूरी सेवाओं में कार्यरत कर्मी भारत लौटे

नयी दिल्ली, (भाषा) बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थित भारतीय उच्चायोग में गैर-जरूरी सेवाओं में कार्यरत कर्मी और उनके परिवार के सदस्य स्वेच्छा से बुधवार को भारत लौट आए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

# ओलंपिक : विनेश फोगाट वजन अधिक होने के कारण फाइनल से पहले अयोग्य घोषित

**पेरिस।** एक स्तब्ध करने वाले घटनाक्रम में विनेश फोगाट को महिलाओं की 50 किलो कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से पहले वजन अधिक पाये जाने के कारण बुधवार को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रचा था। उन्हें आज देर रात स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलना था। एक भारतीय कोच ने कहा, सुबह उसका वजन 100 ग्राम अधिक पाया गया। नियम इसकी अनुमति नहीं देते और उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया है। अयोग्य घोषित होने के मायने हैं कि उन्हें खेलों से खाली हाथ लौटना होगा क्योंकि अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत वजन अधिक पाये जाने पर पहलवान आखिरी तालिका में अंतिम स्थान पर रहता है। भारतीय ओलंपिक संघ ने बाद में विनेश के अयोग्य घोषित होने की पुष्टि करते हुए उनकी निजता का सम्मान करने के लिये कहा, हमें यह खबर देते हुए खेद हो रहा है कि विनेश फोगाट महिला कुश्ती के 50 किलो वर्ग से अयोग्य घोषित कर दी गई है। पूरी रात टीम के अथक प्रयासों के बावजूद सुबह उसका वजन 50 किलो से अधिक पाया गया। इसमें कहा गया, भारतीय दल इस समय कोई और बयान नहीं देगा। भारतीय टीम आपसे विनेश की निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती है। भारतीय दल इस समय आगामी स्पधार्ओं पर फोकस करना चाहेगा।



### विनेश आप चैम्पियनों में चैम्पियन हो : मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विनेश की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि वह भारत का गौरव हैं और उन्हें मजबूती से वापसी करनी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, विनेश आप चैम्पियनों में चैम्पियन हो। आप भारत का गौरव हो और हर भारतीय के लिये प्रेरणास्रोत हो। उन्होंने आगे लिखा, आज के झटके से दुख पहुंचा है। काश मैं शब्दों में बता पाता कि इस समय कितना मायूस हूं। लेकिन मुझे पता है कि आप फिर वापसी करोगी। चुनौतियों का डटकर सामना करना आपके स्वभाव में है। मजबूती से वापसी करो। हम सभी आपके साथ हैं।

### विनेश1.4 अरब लोगों के दिलों में चैंपियन बनी हुई हैं : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में पहलवान विनेश फोगाट की असाधारण उपलब्धियों ने हर भारतीय को रोमांचित किया है और देश को गौरवान्वित किया है। मुर्मू ने कहा, पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य करार दिए जाने से हम सब निराश हैं लेकिन वह 1.4 अरब लोगों के दिलों में चैंपियन बनी हुई हैं। मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति ने कहा, विनेश वास्तव में भारतीय महिलाओं की अथक भावना का प्रतीक हैं और उनका अद्भुत धैर्य तथा दृढ़ता पहले से ही भारत के भविष्य के विश्व चैंपियनों को प्रेरित कर रहा है। मैं भविष्य में उनकी सफलता की कामना करती हूं।

## फोगाट को अयोग्य करार देने पर राजनीतिक हलकों में निराशा, आक्रोश

**नईदिल्ली।** महिला भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक में अयोग्य करार दिये जाने पर देश में राजनीतिक हलकों में तीव्र प्रतिक्रिया हुयी है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक्स पर कहा, ओलंपिक में विनेश फोगाट की हार ने करोड़ों भारतीयों की उम्मीदें जरूर तोड़ दी हैं। उनका खेल करियर शानदार है, जो विश्व चैंपियन को हराने के गौरव से चमक रहा है। यह दुर्भाग्य उनके शानदार करियर में एक अपवाद मात्र है, जिससे मुझे यकीन है कि वह हमेशा की तरह विजेता बनकर वापसी करेगी। हमारी शुभकामनाएं और समर्थन हमेशा उनके साथ है। केन्द्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने फोगाट को भारत की आशा की किरण और देश का गौरव बताते हुये कहा कि आज का आघात पचा पाना मुश्किल है लेकिन ऐसे ही क्षणों में आपकी वास्तविक शक्ति का निखार दिखता है। आपका जुझारूपन आपकी सबसे बड़ी ताकत रही है। श्री रिजिजू ने एक्स पर पोस्ट लिखा, विनेश हमें आप पर पूरा भरोसा है और पूरा भारत आपके साथ खड़ा है तथा आपके हर कदम पर आपका उत्साहवर्द्धन करता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, सरकार को अपील करने के लिए सभी प्रयास करने चाहिए और हमारे चैंपियन को न्याय प्रदान करें। हम लोग आपके साथ हैं विनेश फोगाट और हमारी प्रार्थनाएँ आपके साथ हैं। आपका साहस सदैव प्रेरणादायक है। हमें विश्वास है कि आप अधिक दृढ़ संकल्प के साथ रिंग में वापसी करेंगी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, विश्व विजेता पहलवानों को हरा कर फाइनल में पहुंची भारत की शान विनेश फोगाट को तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## विनेश का अयोग्य घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण उम्मीद है कि देश की बेटी को न्याय मिलेगा: राहुल

**नयी दिल्ली,** (भाषा) लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पहलवान विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक के फाइनल से पहले वजन अधिक होने के कारण अयोग्य करार दिए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए बुधवार को उम्मीद जताई कि भारतीय ओलंपिक संघ इस निर्णय को मजबूती से चुनौती देकर देश की बेटी को न्याय दिलाएगा।



विनेश फोगाट को महिलाओं की 50 किलोग्राम कुश्ती स्पर्धा के फाइनल से पहले वजन अधिक पाये जाने के कारण बुधवार को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

विनेश ने ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रचा था। उन्हें आज देर रात स्वर्ण पदक का मुकाबला खेलना था।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''विश्वविजेता पहलवानों को हरा कर फाइनल में पहुंचीं भारत की शान विनेश फोगाट का तकनीकी आधार पर अयोग्य घोषित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें पूरी उम्मीद है कि भारतीय ओलंपिक संघ इस निर्णय को मजबूती से चुनौती देकर देश की बेटी को न्याय दिलाएगा।''

उन्होंने कहा कि विनेश हिम्मत हारने वालों में से नहीं हैं तथा पूरा भरोसा है कि वह अखाड़े में और अधिक मजबूती से वापसी करेंगी।

राहुल गांधी ने कहा, ''आपने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है विनेश। आज भी पूरा देश आपकी ताक़त बनकर आपके साथ खड़ा है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया कि विनेश का अयोग्य किया जाना बहुत बड़ा 'नफरती षड्यंत्र' है।

सुरजेवाला ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''140 करोड़ भारतवासी स्तब्ध हैं, खेल इतिहास का यह ''काला दिवस'' है। यह एक बहुत बड़ा ''नफरती षड्यंत्र'' है।'' उन्होंने दावा किया, ''पहले, कुश्ती संघ के अध्यक्ष, भाजपा के उस समय के (नरेन्द्र) मोदी जी के चहेते सांसद, बृजभूषण शरण सिंह ने देश की विश्व चैंपियन बेटी को शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना से सताया, फिर भाजपाइयों ने देश की इस बेटी को जंतर मंतर की सड़कों पर पुलिस से घिसटवाया, फिर मोदी सरकार ने इस बेटी पर प्राथमिकी दर्ज करवाई। विनेश ने फिर भी कभी साहस, शौर्य व धैर्य नहीं गंवाया।''

सुरजेवाला ने कहा, ''पेरिस ओलंपिक में विनेश ने विश्व की अजेय पहलवान यूई सुसाकी व दो और चैंपियन पहलवानों को हराया व देश का तिरंगा लहराया, पर षड्यंत्रकारियों को यह भी रास नहीं आया।'' उन्होंने सवाल किया, ''कौन है जिसे विनेश फोगाट की जीत हज़म नहीं हुई ?

## सीबीआई ने दिल्ली में कोचिंग सेंटर में अभ्यर्थियों की मौत के मामले की जांच का जिम्मा संभाला

**नयी दिल्ली,** (भाषा) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर की इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण सिविल सेवा परीक्षा के तीन अभ्यर्थियों की मौत के मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया है और संस्थान के मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद दिल्ली पुलिस से मामले की जांच अपने हाथों में ले ली है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने तय प्रक्रिया के तहत 'राऊज आईएएस स्टडी सर्कल' के मालिक अभिषेक गुप्ता के खिलाफ दोबारा मामला दर्ज किया है। दिल्ली में 27 जुलाई को भारी बारिश के बाद, ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में स्थित इस कोचिंग सेंटर की इमारत के 'बेसमेंट' में पानी भर जाने के कारण सिविल सेवा परीक्षा के तीन अभ्यर्थियों--उत्तर प्रदेश की श्रेया यादव (25), तेलंगाना की तान्या सोनी (25) और केरल के नेविन डेल्विन की डूबने से मौत हो गई थी।

## भाजपा ने तिहाड़ जेल के बाहर प्रदर्शन किया, अरविंद केजरीवाल से मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की मांग की

**नयी दिल्ली,** (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कथित आबकारी नीति घोटाले पर आधारित भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की गयी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा बरकरार रखे जाने के बाद उनके (केजरीवाल के) इस्तीफे की मांग करते हुए यहां तिहाड़ जेल के बाहर प्रदर्शन किया।




प्रदर्शन के दौरान हाथों में तख्तियां लिये भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिहाड़ जेल के बाहर नारेबाजी की। केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कथित आबकारी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की गयी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को बरकरार रखा था। उच्च न्यायालय ने इसी के साथ उनकी जमानत याचिका निस्तारित कर दी थी और उन्हें राहत के लिए अधीनस्थ अदालत जाने की छूट दी थी। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली में विपक्षी पार्टी नाटक कर रही है क्योंकि वे जानते हैं कि लोग एक बार फिर विधानसभा चुनावों में उन्हें सबक सिखाएंगे।

शासन-प्रशासन के पंगु हो जाने का दावा करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि इस आदेश के बाद केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की हठ करने के बजाय तत्काल अपने पद से हट जाना चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया, ''आप सरकार का कोई भी मंत्री किसी भी मुद्दे की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है और वे अधिकारियों पर दोष मढ़ने में व्यस्त हैं। भ्रष्टाचार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है और दिल्ली के लोग इस अप्रिय स्थिति में पिस रहे हैं।'' हालांकि, 'आप' ने दावा किया कि दिल्ली के लोगों ने माना है कि केजरीवाल एक ईमानदार नेता हैं।

सत्तारूढ़ दल ने दावा किया, ''उन्होंने (केजरीवाल ने) एक ईमानदार सरकार दी है, जो दिल्ली के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए कई सुविधाएं प्रदान कर रही है जबकि अधिशेष बजट बनाए रखे हुए है।''

'आप' ने दावा किया कि दो वर्ष की जांच, अनगिनत पूछताछ, 500 से अधिक पन्नों का आरोपपत्र और 'आप' नेताओं के पीछे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भेजकर कई गिरफ्तारियों के बाद भी एक भी रुपया नहीं मिला है।

पार्टी ने दावा किया, ''ईडी अदालत ने स्पष्ट निष्कर्ष दिया कि मुख्यमंत्री के खिलाफ एक भी सबूत नहीं मिला है। यहां तक कि उच्चतम न्यायालय ने भी जमानत दे दी है। भाजपा द्वारा एजेंसियों का दुरुपयोग करने के कारण ही मुख्यमंत्री की जेल से रिहाई में देरी हुई है।''

केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में बंद थे। मुख्यमंत्री को ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। उन्हें 20 जून को धनशोधन मामले में अधीनस्थ अदालत से जमानत मिल गई थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने अधीनस्थ अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी। बाद में 12 जुलाई को उच्चतम न्यायालय ने भी उन्हें धनशोधन मामले में अंतरिम जमानत दे दी थी।

# कर्नाटक में काली नदी पर स्थित पुल ढहा, यातायात अवरूद्ध

**पणजी/कारवार,** (भाषा) कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में काली नदी पर स्थित एक पुराना पुल मंगलवार देर रात ढह गया, जिसके परिणामस्वरूप गोवा को इस पड़ोसी राज्य से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर यातायात अवरूद्ध हो गया।



कारवार पुलिस ने बताया कि पुराने पुल का एक बड़ा हिस्सा रात करीब डेढ़ बजे उस समय ढह गया, जब एक ट्रक वहां से गुजर रहा था। पुल ढहने से वाहन नदी में गिर गया।

उसने बताया कि इस घटना में वाहन चालक घायल हो गया और उसकी पहचान तमिलनाडु निवासी बाला मुरुगन के रूप में हुई है।

अधिकारियों के अनुसार, लगभग एक दशक पहले एक नये पुल के निर्माण के बाद इस पुल का इस्तेमाल गोवा आने-जाने वाले वाहनों के लिए किया जा रहा था।

पुलिस ने बताया कि ट्रक कारवार की ओर जा रहा था, लेकिन पुल ढहने से वह नदी में गिर गया। रात्रि गश्ती दल ने पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना दी।

कारवार के पुलिस अधीक्षक एम नारायण ने कहा, "हमारे रात्रि गश्ती दल ने पुल ढहने की सूचना नियंत्रण कक्ष को दी। पुल ढह जाने के कारण ट्रक नदी में गिर गया। स्थानीय मछुआरों ने हमारे दल के साथ मिलकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।"

उन्होंने कहा, "वाहन चालक को कारवार आयुर्विज्ञान संस्थान एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत में सुधार हो रहा है।"

कारवार पुलिस ने बताया कि काली नदी पर स्थित पुराने पुल के ढहने के बाद बुधवार तड़के नये पुल पर यातायात कुछ देर के लिए रोक दिया गया। हालांकि, बाद में भारी वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों को आवाजाही की अनुमति दे दी गई।

कारवार के पुलिस अधीक्षक ने एक बयान में कहा, "पुल ढहने के कारण काली नदी पर बने नये पुल पर केवल हल्के वाहनों को ही जाने की अनुमति दी गई है, जबकि भारी वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई है।"

गोवा के कैनाकोना पुलिस थाने के प्रभारी हरीश राउत देसाई ने बताया कि नये पुल पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया गया था, क्योंकि पुराने पुल के ढह जाने के बाद कर्नाटक के अधिकारी इस बात की जांच कर रहे थे कि नया पुल यातायात का अधिक बोझ सहन कर पाने में सक्षम है या नहीं। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इस घटना के बाद उत्तर कन्नड़ की जिलाधिकारी लक्ष्मी प्रिया के. को फोन किया और उन्हें जिले के सभी पुलों और सड़कों की मजबूती सुनिश्चित करने तथा जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए एहतियात बरतने के निर्देश दिए।

नये पुल की मजबूती की तुरंत जांच करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को एक आधिकारिक पत्र भी भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि कारवार और सदाशिवगढ़ को जोड़ने वाला काली नदी पर स्थित पुराना पुल सात अगस्त को देर रात 1.30 बजे ढह गया।

पत्र में कहा गया है कि "कोई और दुर्घटना को रोकने के लिए काली नदी पर बने नये पुल की मजबूती की जांच करने की तत्काल आवश्यकता है।" इसमें बताया गया है कि उत्तर कन्नड़ की जिलाधिकारी ने एनएचएआई होन्नावारा के क्षेत्रीय अधिकारी को आदेश दिया कि वे नये पुल की मजबूती की जांच सुनिश्चित करने और इसके संबंध में रिपोर्ट सौंपने के प्रयासों का तुरंत समन्वय और नेतृत्व करें। यह आदेश आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 33 और 34 के तहत दिया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर 'वोकल फॉर लोकल' की प्रतिबद्धता दोहराई

**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की शुभकामनाएं दीं और इस अवसर पर 'वोकल फॉर लोकल' के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की शुभकामनाएं! हमें अपने देश में हथकरघा की समृद्ध विरासत और जीवंत परंपरा पर बहुत गर्व है। हम अपने कारीगरों के प्रयासों को भी संजोते हैं और 'वोकल फॉर लोकल' की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।''

प्रधानमंत्री देश की कला और शिल्प कौशल की समृद्ध परंपरा को जीवित रखने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को प्रोत्साहन व नीतिगत समर्थन देने के दृढ़ समर्थक रहे हैं।

इस दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, सरकार ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाना शुरू किया। पहला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस सात अगस्त 2015 को मनाया गया था। स्वदेशी आंदोलन के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में इस तारीख को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाने के लिए चुना गया था।

# एअर इंडिया, इंडिगो की विशेष उड़ान से ढाका से स्वदेश लाए गए 400 लोग

**नयी दिल्ली,** (भाषा) एअर इंडिया और इंडिगो ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के लिए विशेष उड़ानें संचालित कीं, जिनके जरिये 400 से अधिक लोगों को भारत लाया गया।



एक अधिकारी ने बताया कि एअर इंडिया की एक विशेष उड़ान से बुधवार सुबह छह बच्चों समेत 205 लोगों को भारत लाया गया।

इंडिगो ने एक बयान में कहा कि बांग्लादेश से भारतीय नागरिकों को वापस लाने गए इंडिगो के विशेष विमान ने मंगलवार को ढाका से कोलकाता के लिए उड़ान भरी।

एअर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि ए321 नियो विमान से संचालित चार्टर्ड उड़ान मंगलवार रात ढाका से रवाना हुई थी और इसके जरिये छह बच्चों व 199 वयस्कों सहित 205 लोगों को बुधवार सुबह भारत लाया गया। घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारी ने कहा कि एअर इंडिया ने ढाका में हवाई अड्डे पर बुनियादी ढांचा संबंधी चुनौतियों के बावजूद बेहद कम समय में विशेष उड़ान का संचालन किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली से उड़ान भरने वाले इस विमान में कोई यात्री नहीं था।

वहीं, इंडिगो ने एक बयान में कहा, ''ढाका हवाई अड्डे के अस्थायी रूप से बंद होने के बाद इंडिगो ने छह अगस्त 2024 को ढाका से कोलकाता के लिए विशेष उड़ान 6ई 8503 संचालित की। यह उड़ान बांग्लादेश से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए संचालित की गई।'' मामले से अवगत एक सूत्र ने बताया कि इंडिगो की विशेष उड़ान से 200 से अधिक लोगों को ढाका से कोलकाता लाया गया।

एयरलाइन ने यह भी कहा कि भारत और ढाका के बीच उड़ानों का संचालन बुधवार को फिर से शुरू होगा और उसने सभी प्रभावित लोगों से संपर्क किया है, साथ ही उन्हें वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था की पेशकश की है।

इंडिगो ढाका के लिए दिल्ली, मुंबई और चेन्नई से एक दैनिक उड़ान, जबकि कोलकाता से दो दैनिक उड़ान संचालित करती है।

एअर इंडिया दिल्ली से ढाका के बीच अपनी दो दैनिक उड़ानों का संचालन बुधवार से बहाल करेगी। मंगलवार को विमानन कंपनी ने बांग्लादेश की राजधानी के लिए अपनी सुबह की उड़ान रद्द कर दी थी, लेकिन शाम की उड़ान को तय समय पर रवाना किया था।

विस्तारा भी बुधवार से तय समयसारिणी के अनुसार ढाका के लिए उड़ानों का संचालन करेगी। विस्तारा ढाका के लिए मुंबई से दैनिक उड़ानों, जबकि दिल्ली से हफ्ते में तीन उड़ानों का संचालन करती है। वहीं, इंडिगो ढाका के लिए आमतौर पर दिल्ली, मुंबई और चेन्नई से रोजाना एक-एक उड़ान, जबकि कोलकाता से दो उड़ानों का संचालन करती है। बांग्लादेश विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ कई हफ्तों से जारी हिंसक प्रदर्शनों के बीच, पिछले 15 साल से सत्ता में रहीं शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अचानक इस्तीफा देने और देश छोड़कर चले जाने के कारण अभूतपूर्व राजनीतिक संकट से जूझ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएफओ से वन तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी, एजेंसी।** तराई केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर के गदगदिया रेंज के वनकर्मियों ने रेंजर के माध्यम से डीएफओ को ज्ञापन देकर वनकर्मियों पर हमला करने वाले लकड़ी तस्करों पर कार्रवाई की मांग की है। कहा कि दो अगस्त को 20-25 वन तस्करों ने वन सुरक्षा दल व बरहैनी रेंज के स्टाफ पर हमला किया और वन दरोगा को बंधक बना लिया। वन तस्कर सुरक्षा दल के वाहन को भी अपने साथ ले गए। इससे पहले भी बरहैनी रेंज में वनतस्कर कर्मचारियों से झड़प करते रहे हैं। दो सितंबर 2023 को वन गुर्जरों ने अतिक्रमण हटाने गई वन टीम पर हमला किया था। 21 जून 2019 को वन तस्करों ने महोला वन क्षेत्र में बीट वॉचर बहादुर सिंह चौहान की हत्या कर दी थी। कहा गदगदिया रेंज में वन तस्कर संगठित होकर घुसपैठ कर रहे हैं, ऐसे में मुठभेड़ होने पर अनहोनी की आशंका है। वन तस्करों के बढ़ते हमलों से वनकर्मियों का मनोबल टूट रहा है और कर्मचारियों को जानमाल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने वन तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में वन दरोगा राजेंद्र सिंह नेगी, आनंद बल्लभ पंत, पूरन सिंह मेवाड़ी, राजेंद्र प्रसाद, प्रदीप कुमार कंबोज, नवल किशोर, प्रमोद जोशी आदि रहे।

### सड़े गले पोल बदलने के चलते बिजली रही गुल

**नैनीताल, एजेंसी।** मल्लीताल में जर्जर और क्षतिग्रस्त पोल बदलने के चलते क्षेत्र में पूरे दिन बिजली गुल रही। बिजली नहीं आने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। देर शाम विद्युत आपूर्ति बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बता दें कि नैनीताल में इन दिनों सड़े-गले और क्षतिग्रस्त पोलों को बदलने का काम किया जा रहा है। सोमवार को मल्लीताल मस्जिद के पास क्षतिग्रस्त पोल को बदला गया। पोल बदलने के दौरान पूरे दिन क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप रही। वहीं पोल बदलने के दौरान सड़क पर फैले तारों से मस्जिद तिराहे तक लोगों और वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि शाम पांच बजे तक पोल को बदलने का काम किया गया जिस कारण आपूर्ति ठप करनी पड़ी।

### आपदा में क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की नहीं हो सकी मरम्मत

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले में पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि के दौरान क्षतिग्रस्त हो चुकी पेयजल योजनाओं की अभी तक मरम्मत नहीं हो सकी है। इस कारण हजारों लोगों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जल निगम ने हालांकि पेयजल योजनाओं को हुए नुकसान के आकलन की कवायद शुरू कर दी है। अल्मोड़ा जिले में अतिवृष्टि ने जमकर कहर मचाया। नदी नालों के उफान पर आने के कारण कई पेयजल योजनाओं को नुकसान पहुंचा है। अकेले जल निगम अल्मोड़ा डिवीजन की सर्प, ल्वेटा, अधुरिया, खाड़ी सुनार गांव, सुनौली, जाल धौलाड़ व झलोली गांवों की योजनाएं बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थीं। विभाग के अधिकारियों की मानें तो निगम जल्द ही इन योजनाओं को दुरुस्त करने का काम शुरू कर देगा।

### घर में अकेले युवती से छेड़छाड़ का प्रयास, आरोपित बोला- मुझे गुलाब का फूल दो

**हल्द्वानी, एजेंसी।** शहर में छेड़छाड़ व दुष्कर्म के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कुछ दिन पहले बनभूलपुरा निवासी एक युवक ने टेंपो में किशोरी से दुष्कर्म किया था। दो दिन पहले मुखानी में पूर्व पूर्ति निरीक्षक ने मासूम से छेड़छाड़ की। अब काठगोदाम क्षेत्र में कारपेंटर ने युवती से छेड़छाड़ का प्रयास किया। युवती ने गुलाब का फूल मांगा। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध छेड़छाड़ की धारा में प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी एक युवक ने पुलिस को बताया कि चार अगस्त को उनकी बहन घर में अकेली थी। इस बीच चंबल पुल के पास राशिद फर्नीचर की दुकान में काम करने वाला अयान घर में आया और बहन को दरवाजे व खिड़की से गलत नजर से देखने लगा। आरोपित ने बहन का मोबाइल नंबर व इंस्टाग्राम आइडी मांगी। बोला कि उसे गुलाब दे।

# मंदाकिनी नदी का तीखा ढलान का तेज बहाव

## केदारनाथ क्षेत्र में भू-कटाव का बन रहा बड़ा कारण

**देहरादून, एजेंसी।**
चोराबाड़ी से गौरीकुंड तक 18 मीटर वर्टिकल ढलान पर मंदाकिनी नदी बह रही है। बारिश में उफान पर बहती नदी से व्यापक स्तर पर भू-कटाव हो रहा है।

चोराबाड़ी ग्लेशियर से निकलने वाली मंदाकिनी नदी का तीखा ढलान और तेज बहाव केदारनाथ क्षेत्र में भू-कटाव का सबसे कारण बन रहा, जिससे भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। बारिश होते ही मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही वेग अधिक हो गया है।

उद्गम स्थल से गौरीकुंड तक करीब 20 किमी क्षेत्र में नदी संकरी घाटी से होकर गुजर रही है, जहां कुछ देर की बारिश में जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे भू-कटाव अधिक होने से भूस्खलन की घटनाएं भी प्रतिवर्ष बढ़ रही हैं। बावजूद इसके यहां सुरक्षा के ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं।

गढ़वाल विवि के भू-विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. यशपाल सुंदरियाल ने बताया, नदी उद्गम स्थल से नदी का स्पान कम होने के साथ ही ढलान भी है, जो केदारनाथ तक समान है। लेकिन, केदारनाथ से गौरीकुंड तक मंदाकिनी नदी अत्यधिक ढलान के साथ संकरी घाटी में बहती है, जिससे इसका वेग अधिक है। हिमालय क्षेत्र से



निकलने वाली नदियों में मंदाकिनी अपने शुरुआती मार्ग में सबसे अधिक ढलान पर बह रही है। मंदाकिनी नदी लगभग 94 किमी का सफर तय कर रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी से मिलती है।

बताया, नदी अपने शुरुआती 20 किमी क्षेत्र में चोराबाड़ी ग्लेशियर से गौरीकुंड तक संकरी वी-आकार की घाटी के साथ ही करीब 18 मीटर वर्टिकल ढलान में बह रही है, जो इसके वेग को रफ्तार देता है। तीखा ढलान व संकरी घाटी से कुछ देर की बारिश में नदी का जलस्तर बढ़ जाता है। ग्रीष्मकाल से बरसात तक नदी केदारनाथ से गौरीकुंड तक खतरे के निशान पर बहती है, जिससे पूरे क्षेत्र में व्यापक स्तर पर भू-कटाव भी हो रहा है।

सुंदरियाल के मुताबिक, जून 2013 की आपदा के बाद से मंदाकिनी नदी के बहाव और रफ्तार में तेजी आई है, जिससे क्षेत्र में भू-कटाव भी तेजी से हो रहा है। नदी तल से लगातार भू-कटाव से केदारनाथ से गरुड़चट्टी और बेस कैंप से रामबाड़ा क्षेत्र तक भूस्खलन हो रहा है। 31 जुलाई की देर शाम को बादल फटने से मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने से बहाव में तेजी आई।

इससे जगह-जगह जमीन कटी और पैदल मार्ग कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हुआ है। नदी के उफान का असर गौरीकुंड से लेकर सोनप्रयाग तक भी हुआ है, जिससे यहां हाईवे सहित नदी किनारे भारी कटाव हुआ है। आपदा के बाद मंदाकिनी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए सर्वेक्षण कर केदारनाथ से रुद्रप्रयाग तक फ्लड जोन चिह्नित किए गए थे, जहां पर सिंचाई विभाग के जरिए सुरक्षा कार्य होने थे, लेकिन 11 साल बीतने के बाद भी ऐसा नहीं हो सका।

केदारनाथ वी-आकार की घाटी में बसा है, जहां वर्षभर में अधिकांश समय बारिश होती है। बादलों में अत्यधिक नमी होने से वह कम ऊंचाई पर होते हैं, जिससे अक्सर बारिश होती है। कई बार एक ही स्थान पर बादलों का समूह अत्यधिक नमी से अपेक्षाकृत ऊंचाई तक नहीं पहुंच पाता है, जिससे एक ही स्थान पर भारी से भारी बारिश होने लगती है, जो बादल फटना कहलाती है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद युवक ने लड़की से किया दुष्कर्म

**रुद्रपुर, एजेंसी।** किशोरी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवक ने उसे घर बुलाया। वहां नशीला कोल्ड ड्रिंक पिला किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। बाद में नग्न फोटो खींच रेशमबाड़ी निवासी दोस्त को भेज दी।

इंटरनेट मीडिया में फोटो वायरल करने की धमकी देकर आरोपित के दोस्त ने भी होटल ले जाकर पीड़िता से दुष्कर्म किया। अब आरोपित का भदईपुरा निवासी दोस्त भी पीड़िता से मिलने का दबाव बना रहा है।

मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शहर निवासी व्यक्ति ने बताया कि डेढ़ साल पहले उसकी पुत्री की किच्छा सिसई बंडिया निवासी मुनाजिर पुत्र नाजिम से इंस्टाग्राम में जान पहचान हुई।

एक माह पहले मुनाजिर ने उसकी पुत्री को मिलने के लिए किच्छा बुलाया। इसके बाद वह उसे अपने घर ले गया, जहां कोई नहीं था। इस दौरान आरोपित ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई, जिससे उसकी पुत्री अर्द्ध बेहोश हो गई। आरोप है कि अर्द्ध बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म कर मोबाइल पर नग्न फोटो खींची गई। बाद में किसी से शिकायत करने पर फोटो इंटरनेट मीडिया में वायरल करने की धमकी दी गई। सायं तीन बजे बाद घर पहुंची पुत्री ने इस बारे में किसी को कुछ नहीं बताया।

पीड़ित के अनुसार आरोपित ने उसकी पुत्री की फोटो बाद में रेशमबाड़ी निवासी साहिल उर्फ मुनीम पुत्र मुबारक अली को भेज दी, जिसने फोन पर धमकी देकर उसे झील के पास बुलाया। वहां से वह उसे बाइक पर बैठाकर होटल ले गया, जहां दुष्कर्म किया गया। इस घटना के बाद से उसकी पुत्री अवसाद में है।

पीड़ित ने बताया कि अब साहिल ने उसकी पुत्री की नग्न फोटो भदईपुरा निवासी मोहित उर्फ चुटकी पुत्र मनोज को भेज दी। वह भी उसकी पुत्री को मिलने के लिए धमका रहा है। नहीं मिलने पर फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है।

पुत्री को परेशान देखकर जब उन्होंने पूछताछ की तो उसने सारी घटना बताई। उन्होंने पुलिस से आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि तीनों आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## बारिश के बाद जगह-जगह जलभराव...घरों, दुकानों और गलियों में भरा पानी; एसडीआरएफ ने लोगों को किया रेस्क्यू



**ऊधम सिंह नगर , एजेंसी।** रुद्रपुर में 12 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। बारिश से कल्याणी नदी उफान पर है। मुखर्जीनगर और जगतपुरा के निचले इलाकों में जलभराव हो गया है, सड़क पर पानी भरे होने से लोगों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रुद्रपुर में लगातार हो रही बारिश से लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया है। साथ ही जगह-जगह गलियों में कमर-कमर तक पानी भर गया है। जिसके बाद एसडीआरएफ की ओर से लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

वहीं, भारी बारिश के चलते जगतपुरा वार्ड नंबर चार, शक्ति विहार, आजाद नगर एवं तीन पानी डेम में जलभराव हो गया है। ज्यादा जलभराव होने से और सुरक्षा के दृष्टिगत जगतपुरा से 250 लोगों को बालिका विघा मंदिर जगतपुरा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय आवास विकास एवं भंडारी कांवेन्ट स्कूल, जगतपुरा में ठहराया गया है।

आजादनगर क्षेत्र में जलभराव से प्रभावित 40 परिवार के लोगों को एसडीआरएफ जिला प्रशासन एवं पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई कर सुरक्षित स्थान में रखा गया है। चंपावत में भी 12 घंटे से बारिश जारी है। बारिश के कारण टनकपुर एनएच पर मलबा आने से यातायात बाधित हो गया है। एनएच बंद होने से सैकड़ों वाहन फंस गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार स्वाला समेत कई स्थानों पर भारी मात्रा में मलबा आया है।

### स्ट्रीट लाइट सुधरवाओ, फॉगिंग भी कराओ

**हल्द्वानी, एजेंसी।** स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, सफाई और फॉगिंग कराने की मांग को लेकर कई निर्वतमान पार्षद नगर निगम दफ्तर पहुंच गए। उन्होंने नगर आयुक्त का घेराव कर दिया। कहा कि अगर स्ट्रीट लाइटें सहीं नहीं करा सकते तो इन्हें उखड़वा दो। नगर आयुक्त ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

गौजाजाली, बरेली रोड के निर्वतमान पार्षदों ने आरोप लगाया कि उनके वार्डों में सभी जगह स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हैं, पिछले दिनों जो लाइटें लगाई थीं उनमें कई खराब हो गई हैं। जब से निगम बोर्ड भंग हुआ है, जब से अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। उन्हें जानकारी दिए बिना ही एक-दो गली में फॉगिंग कराकर खानापूर्ति की जा रही है। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने जल्द स्ट्रीट लाइटें सही कराने, फॉगिंग का रोस्टर जारी करने और नियमित सफाई का आश्वासन दिया। इस दौरान निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी, मनोज मठपाल, रईस अहमद, धर्मवीर डेविड, रमेश चौहान, करन आदि मौजूद रहे।

# नौ साल के छात्र से दुष्कर्म के दोषी शिक्षक को 20 साल की सजा, 40 हजार का जुर्माना

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
जसपुर में ट्यूशन पढ़ने आए नौ साल के छात्र से दुष्कर्म के दोषी शिक्षक को अदालत ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जसपुर में ट्यूशन पढ़ने आए नौ साल के छात्र से दुष्कर्म के दोषी शिक्षक को अदालत ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जानकारी के अनुसार बीते चार अक्तूबर 2021 को जसपुर थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा था कि उनका नौ साल का बेटा ग्राम नादेही जसपुर निवासी कौशल कुमार के पास डेढ़ माह से ट्यूशन पढ़ने जा रहा था। शाम को ट्यूशन पढ़ने के बाद बेटा डरा-सहमा घर पहुंचा। पूछने पर उसने शिक्षक की ओर से डरा धमकाकर दुष्कर्म करने की बात बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पांच अक्टूबर 2021 को आरोपी कौशल कुमार को घर के बाहर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ की अदालत में हुई थी। विशेष लोक अभियोजक ने अदालत के सामने छह गवाह और सबूत पेश कर कौशल पर आरोप सिद्ध कर दिए।

## सौर सक्रियता ने तोड़ा 23 सालों का रिकार्ड

**नैनीताल, एजेंसी।** 25वें सौर चक्र में सूरज की गतिविधियां उफान पर हैं। इस वर्तमान चक्र में सूर्य की सतह पर उठ रही सौर भभूकाएं और विस्फोट पिछले 23 साल में सर्वाधिक हो चुके हैं। अक्टूबर 2025 तक यह चक्र चरम पर रहेगा। ऐसे में सनस्पाट के साथ जन्म लेने वाली ज्वालाएं पिछली सदी के भी रिकार्ड तोड़ सकती हैं। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर विज्ञानी डॉ. वहाबउद्दीन ने बताया कि वर्तमान 25वां सौर चक्र अपेक्षा से कहीं अधिक छलांग लगा रहा है। सूर्य की सतह पर आए दिन विस्फोट हो रहे हैं और जबरदस्त ज्वालाएं भड़क रही हैं। तीन-चार अगस्त को भी दो विस्फोट हुए हैं। जिनमें मध्यम (एम) श्रेणी की दो ज्वालाएं उठी हैं। आने वाले दिनों में भी विस्फोटों का दौर जारी रहने का अनुमान है। सनस्पाट की संख्या 23 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। जिस तरह 2001 में सनस्पाट सक्रिय थे, उसी तरह 2024 में भी नजर आ रहे हैं। सूर्य पर नजर रखने वाली स्पेस एजेंसी रायल आब्जर्वेटरी आफ बेल्जियम के सोलर इन्फ्लुएंस डेटा एनालिसिस सेंटर के अनुसार इस बार जुलाई में औसत सनस्पाट की संख्या 196.5 दर्ज की गई। इसी तरह की स्थिति दिसंबर 2001 में देखी गई थी। वर्तमान सौर चक्र दिसंबर 2019 में शुरू हुआ था और तब विशेषज्ञों ने अनुमान जताया था कि यह सौर चक्र 24वें चक्र की तरह कमजोर रहेगा। मगर इसने पूर्वानुमान गलत साबित कर दिया।

## रुड़की एआरटीओ कार्यालय के बाहर किसानों ने अपनी मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन, परिवहन अधिकारी से हुई धक्का मुक्की

**रुड़की, एजेंसी।** उत्तराखंड के रुड़की एआरटीओ कार्यालय के बाहर किसानों द्वारा अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसानों ने परिवहन कर अधिकारी के साथ जमकर धक्का मुक्की भी की। वहीं इस मामले में जमकर हंगामा हुआ, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल, बीती 8 अगस्त को भारतीय किसान यूनियन तोमर के कार्यकर्ताओं ने एआरटीओ कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप था कि पिछले कई दिनों से आरटीओ कार्यालय की टीम किसानों के वाहनों को पकड़कर उनके चालान काट रही है। इस मामले में नारेबाजी कर हंगामा करते हुए किसानों ने



चालान का विरोध जताया। परिवहन कर अधिकारी अनिल नेगी को किसान नेताओं ने पकड़ लिया और खींचातानी करते हुए अपने साथ ले जाने लगे, जिसके बाद मौके पर मौजूद सिविल लाइंस कोतवाली एसएसआई अभिनव शर्मा, हैड कांस्टेबल गुलशन और प्रवीन आदि पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए किसान नेताओं के कब्जे से परिवहन कर अधिकारी को छुड़ाया।

वहीं इस पूरे मामले में उप संभागीय परिवहन अधिकारी एल्विन रॉक्सी ने कहा कि किसान यूनियन तोमर ने एआरटीओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया था। इसके साथ ही किसान नेताओं ने बहुत उग्र प्रदर्शन किया, जो कि सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस दौरान परिवहन कर अधिकारी के साथ खींचातानी भी की गई और अभद्रता की गई, जिसके बाद ज्ञापन दिया गया। उन्होंने कहा कि ज्ञापन की समस्याओं का संज्ञान लिया जाएगा। साथ ही साथ जिस अधिकारी के साथ अभद्रता की गई है, उनसे वार्तालाप करके अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### चकलुवा नाले के पास 24 घंटे जेसीबी रखें तैनात - भगत

**कालाढूंगी** [illegible] धर भगत ने शानवार का चकलुवा में बरसाती निहाल नाले के पानी से ध्वस्त हुई पुलिया और सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को दो सप्ताह के भीतर बैली ब्रिज निर्माण करने के निर्देश दिए।

विधायक ने यातायात सुचारू करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने और बरसात 24 घंटे जेसीबी खड़ी करने के निर्देश दिए हैं। बीते दिनों बारिश के चलते निहाल नदी ऊफान पर थी। इसके चलते हल्द्वानी-रामनगर राजमार्ग पर चकलुवा के पास पुलिया और सड़क बह गई थी।

# पटवारी ने लिया आपदा से हुए नुकसान का जायजा

**भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।** ग्राम पंचायत जंगलियागांव में शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश से हुए नुकसान का रविवार को पटवारी चंद्रा गोस्वामी ने निरीक्षण किया। पटवारी ने क्षेत्र के शिमाला निवासी विपिन चंद्र के मकान के ऊपर आए मलबे से हुए नुकसान की जानकारी ली।

साथ ही हरीश चंद्र के मकान की क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार, फसलों को हुए नुकसान और चनर राम के मकान का भी निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। पटवारी ने विपिन चंद्र से परिवार और मवेशियों को अन्य सुरक्षित जगहों पर रखने को कहा। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने बताया बारिश से लोगों के मकानों और कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के साथ पिटौला नाले से शिमाला की ओर आ रहे मलबे को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। वहां प्रेम सिंह कुल्याल, ललिल मोहन आर्य, विपिन चंद्र, सुरेश चंद्र, हरीश चंद्र, शंकर लाल, पीतांबर आर्य आदि थे। नगर में दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा। रविवार को सुबह से शाम तक बादलों की आंखमिचौली होती रही लेकिन बारिश नहीं हुई।

# पहाड़ी से भारी मलबा गिरने पर बाल-बाल बची लोगों की जान

### बद्रीनाथ एनएच गोचर में कमेड़ा मार्ग बंद

**चमोली, एजेंसी।**
उत्तराखंड में मानसून की सक्रियता ने भारी तबाही मचा रखी है। लोगों का जीवन असत-व्यस्त हो चुका है। पहाड़ों से भरभराकर मलबा गिरने से रास्ते भी प्रभावित हो रहे है। इसी बीच बद्रीनाथ नेशनल हाईवे गोचर के कमेड़ा नामक स्थान में पहाड़ी से मलबा और बोल्डर आने के कारण मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है। इस दौरान बीच मार्ग से गुजर रहे एक यात्री वाहन पर मलबा गिरने की खबर सामने आई है। वहीं गनीमत रही कि इसमें बैठी सवारी बाल-बाल बच गई। जानकारी के अनुसार, एक



यात्री वाहन गोचर की कमेड़ा नामक स्थान को पार कर रहा था। तभी पहाड़ी से अचानक पत्थर और बोल्डरों की बरसात होने लगी। इस दौरान बोल्डरों की चपेट में आने से वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है लेकिन इसमें बैठे लोग सुरक्षित बताए जा गए।

### राजकीय इंटर कॉलेज में शिक्षक ने छात्रा से की छेड़छाड़, अभिभावकों ने जमकर किया हंगामा

**उधमसिंह नगर, एजेंसी।** उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के राजकीय इंटर कॉलेज के एक शिक्षक द्वारा छात्राओं से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इसके बाद अभिभावकों ने कॉलेज में जमकर हंगामा किया। वहीं इस मामले में पुलिस को तहरीर सौंपी गई है। पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। कॉलेज की कई छात्राओं ने कॉलेज के ही एक शिक्षक पर अश्लील बाते करने का आरोप लगाया है। आरोपी शिक्षक छात्राओं को अकेला स्टाफ रूम में बुलाता था और छात्राओं को घूमने के लिए दबाव डालता था। इसी बीच तीन अगस्त को कक्षा 11 में पढ़ने वाली एक छात्रा रोते-रोते घर पहुंची और उसने परिजनों को टीचर की हरकतों की जानकारी दी। इसके बाद छात्रा के परिजनों समेत अन्य लोग कॉलेज पहुंचे और टीचर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया।

# शोरूम, शॉपिंग कांप्लेक्स के सामने सड़क पर खड़े किए वाहन तो होगा चालान

**हल्द्वानी, एजेंसी।** शोरूम, शॉपिंग कांप्लेक्स और रेस्टोरेंट के सामने वाहन खड़े हो रहे हैं। इससे सड़क पर अक्सर जाम लग रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए परिवहन विभाग ने तैयारी की है। अब परिवहन विभाग ऐसे वाहनों के चालान काटेगा, साथ ही इसकी फोटो खींचकर संस्थान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीएम को भी पत्र भेजेगा। सोमवार को आरटीओ ने सभी प्रवर्तन टीमों को पत्र भेजकर इस संबंध में आदेश दिए हैं।

अमर उजाला ने सोमवार को बड़े मॉल, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानों के आगे खड़े वाहनों से लग रहा है जाम शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसमें उल्लेख किया गया था कि नो पार्किंग जोन चिह्नित होने के बाद भी वाहन सड़कों पर खड़े हो रहे हैं। आरटीओ (प्रशासन) संदीप सैनी ने इस समस्या का संज्ञान लिया। उन्होंने प्रवर्तन टीमों को निर्देशित किया है कि वे कांप्लेक्स, मिठाई की दुकानों के आगे सड़क पर खड़े वाहनों का चालान करने की कार्रवाई करें। साथ ही इसकी फोटो भी खींचे। कहा कि इसके बाद रिपोर्ट डीएम को भेजी जाएगी जिसमें ऐसे शोरूम और संस्थान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने की संस्तुति भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी टीम प्रतिदिन चालान काट रही है। नैनीताल रोड के दोनों ओर बस और वाहन खड़े किए जा रहे हैं। जब परिवहन विभाग की टीम ने इनका सर्वे किया तो पाया गया कि केएमओयू, प्राइवेट और स्कूल की बसें सड़क किनारे खड़ी हो रही हैं। आरटीओ ने बताया कि बुधवार को इन सभी ऑपरेटर्स के साथ एक बैठक की जाएगी। इसमें सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में नैनीताल रोड को भारी वाहनों की पार्किंग से मुक्त रखने पर वार्ता की जाएगी।

# आप सांसद राघव चड्ढा का केंद्र सरकार से आग्रह, श्री ननकाना साहिब तक कॉरिडोर बनाने के लिए पाकिस्तान से की जाए बात

## भारत सरकार को श्री करतारपुर कॉरिडोर की तरह ही श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर को बनाने के लिए कूटनीति का इस्तेमाल करना चाहिए

- श्रद्धालुओं के लिए पासपोर्ट, वीजा और जटिल फॉर्म भरने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए और उनसे शुल्क भी न लिया जाए- राघव चड्ढा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को राज्यसभा में श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर का मुद्दा उठाया। राघव चड्ढा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि केंद्र सरकार श्री करतारपुर कॉरिडोर की तरह श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर के लिए भी एक सुरक्षित कॉरीडोर बनाने के लिए पाकिस्तान सरकार से बात करे।

आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में केंद्र सरकार से श्री ननकाना साहिब के लिए एक कॉरीडोर बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह मामला करोड़ों पंजाबियों की आस्था से जुड़ा है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे इस सदन में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। पंजाब एक ऐसा राज्य है, जिसकी भूमि गुरु साहिबान की कृपा से पवित्र है। 1947 में जब देश का बंटवारा हुआ, तब न सिर्फ देश दो हिस्सों में बंट गया, बल्कि हमारा पंजाब भी दो हिस्सों में बंट गया। एक पंजाब पाकिस्तान में रहा और दूसरा भारत में शामिल हो गया।

पंजाबियों द्वारा किए गए बलिदानों को याद करते हुए, पंजाब से आप सांसद ने कहा कि जब देश का विभाजन हुआ, तो मेरे परिवार सहित लाखों पंजाबी परिवारों का खून बहाया गया। हमारे कई दोस्त और रिश्तेदार हमसे अलग हो गए, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे गुरुद्वारा साहिब हमसे अलग हो गए।

राघव चड्ढा ने बताया कि आज श्री करतारपुर साहिब, श्री पंजा साहिब और श्री ननकाना साहिब जैसे कई ऐसे गुरुद्वारा हैं जो पाकिस्तान में स्थित हैं। इनमें से श्री ननकाना साहिब सबसे पवित्र स्थान है जहां गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था, जो लाहौर से लगभग 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा के सामने अपनी मांग रखते हुए कहा कि आज मैं इस सदन के सामने एक मांग लेकर आया हूं। संगत श्री ननकाना साहिब जी के दर्शन के लिए प्रार्थना करती है, उसी संदर्भ में मैं आज सदन के माध्यम से सरकार के समक्ष तीन छोटी-छोटी मांगें रखना चाहता हूं।

राघव चड्ढा ने कहा कि मेरी पहली मांग यह है कि जिस तरह श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर बनाकर संगत को दर्शन करने का मौका मिला और मत्था टेकने की व्यवस्था की गई, उसी तरह श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर पर भी काम किया जाए। भारत और पाकिस्तान की सरकारों को संयुक्त रूप से एक कॉरिडोर बनाना चाहिए ताकि भारत से श्रद्धालु श्री ननकाना साहिब जी जा सकें। मेरी दूसरी मांग यह है कि श्री ननकाना साहिब जी की यात्रा के लिए वीजा, पासपोर्ट, शुल्क या किसी जटिल फॉर्म की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसके लिए एक सरल प्रक्रिया होनी चाहिए। राघव चड्ढा ने अपनी तीसरी मांग रखते हुए कहा कि अमृतसर के वाघा-अटारी बॉर्डर से श्री ननकाना साहिब जी के बीच की दूरी 104 किलोमीटर है, यह दूरी कार या बस से ढाई घंटे में आसानी से तय की जा सकती है। मैं इस सड़क को सुरक्षित मार्ग बनाने की मांग करता हूं, दोनों देशों की सरकारों को मिलकर अमृतसर से ननकाना साहिब होते हुए लाहौर जाने वाले मार्ग को सुरक्षित मार्ग बनाना चाहिए ताकि श्रद्धालु वहां जाकर खुले दर्शन कर सकें। सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि अगर यह मांग पूरी हो गई तो पूरी दुनिया में शांति और सौहार्द का बहुत बड़ा संदेश जाएगा। साथ ही करोड़ों श्रद्धालुओं का आशीर्वाद दोनों देशों की सरकारों को मिलेगा। इस संबंध में आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार भी भारत सरकार का पूरा सहयोग करेगी। आप सांसद राघव चड्ढा ने उठाईं ये तीन मांगें

1. भारत सरकार को श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर स्थापित करने के लिए कूटनीति का इस्तेमाल करना चाहिए, जैसे उसने पहले श्री करतारपुर कॉरिडोर को बनाने के लिए की थी।

2. श्रद्धालुओं के लिए पासपोर्ट, वीजा और जटिल फॉर्म भरने की अनिवार्यता समाप्त की जानी चाहिए। साथ ही श्रद्धालुओं से कोई शुल्क न लिया जाए।

3. अमृतसर (अटारी वाघा बॉर्डर) से शुरू होकर पाकिस्तान में श्री ननकाना साहिब तक एक सुरक्षित सड़क मार्ग बनाया जाना चाहिए।

# IP इस्टेट में लूटा, जामा मस्जिद और दरियागंज से दबोचा

संवाददाता



आईपी स्टेट थाना की पुलिस टीम ने स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल और चोरी की स्कूटी बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान आतिक अली और हैदर अली के रूप में हुई है। यह दोनों जामा मस्जिद और दरियागंज इलाके के रहने वाले हैं।

डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि एक अगस्त को आईपी स्टेट इलाके में स्नैचिंग की वारदात हुई थी। जब इंद्रप्रस्थ इलाके में पोस्ट ऑफिस के पास से जा रहे एक शख्स से दो लड़कों ने मोबाइल फोन छीन लिया था। और मौके से दोनों फरार हो गए थे। इस मामले में एसएचओ धीरेंद्र की देखरेख में चौकी इंचार्ज मुरारी लाल मीणा की टीम ने जांच शुरू की थी। सीसीटीवी फुटेज की मदद से लगातार कई दिनों की जांच पड़ताल के बाद एक की पहचान की गई।

फिर उस पहचान के आधार पर पुलिस ने अपने लोकल इनफॉर्मर की मदद से पहले आतिक अली को जामा मस्जिद इलाके से पकड़ा गया। फिर उसकी निशानदेही पर उसके साथी हैदर अली को दरियागंज इलाके से पकड़ा गया। वारदात में इस्तेमाल स्कूटी को भी पुलिस टीम ने जब्त किया, उस मंडावली थाना इलाके से चुराई गई थी। आगे की कार्रवाई पुलिस टीम कर रही है।

# बस दुर्घटना रोकने के लिए केजरीवाल सरकार की बड़ी पहल, सार्वजनिक बस संचालन की नई नियमावली लागू

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के अंदर बस दुर्घटना रोकने के लिए कई बड़ी पहल की है। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने सरकार की ओर से सार्वजनिक बस संचालन की नई नियमावली लागू करने का एलान किया। इस दौरान उन्होंने बस दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों व राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार द्वारा उठाए जा रहे कई एहतियाती कदमों की घोषणा की है। इस सिलसिले में 29 जुलाई, 2024 को दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी जिसमें इन एहतियाती उपायों को अंतिम रूप और मंजूरी दी गई थी। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि यात्रियों और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इन नए उपायों से हमें बस संचालन की प्रभावी ढंग से निगरानी और प्रबंधन करने, दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने और समग्र सुरक्षा मानकों को बढ़ाने में मदद मिलेगी। दिल्ली सरकार ने ड्राइवरों के लिए आधार-आधारित ड्यूटी आवंटन लागू करने का निर्णय लिया है जिससे प्रत्येक चालकों के लिए एकल ड्यूटी शिफ्ट सुनिश्चित हो सके। कोई भी ड्राइवर एक से ज्यादा शिफ्ट में ड्यूटी नहीं कर सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली परिवहन विभाग ने आधार कार्ड- आधारित ड्यूटी आवंटन लागू करने का निर्णय लिया है। कई शिफ्टों में काम करने वाले ड्राइवरों की निगरानी के लिए सभी डिपो में एक बायोमेट्रिक फेस रिकग्निशन सिस्टम भी स्थापित किया जाएगा। सिमुलेटर पर ड्राइवरों का आवधिक प्रशिक्षण एक अन्य महत्वपूर्ण कदम है, जिसकी घोषणा आज परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने की। डीटीसी द्वारा दो सिमुलेटर भी खरीदा जा रहा है। वर्तमान में प्रशिक्षण सत्र नंद नगरी डिपो में आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, डीटीसी ड्राइवरों का एक सामान्य पूल बनाया जाएगा, जिससे कंसेशनायर आवश्यकतानुसार ड्राइवरों को नियुक्त कर सकेंगे। डीटीसी और डिम्ट्स में ड्राइवर गतिविधियों की निगरानी के लिए इस पूल को आधार नंबर से जोड़ा जाएगा। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि एक विभाग या ऑपरेटर द्वारा ब्लैकलिस्ट किए गए किसी भी ड्राइवर को दूसरे द्वारा काम पर नहीं रखा जाए। नशे में गाड़ी चलाने को रोकने के लिए प्रत्येक डिपो में ब्रेथ एनालाइजर परीक्षण लागू किया जाएगा। ड्राइवरों को अपनी ड्यूटी शुरू करने से पहले इन परीक्षणों से गुजरना होगा। इसके अतिरिक्त, ड्राइवरों को संवेदनशील बनाने के लिए नियमित कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें नियुक्ति के समय प्रशिक्षण और उसके बाद नियमित रीफ्रेशर कोर्स शामिल होंगे।

ड्राइवरों के लिए नियमित चिकित्सा जांच अनिवार्य होगी। डीटीसी में, नियुक्ति के समय, 45 साल की उम्र के बाद हर पांच साल में और 55 साल की उम्र के बाद हर साल मेडिकल जांच की जाती है। क्लस्टर ड्राइवरों के लिए समान मानदंड का पालन किया जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने बिभव कुमार की याचिका पर दिल्ली पुलिस को जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने का बुधवार को निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ से कहा कि उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय चाहिए। कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने तीन सप्ताह का समय दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि मामले में आरोपपत्र पहले ही दाखिल किया जा चुका है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने राजू को 21 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त को तय की। इससे पहले शीर्ष अदालत ने कुमार के बर्ताव के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था, ह्यह्यक्या इस तरह के गुंडे मुख्यमंत्री के आवास में काम करने चाहिए? पीठ ने कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा दर्ज की गई घटना के विवरण से स्तब्ध है। कुमार ने मामले में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के 12 जुलाई के आदेश को चुनौती दी है और दावा किया है कि उनके खिलाफ आरोप झूठे हैं। कुमार ने यह भी कहा है कि जांच पूरी हो जाने के बाद अब उनकी हिरासत की जरूरत नहीं है। पीठ ने सिंघवी से पूछा था, क्या मुख्यमंत्री आवास एक निजी बंगला है? क्या इस तरह के गुंडे को मुख्यमंत्री आवास में काम करना चाहिए? सिंघवी ने कहा था कि मालीवाल की चोटें गंभीर प्रकृति की नहीं थीं और प्राथमिकी 13 मई की घटना के तीन दिन बाद दर्ज कराई गई थी। कुमार ने 13 मई को केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था। कुमार के खिलाफ 16 मई को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें महिला को डराना-धमकाना, निर्वस्त्र करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग करना और गैर इरादतन हत्या का प्रयास करना शामिल है। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। कुमार को जमानत देने से इनकार करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था कि आरोपी काफी ह्यरसूखदारह्ण है और उसे राहत देने का कोई आधार नहीं बनता।

# बिजली दुर्घटना में मृत्यु होने पर अब मिलेगा मुआवजा, डीईआरसी विनियम 2024 जारी

नई दिल्ली। बिजली से संबंधित दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित को 7.5 लाख रुपये और 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग होने वाले व्यक्ति को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी। इसके लिए दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) ने डीईआरसी (विद्युत दुर्घटना के पीड़ित को मुआवजा) विनियम, 2024 जारी किया है। इस विनियम में दुधारू पशुओं और पक्षियों को नुकसान होने पर भी मुआवजा का प्रविधान किया गया है। विनियम के अनुसार, यदि बिजली से संबंधित दुर्घटना में कोई व्यक्ति 40-60 प्रतिशत तक घायल होता है तो उसे एक लाख रुपये, एक सप्ताह से अधिक समय तक अस्पताल में रहने पर 25 हजार रुपये तथा एक सप्ताह से कम समय तक अस्पताल में रहने पर 10 हजार रुपये का मुआवजा मिलेगा। बिजली से संबंधित किसी दुर्घटना में पशु के मरने पर पशु पालक को प्रत्येक दुधारू पशु (भैंस, गाय, ऊंट) के लिए 50 हजार रुपये, भेड़, बकरी, सुअर और अन्य के लिए पांच हजार रुपये, घोड़े और बैल जैसे भार ढोने वाले पशुओं के लिए प्रति पशु 25 रुपये, बछड़ा, गधा, टट्टू, खच्चर के लिए 15 हजार रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

मुर्गी पालन के मामले में मुआवजा 100 रुपये प्रति पक्षी

पशुओं की संख्या अधिक होने की स्थिति प्रति परिवार दुधारू पशुओं के लिए 3 लाख रुपये या भारवाहक पशुओं के लिए डेढ़ लाख रुपये की सीमा निर्धारित की गई है। मुर्गी पालन के मामले में मुआवजा 100 रुपये प्रति पक्षी होगा, जिसकी अधिकतम सीमा प्रति लाभार्थी पांच हजार रुपये होगी। विनियम 25 जुलाई को राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही लागू हो गए हैं। इसके अंतर्गत विद्युत वितरण कंपनियां, उत्पादन कंपनियां और अन्य लाइसेंसधारी मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी होंगे।इन्हें विनियम की अधिसूचना जारी होने के एक महीने के भीतर एक महाप्रबंधक स्तर का प्राधिकारी नामित करना होगा। मृतक के आश्रित या प्रभावित को दुर्घटना के 90 दिनों के अंदर व्यक्तिगत रूप से या संबंधित लाइसेंसधारी के संबंधित प्राधिकारी को मेल के माध्यम से मुआवजे के लिए आवेदन करना होगा।

# राम नगर आर डब्ल्यू ए ने मनाया तीज महोत्सव का त्यौहार : दीपक शर्मा

नई दिल्ली। तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में राम नगर आरडब्ल्यूए ने श्री राम पार्क में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया त्यौहार क्षेत्र की समस्त महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया जिसमें उन्होंने झूला झूल कर नाना प्रकार के व्यंजनों का स्वाद लिया इस अवसर पर रामेश्वरी देवी ने कहा कि हम राम नगर आर डब्ल्यू ए के आभारी हैं विशेष तौर पर संस्थापक/अध्यक्ष दीपक शर्मा व महासचिव देवेंद्र पाल शर्मा जिनसे हमने तीज महोत्सव कराने का प्रस्ताव रखा था जिसे उन्होंने स्वीकार कर और तीज महोत्सव बडे धूमधाम से मनाया मौके पर मौजूद अंजली शर्मा, चंचल शर्मा, बबली, ज्योति शर्मा, संगीता गुप्ता व आरडब्ल्यूए के संस्थापक/अध्यक्ष दीपक शर्मा, महासचिव देवेंद्र पाल शर्मा, उपाध्यक्ष आनन्द तिवारी ने सभी महिलाओं को तीज त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# कोचिंग सेंटर हादसा : अदालत ने जमानत याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब




नई दिल्ली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेल में बंद बेसमेंट के चार सह-मालिकों की जमानत याचिका पर बुधवार को सीबीआई को नोटिस जारी किया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चंदाना ने केंद्रीय जांच एजेंसी को नौ अगस्त तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। आरोपियों में परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह शामिल हैं। अदालत ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि चूंकि एफआईआर की प्रति अदालत के सामने नहीं लाई गई है, इसलिए वह आरोपी व्यक्तियों द्वारा दायर जमानत याचिका पर फैसला नहीं कर सकती है। दिल्ली हाईकोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में हुई मौतों की जांच पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंप दी है। अदालत ने सरकारी वकील द्वारा यह बताए जाने पर कि दिल्ली पुलिस से मामले को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है और एजेंसी द्वारा अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया है, सीबीआई को नोटिस जारी किया है। इस बीच, आरोपी व्यक्तियों की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि उन्होंने कानून से बचने की कोशिश नहीं की, बल्कि त्रासदी के बारे में पता चलने के बाद 28 जुलाई को जांच में शामिल होने के लिए स्वेच्छा से पुलिस स्टेशन गए थे। चूंकि अभी तक सीबीआई द्वारा मामला दर्ज नहीं किया गया है, इसलिए अदालत अंतरिम राहत दे सकती है।

# जेएनयू छात्र संघ ने बुनियादी मांगों को लेकर कैंपस में की हड़ताल, नारेबाजी कर क्लास को कराया बंद

प्रात: किरण संवाददाता



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कैंपस में जेएनयू छात्र संघ ने बुनियादी मुद्दों को लेकर बुधवार को प्रशासन के खिलाफ एक दिन के लिए हड़ताल की। इस दौरान छात्र संघ के अध्यक्ष धनंजय कुमार ने कहा कि कैंपस में कई बुनियादी मुद्दे ऐसे हैं, जिसको लेकर तमाम छात्र संघ प्रशासन के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहे हैं। लेफ्ट विंग हो या राइट विंग कैंपस के बुनियादी मुद्दों के लिए प्रशासन के खिलाफ बीते दिनों में कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं। बुनियादी मुद्दों को लेकर विसी को पत्र भी लिख चुके हैं, लेकिन कोई भी उनकी मांगों पर सार्थक प्रयास नहीं किया गया। छात्र संघ अध्यक्ष ने कहा कि कैंपस में एमसीएम के छात्रों को बीते कई सालों से महज 2000 रुपये दिया जाता है। जबकि, इतनी ज्यादा महंगाई हो गई है कि कैंपस में मेस के पैसे काफी बढ़ गया है। बावजूद इसके उन्हें अभी तक 2000 रुपये ही मिल रहे हैं। इसे बढ़ाने की बात जेएनयू छात्र संघ कर रहा है। कैंपस में बीते दिनों पानी की समस्या काफी थी। इसके अलावा बारिश में कैंपस में जगह-जगह जल भराव और पुराने भवन की दीवारें गिरने की शिकायत सामने आ चुकी है। इसको लेकर के भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। नए हॉस्टल का निर्माण हो गया है, लेकिन उन्हें छात्रों के लिए अभी तक नहीं खोला गया है। कैंपस में महिला छात्रों के लिए किसी भी तरह की समस्या के लिए एक कमेटी हुआ करती थी, जो पढ़ने वाली महिला छात्रों के हक के लिए काम करती थी। बीते कुछ सालों में उसे बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैंपस में कई छात्रों के ऊपर प्रशासनिक जांच चल रही है। कैंपस में प्रदर्शन को लेकर कई छात्रों के खिलाफ प्रशासन द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि कुछ छात्रों ने कैंपस के नियम कानून को तोड़कर प्रदर्शन किया था। इसके कारण उन पर जांच बिठाई गई है। छात्र संघ की यह भी अपील है कि जिन छात्रों के खिलाफ जांच हो रही है, उनके करियर के साथ खेला जा रहा है। उन छात्रों को इस जांच से जल्द से जल्द मुक्त किया जाए। ऐसे तमाम मुद्दे हैं जिनको लेकर कैंपस का छात्र संघ लगातार प्रदर्शन करता रहा है।

# आतिशी को तिरंगा फहराने की अनुमति नहीं दी जाए : बिधूड़ी

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने उपराज्यपाल महोदय से अनुरोध किया है कि वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस फैसले को लागू नहीं होने दें कि उनकी अनुपस्थिति में मंत्री आतिशी स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में तिरंगा फहराएंगी। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री ही झंडा फहरा सकते हैं। अगर केजरीवाल चाहते हैं कि आतिशी झंडा फहराएं तो वह पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें और आतिशी को मुख्यमंत्री बनवाएं।

बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली सरकार का स्वतंत्रता दिवस समारोह आम आदमी पार्टी का कार्यक्रम नहीं बल्कि राज्य सरकार का कार्यक्रम है। राज्य सरकार के प्रोटोकोल के अनुसार मुख्यमंत्री ही 15 अगस्त को झंडा फहरा सकते हैं और परेड की सलामी ले सकते हैं। यह मुख्यमंत्री की निजी पसंद नहीं है कि वह किसी मंत्री को अपने स्थान पर नॉमिनेट कर दें कि फलां मंत्री मेरी जगह पर झंडा फहराएगा। दिल्ली में ऐसी कोई परंपरा, नियम या उदाहरण नहीं है कि मुख्यमंत्री की इच्छानुसार कोई भी दूसरा मंत्री झंडा फहराए। अगर अरविंद केजरीवाल चाहते हैं कि आतिशी झंडा फहराए तो वह आम आदमी पार्टी के कार्यालय में या कहीं भी समारोह आयोजित कर लें और उसमें आतिशी या कोई भी नेता झंडा फहरा दे, लेकिन दिल्ली सरकार के अधिकारिक कार्यक्रम में झंडा फहराने का अधिकार केवल मुख्यमंत्री को ही है। बिधूड़ी ने कहा कि जब से अरविंद केजरीवाल जेल में हैं, दिल्ली केबिनेट की कोई मीटिंग नहीं हुई। केजरीवाल ने अपनी अनुपस्थिति में किसी और नेता की अध्यक्षता केबिनेट मीटिंग तो होने नहीं दी लेकिन स्वतंत्रता दिवस जैसे गौरवशाली समारोह को वह नियमों और परंपराओं को तोड़कर मनवाना चाहते हैं, जो उचित नहीं है। इसलिए उपराज्यपाल महोदय को हस्तक्षेप करते हुए केजरीवाल के पत्र को महत्व नहीं देना चाहिए। बिधूड़ी ने सुझाव दिया कि चूंकि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं, इसलिए उपराज्यपाल महोदय को इस समारोह में तिरंगा फहराना चाहिए।

# मोबाइल फोन लूटकर भाग रहे बदमाश को दबोचा

नई दिल्ली। पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर इलाके में सोमवार को मोबाइल फोन लूटकर भाग रहे दो बदमाशों को रंगे हाथ दबोच लिया। आरोपियों की पहचान शिवम महतो और मो. तनवीर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल फोन और स्कूटी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि पुलिस टीम गत सोमवार को एसबीआई कट, नजफगढ़ रोड पर पिकेट लगाकर वाहनों की जांच कर रही थी। रात करीब 8.15 बजे उन्होंने देखा कि दो संदिग्ध स्कूटी सवार रामा रोड से निकले और एक व्यक्ति उनका पीछा करते हुए चोर-चोर चिल्ला रहा है।

# सूचना

सुनील कुमार समाजसेवी ने बतलाया सेन मोहल्ला गांव महिपालपुर नई दिल्ली 37 में दिल्ली जल बोर्ड के कर्मचारी कोई एक्शन नहीं ले रहे आश्वासन देकर चले जाते हैं लेकिन पानी की समस्या का समाधान अब लग नहीं किया है पानी के टैंकर भी नहीं भेज रहे 1916 पर कंप्लेंट दर्ज हो जाती है उसके बाद भी पानी का टैंकर नहीं भेजते

सुनील कुमार समाजसेवी ने बतलाया कई बार कंप्लेंट कर चुके हैं एक्शन नहीं ले रहे

दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी MLA ऑफिस में भी रिक्वेस्ट/प्रार्थना करते हैं लेकिन पानी के टैंकर नहीं भेजते MLA ऑफिस महिपालपुर वाले

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-ELECT-16-T-R1-24-25-E3 निजामुद्दीन के अंतर्गत अखाड़धाम मंदिर के पास रेनी–वेल में पंपिंग इंस्टॉलेशन के वीटी पंपों के संवर्द्धन/प्रतिस्थापन के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 161.85 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 230900.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 12.09.2024, 12.00 Hrs. |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 12.09.2024, 12.00 Hrs. |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

2435/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-47-T-R2-23-24-E3 डीएलआई, एएनवीटी, एसएसबी, डीकेजेड और टीकेडी जोन में पम्पिंग स्थापना के स्वचालन के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.266.71 लाख |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 283400.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 17.09.2024, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 17.09.2024 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

2434/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
(GOVERNMENT OF INDIA)
रेल मंत्रालय (MINISTRY OF RAILWAYS)
(रेलवे बोर्ड) (RAILWAY BOARD)

शुद्धिपत्र संख्या 1

विषय : भारतीय रेल के लिए ट्रैक मशीन हेतु हाइड्रोलिक स्पेयर खरीद के लिए ई–ओपन स्वदेशी निविदा सं. 2024–टीएमएस–2ए।

1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 08.08.2024 (गुरुवार) से **19.08.2024 (सोमवार)** तक स्थगित कर दी गई है। 2. निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें समान रहेंगी।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
रेलवे बोर्ड

सं.: 2024/आरएस (ई)/टीएमएस/2 दिनांक 07.08.2024 2438/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# श्री वैंकटेश्वरा का यू0के0 की हार्पर एडम्स विश्वविद्यालय के साथ शैक्षणिक करार पर सहमति

- श्री वेंकटेश्वरा छात्र-छात्राओं को सुरक्षित कैरियर देने के लिए दृढ़ संकल्पितः डा. सुधीर गिरि
- बासठ विदेशी विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के साथ शैक्षणिक अनुबंध कर चुका है वैंकटेश्वराः डा. राजीव त्यागी

प्रात: किरण संवाददाता




अमरोहा। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय का हार्पर एडम्स विश्विद्यालय, यूनाइटेड किंगडम के साथ साझा शैक्षणिक प्रोग्राम पर सहमति बन गई। इस करार के तहत दोनों देशों के स्टूडेंट्स एवं शिक्षक एक दूसरे के देश के विश्वविद्यालयों में रिसर्च, अनुसंधान एवं उच्च शिक्षा के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे। यह जानकारी बुधवार को विश्विद्यालय में हुए शैक्षणिक समझौते के बाद विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी एवं हार्पर एडम्स विश्विद्यालय, यूनाइटेड किंगडम के यतिन गुप्ता हेड ऑफ इंटरनेशनल अफेयर हार्पर एडम्स विश्विद्यालय, यूनाइटेड किंगडम ने संयुक्त रूप से दी। इस शानदार शैक्षणिक अनुबंध की सहमति पर जानकारी देते हुए हार्पर एडम्स विश्विद्यालय, यूनाइटेड किंगडम के यतिन गुप्ता हेड ऑफ इंटरनेशनल अफेयर ने बताया कि हमे खुशी है कि हम उत्तर भारत के बड़े शैक्षणिक ब्रांड वैंकटेश्वरा समूह के साथ मिलकर काम करेंगे। हमारे देश में उच्च शिक्षा विशेष रूप से एग्रीकल्चर, पशुपालन, वैटनरी साइंस, पर्यावरण, टूरिज्म सेक्टर, रिसर्च व अनुसंधान क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं है। सीईओ डॉ० अजय श्रीवास्तव ने बताया की हार्पर एडम विश्विद्यालय के चांसलर श्री डॉ० एडम कैन नवंबर माह में विश्विद्यालय का दौरा करेंगे। इस ऐतिहासिक शैक्षणिक अनुबंध सहमति पर समूह अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि को शैक्षणिक जगत से जुड़े लोगों ने बधाइयाँ प्रेषित की है। उनकों बधाइयाँ देने वालों में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार डा. नवल कुमार वर्मा, अध्ययन समूह के चेयरमैन श्री संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद डा. ललित भारद्वाज, डा. सुनील जिंदल, डा. नीरज काम्बोज, प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस.अरोड़ा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय, डीन रिसर्च डा. राजेश सिंह, डा. दिव्या गिरधर, डॉ०कीर्ति पसरीक्षा, नीतू श्री पाल डा. आशुतोष सिंह, प्रो. टी.पी.सिंह, डा. रामनाथन झा, डा. अतुल वर्मा, मारुफ चौधरी, अरुण गोस्वामी, सुनील कुमार भगवानियाँ, तरुण काम्बोज, प्रशांत दहिया, श्री राम गुप्ता एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोगो ने बधाइयाँ दी है।

# पूजा मामले में यूपीएससी ने दिल्ली हाईकोर्ट को किया सूचित

नई दिल्ली। उम्मीदवारी रद करने के विरुद्ध पूर्व आईएएस प्रशिक्षु पूजा खेडकर की याचिका पर संघ लोक सेवा आयोग ने दिल्ली हाईकोर्ट को सूचित किया कि दो दिनों के भीतर पूजा को उनकी उम्मीदवारी स्थायी रूप से रद करने के आदेश के बारे में सूचित करेगी। इस पर न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने पूजा को अपनी उम्मीदवारी रद करने को चुनौती देने के लिए उचित मंच पर जाने की छूट दी। साथ ही याचिका का निपटारा कर दिया। वहीं, खेडकर की तरफ से पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने कहा कि पूर्व आईएएस को आज तक यूपीएससी द्वारा उनकी उम्मीदवारी रद करने का आदेश नहीं दिया गया है। ई-मेल पर दो दिनों के भीतर दिया जाएगा सूचना : नरेश कौशिक इस पर यूपीएससी की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश कौशिक ने कहा कि आदेश खेडकर को उनके ई-मेल पर दो दिनों के भीतर सूचित कर दिया जाएगा। यूपीएससी से दिल्ली पुलिस को मिले जवाब एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि खेडकर के आवेदन पत्र का विवरण मांगते हुए पुलिस ने यूपीएससी को भी पत्र लिखा है।

## हाशमी लॉ कॉलेज अमरोहा में बी.ए. एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर का दीक्षा रम्भ कार्यक्रम संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता




अमरोहा। हकीम मेहताब उद्दीन हाशमी कॉलेज ऑफ लॉ मे बी ए एल एल बी सत्र 2024- 25 प्रथम सेमेस्टर के छात्र व छात्राओं का दीक्षा आरंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। दीक्षा आरंभ कार्यक्रम (स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक मैंडेट है। इस कार्यक्रम का आयोजन कक्षाओं के प्रारंभ होने से पूर्व किया जाता है। कार्यक्रम में बी ए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र व छात्राओं के अलावा सीनियर छात्र व छात्राओं ने भी भागीदारी की। सीनियर छात्र व छात्राओं ने जूनियर छात्रों को अपने अनुभव साझा किया। दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण से खुद को परिचित करवाना होता है। दीक्षा रम्भ कार्यक्रम की शुरूआत कलामें पाक की आयत की तिलावत से शुरू हुई। दीक्षा आरंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर सुरेश कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमरोहा उपस्थित थे। हाशमी लॉ कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर बुरहानुद्दीन हाशमी द्वारा मुख्य अतिथि डॉक्टर सुरेश कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश का व शाल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाशमी लॉ कॉलेज अमरोहा के मैनेजिंग डायरेक्टर बुरहानुद्दीन हाशमी ने की। इस अवसर पर बोलते हुए महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मोहम्मद तारिक खान ने बीए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्रों को इस दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का उद्देश्य तथा बीए एलएलबी पाठ्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की तथा महाविद्यालय के नियम व कायदों के बारे में बताया उनके द्वारा महाविद्यालय में स्टूडेंट सपोर्ट सिस्टम व छात्र व छात्राओं की सहायता के लिए विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ मोहम्मद हारुन ने भी छात्र व छात्राओं को संबोधित किया तथा महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र व छात्राओं का स्वागत सम्बोधन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद तारिक ने बीए एलएलबी पाठ्यक्रम में आर्ट्स के विषयों पर विस्तार से चर्चा की और इन विषयों के बारे में विधि से जुड़ाव के बारे में भी बताया। उन्होंने यह भी बताया की विधि व्यवसाय का पैसा किसी भी अन्य व्यवसाय के मुकाबले बहुत ज्यादा सम्मान और पैसा देने वाला है। अधिवक्ता देवेंद्र पाल सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वह कभी भी किताबों का साथ ना छोड़े क्योंकि किताबें ही उनको समाज में सम्मान दिलाएंगी।महाविद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर बुरहानुद्दीन हाशमी ने छात्र व छात्राओं से कहा कि आपने एक ऐसा अध्ययन का क्षेत्र चुना है जिसमें हमेशा आपको अप टू डेट रहना है क्योंकि विधि का क्षेत्र हमेशा नवीन जानकारियां प्रदान करता रहता है। हाशमीला कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर राणा परवीन द्वारा महाविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक कॉलेज की प्रगति के बारे में जानकारी दी गई।अंत में मुख्य अतिथि डॉ सुरेश कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमरोहा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की छात्र व छात्राएं अपने जीवन में ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करें तथा इस टेक्नोलॉजी के दौर में भी किताबों का कोई विकल्प नहीं उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव भी उपस्थित लोगों के बीच साझा किया। उन्होंने कहा कि उन्हें छात्र व छात्राओं से मिलकर उनसे बातचीत करके बहुत अच्छा लगता है। अंत में कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय प्राचार्या डॉ राना परवीन ने प्रस्तुत किया। दीक्षा आरंभ कार्यक्रम का संचालन शहजाद सिद्दीकी ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अमरोहा कचहरी के अधिवक्तागण महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डा नूर अली अंसारी, डॉ मोहम्मद हारुन ,डॉ मोहम्मद तारिक खान, मोहम्मद तारिक, फरहत, नासिर खान ,गुफरान अजीम, ताबिश सूरी व गौहर अली आदि मौजूद रहे।

## पालिका क्षेत्र के भवनो एवं भूखंडों का हुआ सम्पत्ति कर के लिये सर्वे

स्योहारा। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने लिखित जानकारी देते हुए नगर की जनता को अवगत कराया कि स्योहारा नगर पालिका परिषद क्षेत्रान्तर्गत सम्पत्ति कर के पुनरीक्षण के लिए नगर में स्थित सम्पत्तियो भवनो/भू-खण्डो के जी. आई. एस. सर्वे का कार्य कराया गया है। सर्वे के अन्तर्गत समस्त 25 वार्डो में भवन / भू-खण्डो का विवरण / डाटा कार्यालय के पटल पर उपलब्ध है जिसका अवलोकन सर्व साधारण द्वारा किया जा सकता है तथा यदि किसी भी व्यक्ति को अपनी सम्पत्ति भवन/भू-खण्ड के विवरण में नाम, क्षेत्रफल, पता आदि से सम्बन्धित कोई आपत्ति हो तो वह व्यक्ति 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत दिनांक 08.08.2024 से 23.08.2024 तक अपनी लिखित आपत्ति प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक निकाय कार्यालय में उपलब्ध करा सकता है। नियत समयावधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

## इनरव्हील क्लब ने मनाया उत्साहपूर्वक रंगोली तीज महोत्सव

**ऐसे कार्यकर्मों से चमकती है महिलाओं की प्रतिभा: रितू रानी**



प्रात : किरण संवाददाता

स्योहारा। इनहर व्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 310 के तत्वाधान में यहां मुरादाबाद रोड स्थित मंगल लिपि फार्म हाउस पर रविवार को रंगोली तीज महोत्सव रंगोली स्वांग उत्साहपूर्वक एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। मनु चावला और नेहा अग्रवाल रंगोली तीज महोत्सव में ग्रुप की तीज क्वीन बनाई गई। कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाओं ने प्रतिभाग किया।रंगोली तीज महोत्सव को स्योहारा के जाने-माने चिकित्सक एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा का भरपूर सहयोग मिला।रंगोली तीज महोत्सव मे धामपुर की उप जिलाधिकारी रीतू रानी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहीं।उपजिलाधिकारी रीतू रानी ने कार्यक्रम में आयी महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से महिलाओं की प्रतिभा चमकती है तथा उनकी प्रतिभा का और अधिक विकास होता है आपसी प्रेम और सेवा करने करनी की भावन विकसित होतीं है। देश की लोक संस्कृति को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि इनहर व्हील क्लब स्योहारा ने जिस उत्साह के साथ यह प्रोग्राम मनाया है। वह सराहनीय और स्मरणीय है।इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष पर्ल रस्तोगी, सचिव सुरभि जैन, संरक्षिका डॉक्टर लिपि सेन वर्मा के नेतृत्व में संपूर्ण क्लब की महिलाओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर महिलाओं ने तीज गीत गाए।झूला झूला गया और नृत्य गायन करके कार्यक्रम को सफल बनाया गया।कार्यक्रम के बीच-बीच में लकी ड्रा का आयोजन भी किया गया था। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाली महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर तीज क्वीन का चुनाव भी किया गया।

## शिवमहापुराण में शिव पार्वती विवाह

**सत्संग सुमिरन समस्याओं का समाधान : राजेश्वरानंद**

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



शिव से शिक्षा मिलती है कि जीवन की हर समस्याओं का समाधान सुमिरन और सत्संग से ही मिलता है यह संदेश दिया स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा गोरख पार्क शाहदरा स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में सावन में आयोजित शिवमहापुराण कथा के तीसरे दिन कथा व्यास बृज रसिक पूज्यता किशोरी जी द्वारा सती मोह प्रसंग के तत्वार्थ पर भक्तसमूह को संबोधित करते हुए। दरबार के प्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि सावन के पावन अवसर पर आयोजित शिवमहापुराण कथा में तीसरे दिन कथा में शिव पार्वती का विवाह संदर्भ में शिव पार्वती की नायनाभिराम झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। कथा का तत्वार्थ बोलते हुए स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि सांसारिक तृष्णाओं से त्रस्त मनुष्य को भगवान शिव शिक्षा देते हैं कि जीवन की हर समस्या का समाधान सुमिरन और सत्संग से ही मिल सकता हैं। सती ने जब शिव का कहा न माना तो शिव शांत होकर सुमिरन करने लगे, शिव और सती में मतभेद होने पर सती तो भगवान से मौत मांग रही है लेकिन शिव समाधिस्थ होकर सुमिरन करने लगे। जिससे शिक्षा मिलती है कि जीवन की किसी भी समस्या को हल करने के लिए उस दिशा में कार्य करें लेकिन इसके दबाव से बचने के लिए सुमिरन कीजिए। दूसरी तरफ वर्तमान जीवन की जो भी समस्याएं हैं उन सभी का समाधान शिव, राम चरित्र से मिल जायेगा अतः सत्संग में कथा के माध्यम से व्यथा के निवारण मंत्र बताए जाते हैं। शिव पार्वती विवाह प्रसंग पर बोलते हुए कथा व्यास पुज्यता किशोरी जी ने कहा कि भगवान शंकर जी आदि पुरुष है बाकी सांसारिक स्त्री हो या पुरुष सभी पार्वती का ही रूप है। शिव यानी परमात्मा, कल्याण, शांति, आनंद जिसको पति रूप में पाने के लिए पार्वती को दुष्कर तप करना पड़ा ठीक इसी तरह सांसारिक सुख समृद्धि पाने के लिए संसार में संघर्ष करना पड़ता है तो भीतरी परमानंद, परम शांति, परम सुख पाने के लिए भीतर के शत्रुओं से युद्ध करना ही होगा। बाहरी युद्ध से बार बार जीवन मरण की यात्रा चलती ही रहेगी लेकिन भीतरी युद्ध से सभी यात्राएं समाप्त हो जाएंगी। शिव पार्वती, सदगुरु देव की आरती के बाद बंसल स्वीट्स की ओर से प्रसाद की सुंदर व्यवस्था की गई।

## डीयू में 12 अगस्त से शुरू होंगे ईसीए-स्पोर्ट्स के ट्रायल

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रदर्शन आधारित कार्यक्रमों, ईसीए (एक्स्ट्रा कैरिकुलर एक्टिविटी) और खेल कोटे के लिए सोमवार से ट्रायल शुरू होने की संभावना है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने उम्मीदवारों से इसी अनुसार अपनी तैयारी करने को कहा है। विश्वविद्यालय के मुताबिक, बीए (एच) संगीत, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स, बीएससी शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा और खेल, बीएससी (पीई, एचईआरएस), अतिरिक्त पाठ्यक्रम गतिविधियों और खेल सुपरन्यूमेररी कोटा के लिए परीक्षण 12 अगस्त से शुरू हो सकते हैं। विश्वविद्यालय के मुताबिक सीडब्लू, ईसीए, खेल, पीएमएसएसएस, सिक्किम नामांकित, दिल्ली विश्वविद्यालय वार्ड कोटा के सुपरन्यूमेररी कोटा के लिए आवंटन तीसरे चरण के साथ किया जाएगा। तीसरे चरण के आवंटनों का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। प्रोग्राम कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रेफरेंस (पसंद) भरने की अंतिम तिथि शुक्रवार नौ अगस्त रात 11.59 तक के लिए बढ़ा दी गई है, जो उम्मीदवार पहला चरण पूरा चुके हैं, उन्हें दूसरा चरण पूरा करने के लिए अपने डैशबोर्ड पर लॉगिन करना होगा। उम्मीदवारों द्वारा सेव किए गए प्रेफरेंस ही उनके आवेटन और प्रवेश को निर्धारित करेंगे। यदि उम्मीदवार को कोई प्रोग्राम या कॉलेज स्वीकार्य है तो उसे अधिकतम संख्या में प्रेफरेंस चयन करने की सलाह दी गई है। दूसरे चरण की अंतिम तिथि के बाद प्रोग्राम और कॉलेज को जोड़ने-हटाने या संपादि करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

वेबिनार के जरिए दी जाएगी पूरी जानकारी ईसीए और खेल सुपरन्यूमेररी कोटा के परीक्षण और प्रवेश की प्रक्रिया को समझाने के लिए शुक्रवार नौ अगस्त को तीन बजे वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। यह दिल्ली विश्वविद्यालय के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। आईपीयू के 19 प्रोग्राम में सीयूटी स्कोर से होंगे दाखिले

आईपीयू के 19 प्रोग्राम में सीईटी की मेरिट समाप्त होने के बाद सीयूटी स्कोर से भी दाखिले होंगे।

## घनश्याम दास टण्डन सरस्वती विद्या मन्दिर मे धूमधाम से मनाया गया तीज महोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। घनश्याम दास टण्डन सरस्वती विद्या मन्दिर कैलसा में तीज महोत्सव बड़े हर्ष व उल्लासपूर्वक मनाया गया। जिसमें छोटी-छोटी बच्चीयों ने एक दूसरे के हाथों पेर मेंहदी लगायी व बुछ बच्चों के द्वारा क्राफ्ट में पतंगें भी बनायीं। सभी छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता में बड़े उत्साह एवं लगन के साथ भाग लिया। इस मेंहदी प्रतियोगिता में सारगी, अनुष्का, सिमरन व मुस्कान आदि छात्राओं का प्रर्दशन सराहनीय रहा। विद्यालय प्रांगण तीजमय होकर हर्षोल्लास से भर गया और हर तरफ खुशी का माहौल छा गया। अत्यंत आकर्षक हरी पोशाकों में छात्र द छात्राएँ हरियाली तीज के पर्व को चार चाँद लगा रहे थे। हरियाली तीज की छटा देखते ही बनती थी। सभी के हाथों में एक से बढ़कर एक सुन्दर मेहंदी के नमूने तीज के सौंदर्य को बढ़ाते हुए प्रतीत हुए। तीज महोत्सव के इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती अंजलि टण्डन ने सभी के प्रयासों की सराहना की एवं सबको हरियाली तीज के शुभकामनाएँ दी तथा बच्चों को आगे वढ़कर उन्नित करने की प्रेरणा दी। तीज महोत्सव के कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

## बदला मौसम, आधी रात से झमाझम बारिश, किसानों के चेहरे खिले

अमरोहा। मंगलवार की देर रात से क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में छाए बादलों ने आधी रात के बाद बरसना शुरू किया और फिर थमने का नाम नहीं लिया। सुबह भी झमाझम बारिश होती रही। इससे लोगों को जहां उमसभरी गर्मी से राहत मिली वहीं, दूसरी ओर किसानों के चेहरे भी खिल गए। पिछले कुछ दिनों से बादल और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चल रहा था। आसमान में बादल छाते लेकिन, थोड़ी देर में ही छंट जाते। मंगलवार की शाम फिर आकाश में बादल छाए। धीरे धीरे हवा चलने लगी। जैसे जैसे अंधेरा बढ़ता गया वैसे वैसे मौसम बदलता गया। आधी रात के बाद वर्षा शुरू हो गई। उसका यह सिलसिला सुबह भी जारी रहा। इससे लोगों को गर्मी से निजात मिली है और मौसम भी सुहावना हो गया है।

## मां के गहने बेचकर महिला मित्र के लिए आईफोन खरीदा

नई दिल्ली। द्वारका जिले के नजफगढ़ इलाके में महिला मित्र के जन्मदिन पर आईफोन देने के लिए नाबालिग ने घर में रखे मां के गहने बेच दिए। रुपये मिलने के बाद उसने आईफोन खरीद भी लिया। बाद में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की तो नाबालिग का खेल सामने आया। जांच के दौरान पुलिस ने गहने खरीदने वाले 40 वर्षीय कमल वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग से आईफोन और कमल से कुछ गहने बरामद किए हैं। पुलिस एक अन्य आभूषण विक्रेता की तलाश कर रही है। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने बताया कि वह नौवीं का छात्र है और मां ने उसे रुपये देने से मना कर दिया था। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि गत तीन अगस्त को शशि नामक एक महिला ने घर में चोरी की शिकायत नजफगढ़ थाने में दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि गत दो अगस्त को उनके घर से लाखों रुपये के आभूषण पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। स्थानीय पुलिस के अलावा जिले की अन्य टीमें भी मामले की जांच में जुट गईं। पुलिस ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

## घर में की थी चोरी, कई साल से पुलिस को थी तलाश



संवाददाता

हौज काजी थाना की पुलिस टीम ने घर में चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसे कोर्ट ने भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। उसकी पहचान रशीद अहमद के रूप में हुई है। जो पुलिस की नजर से बचने के लिए अपना ठिकाना बदल रहा था। इस पर दरियागंज थाना में 4 साल पहले एक मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में तीस हजारी कोर्ट ने बाद में इसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्धन ने बताया कि हौजकाजी थाना के एसएचओ की देखरेख में एएसआई सुनील कुमार, संजीव और कांस्टेबल गोविंद की पुलिस टीम ने इसके बारे में टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाया। जानकारी इकट्ठा होने के बाद कमला मार्केट इलाके से इसको पकड़ा। गिरफ्तार होने के बाद जेल भेज दिया गया।

## जय विहार में सर्वसमाज रामलीला की तैयारी शुरू

**20 अगस्त से पात्रों के चयन के साथ रिहर्सल शुरू होगा**

पश्चिमी दिल्ली। इस बार सर्व समाज रामलीला कमेटी, जय विहार की रामलीला स्थानीय परी गार्डन में होगी। 20 अगस्त से पात्रों के चयन के साथ रिहर्सल शुरू हो जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष विनोद पंत ने बताया कि जिन कलाकारों का भी चयन होगा, जिसमें निर्णायक मंडल का फैसला मान्य होगा। कलाकारों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार सभी राम भक्तों को कई मायने में रामलीला का नया आकर्षक रूप देखने को मिलेगा, जिसके लिए सर्व समाज रामलीला कमेटी पुरजोर तैयारी में जुट गई है।

श्री पंत ने बताया कि यहां की रामलीला काफी प्रसिद्ध है, जिसमें बाहर के कुछ मंजे हुए कलाकार भी हिस्सा लेते हैं। स्थानीय बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों कलाकारों का साझा प्रदर्शन दर्शकों को लुभाएगा। उन्होंने 10 दिनों की इस रामलीला मंचन को एक यज्ञ के समान बताया और स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों से इस यज्ञ को तन-मन-धन से अपना योगदान करने की अपील की है।

## पीटकर छीन लिया मोबाइल, चेज करके दोनों को दबोचा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

मोती नगर पुलिस ने दो मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से लूटा गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी को भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवम महतो और मोहम्मद तनवीर आलम के रूप में हुई है। यह दोनों जखीरा इलाके के रहने वाले हैं। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि इनको एसएचओ वरुण दलाल की पुलिस टीम ने नजफगढ़ रोड पर रात में पीछाकर पकड़ा। हालांकि पुलिस को देखकर इन्होंने अपनी स्कूटी की स्पीड बढ़कर भागने की पूरी कोशिश की। जिसकी वजह से पुलिस को काफी दूर तक इनका फिल्मी स्टाइल में भाग रहे इन आरोपियों को पीछा करना पड़ा। जब पकड़े गए, तो मोबाईल बरामद किए गए। जो इन्होंने एक शख्स की पिटाई करके उसका मोबाइल लूट लिया था। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पहलवान विनेश फोगाट को ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने से रोकने के लिए की गई साजिश!- रीना गुप्ता

**विनेश फोगाट ने विश्व की नंबर-1 जापानी पहलवान को हराकर ने भारत के लिए एक गोल्ड मेडल जीतने की दावेदारी जताई थी**

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी ने पेरिस ओलंपिक के फाइनल में पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित करने के पीछे एक बड़ी साजिश की आशंका जताई है। आप की वरिष्ठ नेता रीना गुप्ता का कहना है कि विनेश फोगाट को ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने से रोकने के लिए यह एक साजिश लग रही है। विनेश ने विश्व की नंबर-1 जापानी पहलवान को हराकर ने भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने की दावेदारी पेश की थी। लेकिन आज उनको मात्र 100 ग्राम वजन ज्यादा होने पर ओलंपिक से बाहर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि विनेश फोगाट ने पहले ही साजिश की आशंक जताई थी और कहा था कि उनकी पूरी टीम बृजभूषण शरण सिंह ने चुनी है। ये टीम कहीं कुछ ऐसा न मिला दे, जिससे सबकुछ गड़बड़ हो जाए। उन्होंने केंद्रीय खेल मंत्री से अपील की है कि वो इंटरनेशनल ओलंपिक कमिटी के सामने विनेश फोगाट के समर्थन में आवाज उठाएं और कमेटी से कहें कि अगर विनेश को न्याय नहीं मिला तो भारत ओलंपिक का बहिष्कार करेगा।

आम आदमी पार्टी की नेता रीना गुप्ता ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि पूरा देश इंतजार कर रहा था कि आज रात हम सब बैठकर टीवी पर अपनी बेटी विनेश फोगाट को गोल्ड मेडल जीतते हुए देखेंगे। सबको इंतजार था कि हमारी बेटी विनेश फोगाट देश के लिए ओलंपिक में मेडल लाएगी। लेकिन जानकारी मिली है कि विनेश फोगाट को 100 ग्राम अधिक वजन के कारण महिला कुश्ती ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। विनेश ने जापान के एक ऐसे खिलाड़ी को हराया है जो लगातार 82 बार से इस कैटेगरी में जीत रही है। जब 4 बार की चैंपियन उस जापानी खिलाड़ी को विनेश ने हराया तो देश में खुशी की लहर दौड़ गई। हमें लगा कि विनेश देश के लिए इस ओलंपिक का पहला गोल्ड मेडल जीत कर लाएंगी, लेकिन वो सारे सपने चूर होते हुए नजर आ रहे हैं, जब यह खबर आ रही है कि मात्र 100 ग्राम अधिक वजन के कारण उन्हें बाहर निकाला जा रहा है। अगर हम एक गिलास पानी पी लेते हैं या थोड़ा सा कुछ खा लेते हैं तो हमारा उतना वजन बढ़ जाता है।

रीना गुप्ता ने बताया कि कुश्ती के कई खिलाड़ी आकर बता रहे हैं कि खिलाड़ी कई बार एक रात में 3 से 4 किलो वजन तक भी कम करते हैं ताकि वो अपनी कैटेगरी में खेल सकें। फिर ऐसा कैसे हो सकता है कि विनेश को मात्र 100 ग्राम वजन के लिए बाहर किया जा रहा है? इसके पीछे बहुत बड़ी साजिश लग रही है। संभव है कि कुछ विदेशी लोग ऐसा नहीं चाहते हों कि भारत की बेटी को गोल्ड मेडल मिले। ये समझ से परे है कि क्या उनके कोच ने उनका साथ नहीं दिया या उनके वजन को मॉनीटर करने वाली टीम ने इस बात का ध्यान नहीं रखा। कुश्ती के खिलाड़ियों का वजन हर वक्त ध्यान में रखा जाता है। पूरे दिन में कई-कई बार उनका वजन किया जाता है ताकि उनका वजन ठीक रहे और वे अयोग्य न हों।

रीना गुप्ता ने आगे कहा कि विनेश फोगाट ने कई गोल्ड मेडल जीते हैं। 2 बार उन्होंने एशियन चैंपियनशिप जीती, तीन बार कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप जीत चुकी हैं। विनेश फोगाट को खुद इस खेल का अच्छा अनुभव है। उनकी पूरी टीम को भी इस बात का पूरा अनुभव था कि किस तरह से खिलाड़ी के वजन का ध्यान रखा जाता है, और किस तरह वजन को घटाया जाता है। फिर भी इतनी बड़ी घटना कैसे हुई कि हमारी इतनी प्रतिभाशाली खिलाड़ी जिसने जापान की गोल्ड मेडलिस्ट को हराया, आज उसे बाहर किया जा रहा है? रीना गुप्ता ने बताया कि ओलंपिक के लिए जाने से पहले विनेश ने भी इस बात की आशंका जाहिर की थी कि कहीं उनके खिलाफ किसी तरह की साजिश न हो। हमें ये भी नहीं भूलना चाहिए कि विनेश ने यौन शोषण के आरोपी भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आवाज उठाई थी। ये वही बहादुर विनेश है जो हमारी कुश्ती की बेटियों को न्याय दिलाने के लिए जंतर-मंतर पर बैठी थी। तब किस तरह से मोदी सरकार ने उन्हें वहां से खदेड़ा था। केंद्र की भाजपा सरकार ने इन खिलाड़ियों का किसी तरह से साथ नहीं दिया था और बृजभूषण शरण सिंह को पार्टी से भी नहीं निकाला था। ये वही विनेश है जिसने आशंका जाहिर की थी

## एनएनएस (सुक्रालोज) छोटी खुराक में इस्तेमाल करने के लिए पूरी तरह सुरक्षित है अध्ययन में सामने आई ये बात

- शरीर के वजन, बॉडी मास इंडेक्स और कमर की मोटाई में मामूली कमी देखने को मिली
- ग्लाइसेमिक मार्कर्स पर नॉन-न्यूट्रीटिव स्वीटनर (एनएनएस)- सुक्रालोज का कोई प्रतिकूल प्रभाव नजर नहीं आया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन (एमडीआरएफ) ने हाल ही में टाइप 2 डायबिटीज (टी2डी) से पीड़ित वयस्कों के बीच कार्डियो मेटाबॉलिक जोखिम कारकों पर सुक्रालोज के प्रभाव को लेकर भारत का पहला अध्ययन प्रकाशित किया है। एमडीआरएफ एक गैर-लाभकारी संगठन और डायबिटीज व इसकी जटिलताओं के लिए एक प्रमुख चिकित्सा अनुसंधान संस्थान है। इस अध्ययन का मकसद एशियाई भारतीयों में कॉफी या चाय में टेबल शुगर (सुक्रोज) को आर्टिफिशियल स्वीटनर सुक्रालोज से बदलने के प्रभाव का पता लगाना है। इसके लिए आरसीटी (रैंडमाइज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल) में 179 भारतीयों की 12 सप्ताह के लिए टी2डी की जांच की गई। निष्कर्षों से पता चलता है कि कॉफी और चाय जैसे दैनिक पेय पदार्थों में सुक्रालोज की थोड़ी मात्रा ग्लूकोज या एचबीए1सी जैसे ग्लाइसेमिक मार्कर्स पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालती है। दूसरी ओर, अध्ययन में शरीर के वजन (बीडब्ल्यू), कमर की परिधि (डब्ल्यूसी), और बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) में मामूली सुधार दिखाया गया है। कई अध्ययनों ने विभिन्न संदर्भों में एनएनएस के प्रभाव की जांच की है, लेकिन चाय या कॉफी जैसे दैनिक पेय पदार्थों में एनएनएस के प्रभावों पर बहुत कम डेटा उपलब्ध है। यह अध्ययन इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत में डायबिटीज से पीड़ित कई लोग अपनी कॉफी और चाय में अतिरिक्त चीनी का उपयोग करते हैं, जिससे ये पेय पदार्थ चीनी सेवन का एक संभावित दैनिक स्रोत बन जाते हैं। इसके अलावा, भारत की कुल कार्बोहाइड्रेट खपत बहुत अधिक है, यानी यहां विशेष रूप से सफेद चावल या परिष्कृत गेहूं काफी खाया जाता है जिससे टी2डी का जोखिम बढ़ जाता है। यह स्टडी ऐसे समय में सामने आई है, जब डब्ल्यूएचओ ने शरीर के वजन को नियंत्रित करने के लिए एनएनएस का उपयोग करने के प्रति आगाह करते हुए स्पष्ट रूप से कहा था कि ये दिशानिर्देश मुख्य रूप से उन लोगों के लिए थे जिन्हें डायबिटीज नहीं थी। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी ने स्वास्थ्य देखभाल हितधारकों और जनता और यहां तक कि टी2डी वाले लोगों के बीच एनएनएस के उपयोग को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। आरसीटी के एक भाग के रूप में, प्रतिभागियों को दो समूहों में विभाजित किया गया था: हस्तक्षेप और नियंत्रण। हस्तक्षेप समूह में, कॉफी या चाय में अतिरिक्त चीनी को सुक्रालोज आधारित टेबलटॉप स्वीटनर के साथ रिप्लेस किया गया था, जबकि नियंत्रण समूह में, प्रतिभागियों ने पहले की तरह सुक्रोज का उपयोग जारी रखा। इस दौरान लाइफस्टाइल और दवाओं में कोई बदलाव नहीं किया गया। 12-सप्ताह के अध्ययन के अंत में, शोधकताओं ने हस्तक्षेप और नियंत्रण समूहों के बीच एचबीए1सी स्तरों में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं पाया। हालांकि, बीएमआई, डब्ल्यूसी और औसत शरीर के वजन में अनुकूल बदलाव देखे गए। हस्तक्षेप वाले समूह में औसत वजन में कमी 0.3 किलोग्राम थी, वहीं बीएमआई में -0.1 किलोग्राम/वर्ग मीटर की कमी हुई, और डब्ल्यूसी में -0.9 सेमी की कमी दर्ज की गई। अध्ययन का नेतृत्व करने वाले एमडीआरएफ के चेयरमैन व वरिष्ठ मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. वी. मोहन ने कहा, ह्ययह अध्ययन भारत के लिए बहुत प्रासंगिक है क्योंकि भारतीयों की आहार संबंधी आदतें दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में काफी भिन्न हैं। आमतौर पर, भारत में एनएनएस का उपयोग चाय या कॉफी जैसे दैनिक पेय पदार्थों में शुगर की जगह किया जाता है। इससे कैलोरी, चीनी का सेवन कम करने और आहार अनुपालन बढ़ाने में मदद मिल सकती है। चाय और कॉफी जैसे दैनिक पेय पदार्थों में स्वीकृत एडीआई (स्वीकार्य दैनिक सेवन) के भीतर सुक्रालोज जैसे एनएनएस का सूझबूझ के साथ किया गया इस्तेमाल सुरक्षित प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि सुक्रालोज की सुरक्षा और प्रभावकारिता पर अधिक अध्ययन चल रहे हैं।

डब्ल्यूएचओ की चेतावनी मुख्य रूप से उन लोगों के लिए थी जो मधुमेह से पीड़ित नहीं है और वजन कम करने की कोशिश के लिए डाइट कोला और डेजर्ट आदि में बड़ी मात्रा में एनएनएस का सेवन करते हैं।

अध्ययन की फंडिंग एम/एस जाइडस वेलनेस द्वारा की गई थी, जिसने अध्ययन में उपयोग के लिए सुक्रालोज युक्त तीन अलग-अलग प्रारूपों (गोली, तरल और पाउडर) में टेबलटॉप स्वीटनर मुहैया कराया था। हालांकि प्रायोजकों की अध्ययन के संचालन या डेटा विश्लेषण में कोई भूमिका नहीं थी।

## संक्षिप्त खबरें

### भोज खाने के दौरान दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, एक गिरफ्तार भेजा गया जेल

चौसा (मधेपुरा) चौसा थाना के चौसा पश्चिमी पंचायत अंतर्गत सहोरा टोला में दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट में दोनों पक्षो से एक एक व्यक्ति घायल हो गया है जिसका इलाज भागलपुर के मायागंज में चल रहा है। वही प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमे एक पक्ष के विवेक पासवान को घटनास्थल से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है बांकी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### हंगामा कर रहे शराबी गिरफ्तार भेजा गया जेल

चौसा (मधेपुरा) शराब पीकर हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।प्रशिक्षु एसडीओपी सह थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि शराब पीकर फुलौत थाना क्षेत्र के अजगैवा निवासी चंद्रशेखर सिंह को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर चौसा अस्पताल लाया गया जहाँ डाक्टर ने शराब पीने की पुष्टि की ततपश्चात बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### बिना चालान का गिट्टी लोडिंग कर जा रहे ट्रैक्टर को प्रशिक्षु डीएसपी ने पकड़ा

चौसा (मधेपुरा) बिना चालान के अवैध गिट्टी एवं लदे एक ट्रैक्टर को चौसा पुलिस ने धर दबोचा । पूछताछ के दौरान ट्रैक्टर ड्राइवर ने अवैध रूप से कारोबार कर रहे ओनर का नाम बता दिया है बाद पुलिस ने गिट्टी लगा ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेकर ड्राइवर एवं ओनर को भी गिरफ्तार कर लिया। मामला भटगामा जीरो माइल का बताया गया है।चौसा थाना में पदस्थापित प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि बिना चालान के लगातार हो रहे अवैध रूप से गिट्टी बालू के कारोबार को रोकथाम को लेकर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान लगातार की जा रही है इस दौरान पुलिस ने एक अबैध गिट्टी एवं लदे ट्रैक्टर हिरासत में लिया गया। ड्राइवर चौसा पश्चिमी निवासी मोहम्मद साजो , ओनर रोशन जायसवाल को गिरफ्तार किया गया दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# फर्जी तरीके से बने जन्म प्रमाण पत्र की जांच को लेकर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी पहुंचा अस्पताल

## दोनो फर्जी जन्म प्रमाण में मुहर, चिकित्सा पदाधिकारी का हस्ताक्षर किया गया डुप्लीकेट

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का इन दिनों गोरखधंधा चरम पर है। छोटी छोटी दुकान में लोग फर्जी तरीके से जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर दुकानदार चांदी काट रहे है। फर्जी जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का मामला का खुलासा तब हुआ जब झाझा रेफरल अस्पताल के नाम पर दो बच्चों का जन्मप्रमाण पत्र फर्जी तरीके से बने रहने के कारण रदद कर दिया गया और अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय योजना एवं विकास विभाग के निदेशक सह मुख्य रजिस्ट्रार हिमांशु कुमार राय के द्वारा इसकी जांच के लिए जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर अमेरंद्र कुमार सिंह को पत्राचार के माध्यम से जानकारी दी गई। जानकारी मिलने के बाद जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी सुशील कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी संजीव आंनद प्रकाश के साथ रेफरल अस्पताल झाझा पहुचकर मामले की जांच कि। मालूम हो कि कई ऐसे दुकानदार है जो अस्पताल में बच्चा जन्म भी नही लिया हो उसका भी कुछ रूपए लेकर जन्म प्रमाण अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी के हस्ताक्षर, मुहर लगाकर बनाकर सौंप दिया जाता है। दरअसल रवि कुमार यादव, विशाल कुमार का जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया जिसमें दोनो बच्चों का जन्म स्थल सोनो प्रखंड दशार्या गया लेकिन जन्म प्रमाण रेफरल अस्पताल झाझा से बनाया गया और दोनो जन्म प्रमाण पत्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरूण कुमार का हस्ताक्षर किया हुआ था। वही जांच में आए जिला सांख्यिकी पदाधिकारी की टीम ने फर्जी प्रमाण पत्र की जांच कि तो कई तरह के अंतर पाया गया। जिसमें प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी लिखा हुआ है और मुहर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का लगा हुआ है जबकि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का हस्ताक्षर के मिलान पर बहुत ही अंतर पाया गया। इसके अलावे अन्य कई चीजों का अंतर भी पाया गया जिसे देखकर जांच टीम भी चौक गए। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि इस तरह का मामला काफी गंभीर है क्योकि अगर लोग बिचैलियों के चक्कर में आकर इधर उधर से जन्म प्रमाण पत्र बना लेते है लेकिन वह फर्जी होता है क्योकि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में क्यूआर कोड स्कैन करने पर वह पूरी डिटेल नही दे पाते है। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु का प्रमाण सरकारी अस्पताल या फिर प्रखंड कार्यालय में 21 दिन के अंदर नई पद्धति के अनुसार बनाया जाता है।

# आढ़ा गांव में विद्युत तार पे पेड़ गिरने से बिजली बाधित



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- चंद्रदीप थाना क्षेत्र के नवादा सिकंदरा मुख्य मार्ग आढ़ा गांव में विद्युत तार पे पेड़ गिरने से बिजली बाधित हो गई। अलीगंज,चंद्रदीप थाना क्षेत्र के नवादा सिकंदरा मुख्य मार्ग आढा गांव में बीते रात्रि में आंधी बारिश के कारण विशाल पेड़ विद्युत तार पे गिरने से बिजली बाधित हो गई।, साथ ही साथ सड़कों पर वाहन की आवागमन में भी बाधित हुई। वहीं सोनू,मंसूर,आदिल, शाहिद,अरमान,यूसुफ मियां सहित दर्जनों लोगों ने बताया की बीते मंगलवार रात्रि में तेज बारिश एवं हवा के कारण मिडिल स्कूल के समीप मुख्य मार्ग के किनारे एक विशाल पेड़ विद्युत पोल एवं टूट जाने से आढ़ा गांव में कई घंटे बिजली बाधित रहा।,टूटा हुआ पेड़ सड़क को बाधित कर दिया और कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बनी रही। वहीं समाजसेवी आदिल रहमान ने इस घटना के बारे में चद्रदीप पुलिस को जानकारी दिया वही जानकारी मिलते ही चंद्रदीप पुलिस मौके पर पहुंच कर रोड पे गिरे पेड़ को काट कर हटाया गया।, वहीं जेई साहब से दूरभाष पे बात कर इस समस्या का समाधान जल्द करने की आग्रह किए।, वहीं जेई शैलेश कुमार ने कहा की आढ़ा गांव में पेड़ गिरने से बिजली बाधित हो गई थी। उस समस्या के समाधान को लेकर त्वरित बिजली मिस्त्री भेजकर समस्या का समाधान कर बिजली सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है ।

# संगठन की मजबूती सह आगामी चुनाव को लेकर यूनियन के पदाधिकारियों ने की बैठक

## ईसीआरएमसी हमेशा रेलकर्मियों के हित में कर रही है कार्य : अध्यक्ष, सचिव




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] रेलवे में यूनियन को लेकर होने वाले चुनाव से पूर्व अलग अलग रेलवे यूनियन के तहत रेलकर्मियों के बीच बैठक कि जा रही है। इसी आलोक में ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस की ओर से शाखा झाझा कार्यालय में शाखा के पदाधिकारी एवं अन्य रेलकर्मियों के बीच एक बैठक आयोजित कि गई। जिसमें शाखा के अध्यक्ष देवाशीष निचिकेत, सचिव संजय कुमार उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को मजबूती, आगामी चुनाव को लेकर तैयारी, चुनाव में अधिक से अधिक रेलकर्मी अपना मतदान करे इसके अलावे अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा कि गई। अध्यक्ष, सचिव ने बताया कि जल्द ही रेलवे यूनियन का चुनाव होने वाला है ऐसे में संगठन में अधिक से अधिक रेलकर्मी को जोड़ा जाए ताकि संगठन बड़ी मजबूती के साथ सत्ता में आए ताकि रेलवे कर्मचारियों के हित में कार्य किया जा सके। आगे अध्यक्ष, सचिव ने बताया कि हमलोगों की यूनियन हमेशा रेलकर्मियों की दबी आवाज को रेलवे बोर्ड से लेकर सरकार के समक्ष रखने का काम करते है। अध्यक्ष सचिव ने बताया कि इस बार चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने को लेकर यूनियन पूरी तरह से तैयारी कर रही है। मौके पर कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार, सुदर्शन, संचित कुमार, आरिफ अंसारी सहित बड़ी संख्या में यूनियन के सदस्य एवं अन्य रेलकर्मी मौजूद थे।

### 13 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले में 13 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा प्रारंभ हुई। इस दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया तो वहीं जगह-जगह पर दंडाधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। बताया जा रहा है कि कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न करवाने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा जिला मुख्यालय के सभी कोचिंग संस्थान और फोटो स्टेट की दुकान तथा साइबर कैफे को बंद कराया गया है। परीक्षा को लेकर सुबह से ही सभी परीक्षा केंद्रों पर भारी संख्या में अभ्यर्थियों की भीड़ देखी जा रही है। वहीं मधेपुरा एसडीएम संतोष कुमार ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी तरह की चाक चौबंद व्यवस्था है ताकि कोई गड़बड़ी नहीं हो सके। वहीं एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारी की तैनाती की गई है ।

# 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं बन पाया अजय नदी पर पुल, दशकों से दर्जनों गांवों के लोग कर रहें हैं पुल की मांग

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/चकाई केंद्र एवं राज्य सरकार गावों के लोगों के लिए आवागमन सुगम करने के लिए नदी नालों पर पुलों की जाल बिछा रही हैं। लेकिन चार दशक से पुल निर्माण के लिए महारायडीह, जमनी, छोटकी टाड़, बडकी टाड़, माहेश्वरी, आदि दर्जनों गांवों के लोग जनप्रतिनिधियों से मिलकर महारायडीह अजय नदी घाट पर पुल निर्माण की मांग रख कर गिड़गिड़ाते रहे। लेकिन जनप्रतिनिधियों का ध्यान आज तक इस पुल निर्माण के लिए ध्यान नहीं गया जिस कारण लोगों को आवाजाही करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महारायडीह सड़क से सैकड़ों लोग प्रतिदिन प्रखण्ड मुख्यालय या चकाई बाजार रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए आवाजाही करते है ।यह गांव पेटार पहड़ी पंचायत के अंतर्गत पड़ता हैं। ग्रामीण विद्यानंद पांडेय, सुभाष पांडेय, सुनील राय ,अजय राय, श्रवण पांडेय, भरत राय, विष्णुदेव राय, त्रिवेणी राय , सुधीर राय ,अनिल राय, शिवशंकर राय मुकेश पाण्डेय,मुरारी राय आदि सहित दर्जनों लोगों ने बताया की महारायडीह अजय नदी पुल निर्माण की मांग जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से करते करते थक हार गए मगर हम लोगों की बात किसी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नही सुनी। जिस कारण हम लोग बरसात के दिनों मे पंगू बन जाते है ।जिस कारण क्षेत्र के दर्जनों गांव आवागमन के लिए बाधित हो जाता है। चकाई जाने के लिए कपड़े उतार कर नदी पार करना पड़ता है। बरसात में सड़क बाधित रहने के कारण स्कूली बच्चे स्कूल , कॉलेज, नही जा पाते है जिस कारण होनहार बच्चे पर व्यापक असर पड़ता हैं ।कोई भी व्यक्ति बीमार पड़ जाता है तो दवाई लाने के लिए या इलाज करवाने के लिए लोगों को काफी मशशकत से तेर कर पार करना पड़ता हैं। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का ध्यान इस ओर कब तक आता हैं यह तो समय ही बताएगा।

# हस्तकरघा उद्योग भारत का पुराना उद्योग: प्रो पासवान

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई -राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस के अवसर पर हस्तकरघा उद्योग तथा उत्पादित वस्तुओं का महत्व विषय पर नगर परिषद जमुई के सिरचंद नवादा में एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता केकेएम कॉलेज के अर्थशास्त्र के सहायक प्राचार्य डॉ. गौरी शंकर पासवान ने की। अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में प्रो. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि हस्तकरघा उद्योग भारत का सबसे पुराना उद्योग है। अपने हाथों से कपड़े को बनाना या बूंदना ही हस्तकरघा कहलाता है। इसे अंग्रेजी में हैंडलूम भी कहते हैं। 7 अगस्त 2015 को भारत सरकार नेहस्तकरघा दिवस मनाने की शुरूआत की थी। गौर तलब है कि आज ही के दिन 7 अगस्त सन 1905 को लॉर्ड कॉर्नवालिस में बंग-भंग की घोषणा की थी। इसके विरोध में स्वदेशी आंदोलन चलाया गया था। इसी की याद में 7अगस्त 2015 से सरकार ने हस्तकरघा दिवस मनाने की शुरूआत की है। प्रो पासवान ने कहा कि नेशनल हैंडलूम डे मनाने का मुख्य उद्देश्य उद्योग को बढ़ावा देना और हस्तशिल्प कार्यक्रमों के कौशल तथा मेहनत को सम्मान देना है। भारत के कारीगर और कलाकार अपनी प्रतिभा तथा कौशल के लिए प्रसिद्ध हैं ।बुनकर न केवल अपनी कला के माध्यम से कमाई करते हैं, बल्कि वह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोए हुए हैं और भावी पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखते हैं। यह दिवस बुनकरों, कलाकारों की मेहनत,समर्पण तथा रचनात्मकता को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। भागलपुर का तसर उद्योग तथा बनारसी साड़ी उद्योग हस्तकरघा उत्पाद में विश्व प्रसिद्ध है। हस्तकरघा बुनकरों की जीविका का बढ़िया स्रोत है । इसमें कम संसाधनों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हस्तकरघा उद्योग की सबसे इसकी खासियत है कि यह उद्योग पर्यावरण के अनुकूल है। हमें गर्व है कि हम ऐसे देश में हम रहते हैं, जहां हथकरघा इतना प्रसिद्ध है। भारत का सूती हस्तकरघा उद्योग वस्त्र उत्पादन और रोजगार की दृष्टि से अहम स्थान रखता है। भारत में इस उद्योग को जिंदा रखने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं और नीतियां भी बनाई गई हैं। श्री रवीश कुमार सिंह ने कहा कि हस्तकरघा उत्पादों का महत्व आज भी है, कल भी था और भविष्य में भी रहेगा। हैंडलूम से बने कपड़े को लोग बहुत पसंद करते हैं। भारत में हस्तकरघा मेला और प्रदर्शनियों के माध्यम से अपने उत्पाद को बेचा एवं प्रचार प्रसार किया जाता है। हस्त करघा दिवस भारतीय हस्तकरघा परंपरा और योगदानों को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण दिवस है। यह सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित भी करता है। आधुनिक युग में भी हस्तकरघा और हस्तकला की प्रासंगिकता बनी हुई है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से हस्तशिल्प और हस्तकरघा का महत्व विश्व में बड़ा है । यह दिवस अद्वितीय हस्तशिल्प, हस्तकरघा कारीगरों और बुनकरों के अद्भुत कार्यों को समर्पित है, जो हमारे इतिहास और संस्कृति का हिस्सा है। मौके पर प्रो डीके गोयल, प्रो सरदार राय, प्रो सत्यार्थ प्रकाश, प्रो कैलाश पंडित आदि ने हैंडलूम निर्मित कपड़े तथा अन्य उत्पादों का महत्व की वकालत करते हुए कहा कि वर्तमान में हस्तकरघा की महता विश्व भर में है।

### पेंशन, बिजली, राशनकार्ड सहित अन्य मुद्दों को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में लोगों ने किया धरना प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन बढ़ोतरी सहित क्षेत्र में बिजली की हो रही समस्याओं को लेकर जनसुराज के सदस्य विनोद यादव की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्यामसुंदर गुप्ता के द्वारा किया गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पेंशन के लिए मिलने वाली राशि 400 रूपए पर जोरदार नारा लगाते हुए कहा कि 400 रूपए में दम नही 2000 रूपए से कम नही सहित अन्य कई तरह के नारा लगाते हुए अपनी मांगों को रखने का काम किया। विनोद यादव ने कहा कि बिहार में पेंशन के नाम चार सौ रूपए दिया जाता है जबकि अन्य कई राज्यों में पेंशन राशि बढ़ाकर दो हजार रूपए किया गया। बिहार में पेंशन के नाम पर मिलने वाली चार सौ रूपए से आज लोगों का कुछ भी नही हो रहा है। सही रूप से लाभुकों का एक माह पानी भी खरीदकर पी नही सकते है तो ऐसे में कम राशि में उन्हे पूरे माह भोजन कहां से मिल पाएगा। वही वृद्धा, विधवा, दिव्यांग को बिजली मुफ्त में दिए जाने की मांग किया। इसके अलावे राशनकार्ड से वंचित लोगों का भी राशन कार्ड बनाने की मांग रखा। श्यामसुंदर गुप्ता ने कहा कि अगर हमलोगों की मांग पूरी नही हुई तो हमलोग चरणबद्ध तरीके से आगे भी आंदोलन करेगें। मौके पर महबूब अंसारी, संतोष कुश्वाहा, रामसेवक सिंह, सुशांत माथुरी, गीता देवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सर्वसम्मति से गिद्धौर प्रखंड के किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चुने गए रतन राम

## रतन राम बने किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ० गोपाल कृष्ण चंदन कुमार के निदेर्शानुसार राजद किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पवन कुमार यादव की अध्यक्षता में गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न गांवो से आए राष्ट्रीय जनता दल के समर्पित कार्यकताओं एवं किसान भाइयों के साथ पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु गिद्धौर प्रखंड राजद कार्यालय में एक बैठक कर किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में पतसंडा पंचायत निवासी रतन राम का चयन सर्वसम्मति से किया गया ।साथ ही लालू प्रसाद यादव की विचारधारा एवं प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की किसानों के प्रति दूरगामी सोच जन जन तक पहुंचें को लेकर विचार विमर्श किये ।वही राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बने रतन राम ने कहा कि पार्टी द्धारा यह जो अहम जिम्मेदारी मुझे दी गई है मैं उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा ।वही इस बैठक में पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष शेखावत मियां,गिद्धौर प्रखंड के पूर्व प्रमुख श्रवण यादव,पतसंडा पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप रविदास,पूर्व मुखिया रामू अंसारी,शंभू यादव, भागीरथ यादव,श्रवण ठाकुर,कैलाश यादव,सुरेश यादव,विनोद यादव,संजय मांझी,ठकुरी मांझी,केदार यादव,तवारक अंसारी,रविन्द्र यादव सहित दर्जनों किसान लोग एवं सक्रिय राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एक्सिस बैंक ने कॉरपोरेट ग्राहकों के लिए जीएसटी भुगतान बनाया आसान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एक्सिस बैंक ने गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) पोर्टल के साथ सफलता से जुड़ने की घोषणा की, जिससे उसके कमर्शियल कार्ड कॉरपोरेट ग्राहकों को जीएसटी भुगतान में आसानी होगी। विवेक गुप्ता, प्रेसिडेंट एवं हेड- होलसेल बैंकिंग प्रॉडक्ट ने इस मौके पर कहा कि बैंक हमेशा अपने कॉरपोरेट ग्राहकों का समर्थन करने के लिए ट्रांजैक्शन बैंकिंग में डिजिटल इनिशिएटिव्स को लीड करने में आगे रहा है। यह नवीनतम पहल, जीएसटी भुगतान करने के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और निर्बाध तरीका प्रदान करेगी और साथ ही इससे हमारे ग्राहकों को कमर्शियल कार्ड से जुड़े कार्यशील पूंजी के ऑप्टिमाइजेशन का भी लाभ मिलता रहेगा। यह बैंक की ओर से की गई एक और ग्राहक केंद्रित पेशकश है, जो हमें अपने ग्राहकों के लिए पसंदीदा बैंक बनाने में प्रयत्नशील साबित होगा।

# गोंदिया और भागलपुर के मध्य श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

हाजीपुर। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा कई श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है ।इसी कड़ी में गोंदिया और भागलपुर के मध्य 01 ट्रिप श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी सं. 08893 गोंदिया-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल 09 अगस्त 2024 शुक्रवार को गोंदिया से 11.20 बजे प्रस्थान कर शनिवार को 06.10 बजे जसीडीह एवं 11.55 बजे सुलतानगंज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 12.35 बजे भागलपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 08894 भागलपुर-गोंदिया श्रावणी मेला स्पेशल 10 ऑगेस्ट 2024 शनिवार को भागलपुर से 13.35 बजे खुलकर 13.57 बजे सुलतानगंज एवं 18.07 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए रविवार को 16.20 बजे गोंदिया पहुंचेगी ।इस स्पेशल में द्वितीय एवं तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01-01, शयनयान श्रेणी के 10 कोच एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे ।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–1, पटना।

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय का अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–08 वर्ष 2024–25, जिसका PR No. 05036 (BCD) 2024-25 है, में कोटेशन वर्ष 2023–24 के स्थान पर कोटेशन वर्ष 2024–25 पढ़ा जाय।

शेष अन्य पूर्ववत रहेगा।

PR- 05492 ( B C D ) 2024-25

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–01, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2,
संयुक्त कार्यालय भवन, छज्जुबाग, बुद्धमार्ग, पटना 800001
भवन निर्माण विभाग, पटना

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के अल्पकालीन निविदा आमत्रण सूचना संख्या–09 वर्ष 2024–25 जिसका PR No-005177 (BCD) 2024-25 है, निविदा परिमाण विपत्र की राशि रू0 4,86,612.00 के स्थान पर रू0 14,86,612.00 पढा जाय। उसी के अनुरूप अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य होगा।

शेष अन्य पूर्ववत् रहेगा।

PR- 05493 ( B C D ) 2024-25

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, सं0–2, पटना।

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 33 वर्ष 2024–25
(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको / ख्याति प्राप्त फर्मो / कम्पनियों से दिनांक 19.08.2024 के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Renovation of Room No.- 37 (Flooring Work, Partition Work, Waiting Sofa, Visitor's Chair etc.) of Sports Deptt. (Waiting Room and Pantry) at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. | | | |
| 02- | Renovation of Room No.- 37 (Sanitary Fixtures, Workstation and Mid Back Chair) of Sports Deptt. (PA Chamber, PS Chamber and Waiting Room) at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. | | | |
| 03- | Supplying, Fitting & Fixing of Furniture in Room No.- 272 & 276 Sports Deptt. at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. | | | |
| 04- | Renovation of Chamber of Director of Sports Deptt. R.No.- 272 & 276 at Second Floor at Vikash Bhawan, Patna for the year 2024-25. | | | |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No. 005526 (BCD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरूवार, 08 अगस्त, 2024

सम्पादकीय

# अब वक्फ बोर्ड को लेकर सरकार निशाने पर

हमारे देश में मुस्लिमों की वक्फ सम्पतियों का रखरखाव करने वाला वक्फ बोर्ड है। सरकार वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन कर बोर्ड की शक्तियां सीमित करना चाहती है। मुमकिन है कि आप जब ये आलेख पढ़ रहे हों तब वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन से जुड़ा बिल सरकार संसद में पेश कर रही हो, हालांकि इसको लेकर सरकार की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है लेकिन बिल की खबर आते ही हंगामा शुरू हो गया है। एआइएमआइएम से लेकर कई मुस्लिम संगठनों और विपक्षी दलों ने सरकार पर निशाना साधा है। सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि यह संविधान में दिए गए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार पर प्रहार है। आपको पहले ये जानना होगा कि आखिर वक्फ बोर्ड है क्या? देश भर में वक्फ बोर्ड के कामकाज से सम्बन्धित मुद्दों और देश में वक्फ के समुचित प्रशासन से सम्बन्धित मुद्दों के बारे में परामर्श देने के लिए केन्द्रीय वक्फ परिषद की स्थापना एक स्थायी इकाई के रूप में की गई। इस बोर्ड की स्थापना भाजपा के जन्म से सोलह साल पहले तत्कालीन केन्द्र सरकार ने दिसम्बर, 1964 में वक्फ अधिनियम 1995 के अन्तर्गत की थी। वक्फ के प्रभारी केन्द्रीय मन्त्री तथा केन्द्रीय वक्फ परिषद के 20 अन्य सदस्य होते हैं।

वक्फ अरबी भाषा के ह्यवकुफाह्न शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है ठहरना। इसी से बना है वक्फ। वक्फ एक ऐसी संपत्ति होती है, जो जन-कल्याण को समर्पित हो। इस्लाम के मुताबिक वक्फ दान का ही एक तरीका है। इस्लाम की तरह सनातनियों में भी दान की लम्बी परम्परा है। हमारे यहां जितने भी धार्मिक स्थल हैं उनके रखरखाव के लिए तत्कालीन शासकों, राजा -महाराजाओं, नवाबों और निजी व्यक्तियों द्वारा सम्पत्ति दान की जाती रही है। उसके रखरखाव के लिए भी वक्फ बोर्ड जैसी ही अनेक व्यवस्थाएं हैं। अब सरकार वक्फ संपत्तियों और वक्फ बोर्ड को खत्म करना चाहती है। हमारी सूचना है कि प्रस्तावित विधेयक में वक्फ बोर्ड द्वारा संपत्तियों पर किए गए सभी दावों को अनिवार्य सत्यापन से गुजरना होगा। वक्फ बोर्ड के अधिकारों, उसकी ताकतों और उसकी कार्यप्रणाली में बड़ा परिवर्तन किया जाएगा। महिला सदस्य राज्यों में वक्फ बोर्ड का हिस्सा होंगी। प्रस्तावित बिल में मौजूदा कानून से जुड़े कई क्लॉज हटाए जा सकते हैं। संभावना है कि वक्फ बोर्ड अधिनियम में 40 से अधिक संशोधन किए जा सकते हैं।

एक सूचना के मुताबिक वक्फ बोर्ड जमीन के मामले में रेलवे और कैथोलिक चर्च के बाद तीसरे नंबर पर है। आंकड़ों के मुताबिक वक्फ बोर्ड के पास 8 लाख एकड़ से ज्यादा जमीन है। साल 2009 में यह जमीन 4 लाख एकड़ हुआ करती थी, जो कुछ सालों में बढ़कर दोगुनी हो गई है। इन जमीनों में ज्यादातर मस्जिद, मदरसा और कब्रगाह हैं। पिछले साल अल्पसंख्यक मंत्रालय ने लोकसभा में बताया था कि दिसंबर 2022 तक वक्फ बोर्ड के पास कुल 8,65,644 अचल संपत्तियां थीं। जाहिर है कि ये संपत्तियां मुस्लिमों द्वारा वक्फ की गयीं है, यानि ये सरकारी नहीं हैं। हकीकत ये है कि वक्फ की सम्पत्तियों का दुरूपयोग ठीक उसी तरह हो रहा है जैसे हिन्दू मंदिरों की सम्पत्तियों या ईसाई मिशनरियों की सम्पत्तियों का हो रहा है। इन सभी का नियमन जरूरी है क्योंकि अधिकांश वक्फ की सम्पत्तियों को असरदार लोगों ने या तो खुर्द-बुर्द कर दिया है या फिर उनके ऊपर गलत तरीके से कब्जा कर लिया है। आरोप है कि अकेले औबेसी के पास वक्फ की 3000 करोड़ की वक्फ सम्पत्तियाँ हैं। देश के अनेक राज्यों में वक्फ की सम्पत्तियों को लेकर अदालतों में मुकदमें चल रहे हैं।

## बांग्लादेश : शरणार्थी बनी शेख हसीना

राकेश अचल

बांग्लादेश में तख्ता पलट न अप्रत्याशित है और न इसे टाला जा सकता था, क्योंकि जिस तरह से प्रधानमंत्री शेख हसीना देश को चला रहीं थीं उसका हासिल यही होना था। शेख हसीना अपने मुल्क में तख्ता पलट होते ही पद से इस्तीफा देकर शरणार्थी बन गयीं हैं, लेकिन बांग्लादेश की आग की जलन आस-पड़ौस में भी महसूस की जा रही है। 53 साल के बांग्लादेश को ये दिन क्यों देखना पड़ रहे हैं इसका विश्लेषण अब बहुत जरूरी हो गया है।

आज से 53 साल पहले 1971 में बांग्लादेश जिन परिस्थितियों में बना था तब से अब तक बहुत कुछ बदला है। भारत ने 6 दिसंबर, 1971 को बांग्लादेश को एक स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता दी थी, हालांकि तब वह पाकिस्तान का पूर्वी हिस्सा था, कोई 10 दिन बाद बांग्लादेश को पूर्ण आजादी तब मिली थी जब पाकिस्तान की सेना ने भारत की सेना के सामने हथियार डाल दिए थे।

बांग्लादेश स्वाभाविक रूप से भारत का मित्र है और पिछले 53 साल में तमाम उठपटक के बावजूद भारत और बांग्लादेश में अपवादों को छोड़कर कभी अनबन नहीं हुई। जानकार कहते हैं कि दक्षिण एशिया के देशों में बांग्लादेश के सबसे करीबी संबंध भारत के साथ ही हैं। सिर्फ. व्यापार के स्तर पर बात करें तो दोनों देशों के बीच 10 अरब डॉलर का कारोबार होता है, जो पूरे दक्षिण एशिया में सबसे ज्यादा है। पाकिस्तान बनने के 24 साल बाद ही बांग्लादेश का उदय हुआ। क्यों हुआ ये सब जानते हैं। इसकी तफ्सील में जाना शायद जरूरी नहीं है।

बांग्लादेश में तख्तापलट की वजह बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा समाप्त करने की मांग को लेकर पिछले महीने से छात्रों का आंदोलन है। आगे चलकर यह एक व्यापक सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गया और आग ऐसी भड़की कि प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा वे यदि पलायन न करतीं तो मुमकिन है कि उन्हें भी हिंसा का शिकार होना पड़ता। दुर्भाग्य की बात यह है कि जिस बांग्लादेश की आजादी में भारत की प्रमुख भूमिका रही उस बांग्लादेश में पाकिस्तान की राजनीति का रंग ज्यादा चढ़ा बजाय भारत की राजनीति के।

दुनिया जानती है कि 170 मिलियन की जनसंख्या के साथ, जनसंख्या की दृष्टि से बांग्लादेश दुनिया का आठवां सबसे बड़ा देश है, और एशिया में जनसंख्या के हिसाब से पांचवा सबसे बड़ा देश और सर्वाधिक मुस्लिम जनसंख्या की दृष्टि से तीसरा (भारत, पाकिस्तान के बाद ) सबसे बड़ा देश है। अधिकारिक बंगाली भाषा दुनिया में सातवीं सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जिसका उपयोग बांग्लादेश के साथ-साथ पडोसी राष्ट्र भारत के पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और आसाम में भी किया जाता है। बांग्लादेश के साथ भारत का एक पड़ौसी का ही नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक और भाषाई रिश्ता भी है। इसेआप रोटी-बेटी का रिश्ता भी कह सकते हैं।

शेख हसीना भारत के नेहरू परिवार की राजनीति से मेल खाती राजनीति की उपज हैं। उन्हें अपने पिता शेख मुजीब की वजह से राजनीति में जगह जरूर मिली लेकिन आसानी से नहीं। उन्होंने अपना बहुत कुछ खोया भी। शेख हसीना के पिता, माँ और तीन भाई 1975 के तख्तापलट में मारे गए थे। उस हादसे के बाद भी उन्हें राजनीतिक सफलता आसानी से नहीं मिली। उन्होंने 80 के दशक में बांग्लादेश में जनरल इरशाद के सैनिक शासन के खिलाफ मुहिम छेड़ी, उस दौरान उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। जनरल इरशाद के बाद भी उन्हें जनरल की पत्नी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की खालिदा जिया से कड़ी और लंबी राजनीतिक लड़ाई लड़नी पड़ी।

शेख हसीना ने 1996 में चुनाव जीता और कई वर्षो तक देश का शासन चलाया। उसके बाद उन्हें विपक्ष में भी बैठना पड़ा। उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। उन पर एक बार प्राणघातक हमला भी हुआ जिसमें वे बाल बाल बच गईं, एक बार फिर बांग्लादेश राजनीति के गहरे भंवर में फंस गया था तब देश की बागडोर सेना समर्थित सरकार ने संभाल ली, इस सरकार ने शेख हसीना पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और उनका ज्यादातर वक्त हिरासत में ही गुजरा। इस बीच वे अपने इलाज के लिए अमरीका भी गईं और ये अंदाजा लगाया जा रहा था कि वे जेल से बचने के लिए शायद वापस लौट कर ही ना आएँ। लेकिन वे वापस लौटीं और दो साल के सैनिक शासन समेत सात साल बाद 2008 में हुए संसदीय चुनावों में विजय प्राप्त की। बांग्लादेश में तख्तापलट की असली वजह विपक्ष का सफाया और देश की खराब आर्थिक स्थिति के साथ ही 1979 के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वालों के लिए नये देश में तीस फीसदी का आरक्षण नौकरियों में देने का फैसला रहा। बंगाली नौजवान यह माँग कर रहे थे कि जिन लोगों ने मुक्ति आंदोलन में हिस्सा लिया था, अब वे साठ पैंसठ के हो रहे होंगे। ऐसे में उन्हें नौकरियों की दरकार नहीं रही। नाहक उनके परिजनों को आरक्षण मुहैया कराया जा रहा है। इस माँग पर हसीना ने 2018 में यह आरक्षण निरस्त भी कर दिया था पर उस आरक्षण के लाभार्थी कोर्ट गये। अदालत ने लाभार्थियों के पक्ष में फैसला सुना दिया और यहीं से हिंसा भड़कना शुरू हुई।

# कितनी बार अपने ही संस्थापक बंगबंधु को मारेगा बांग्लादेश

जिस बंगबंधु की कुर्बानियों के चलते बांग्लादेश का 1971 में स्वतंत्रता संग्राम के बाद जन्म हुआ था, उनकी तस्वीरों और मूरत को तोड़ा और फाड़ा जा रहा है। और पूरी दुनिया ने इसे देख रही है। मैं तो उन चन्द युद्ध संवाददाताओं में एक था जिसने बांग्लादेश के ह्रराष्ट्रपिताह्न कहे जाने वाले स्वतंत्रता संग्राम के नेता शेख मुजीब के पराक्रम, चमत्कार और करिश्माई नेतृत्व को मुक्ति वाहिनी के संघर्ष से लेकर भारत- पाक के युद्ध के बाद बॉंग्लादेश की स्वतंत्रता तक नजदीकी से देखा है। फिर यह भी देखा है कि 1975 में किस तरह उनके परिवार के अधिकांश सदस्यों (विदेश में रह रही हसीना बच गई थीं) की क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी गई थी। अब उनकी बेटी और बांग्लादेश को प्रगति के रास्ते पर लेकर जाने वाली शेख हसीना को भी निर्वाचित प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए भी मजबूर होना पड़ा। उन्हें देश छोड़ने के लिये मात्र 45 मिनट का अल्टीमेटम दिया गया था, जिसके बाद देश फिर से सेना के पूर्ण नियंत्रण में आ गया है। सेना प्रमुख, जनरल वाकर-उज-जमान, जो इस साल 23 जून से पद पर हैं, ने एक ह्रअंतरिम सरकारह्न का वादा किया है। लेकिन, इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि आदेश कौन देगा। उन्होंने विपक्षी दलों से बात की है। उन्होंने शेख हसीना की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी, पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को रिहा कर दिया है। खालिदा जिया के प्रधानमंत्रित्व काल में बांग्लादेश इस्लामी आतंकवाद का केंद्र बन गया था। खालिदा जिया घनघोर भारत विरोधी रहीं हैं।





आर.के. सिन्हा
लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

शेख हसीना का इस्तीफा बांग्लादेश के लिए एक दुखद अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उतनी ही दुखद वे तमाम छवियां है, जिन्हें आज सारी दुनिया टेलीविजन पर देख रही है। इनमें सैकड़ों लोग बांग्लादेश के संस्थापक और शेख हसीना के पिता बंगबंधु शेख मुजीब उर रहमान की मूरत पर चढ़कर उसे हथौड़े मारकर तोड़ रहे हैं। जिस बंगबंधु की कुर्बानियों के चलते बांग्लादेश का 1971 में स्वतंत्रता संग्राम के बाद जन्म हुआ था, उनकी तस्वीरों और मूरत को तोड़ा और फाड़ा जा रहा है। और पूरी दुनिया ने इसे देख रही है। मैं तो उन चन्द युद्ध संवाददाताओं में एक था जिसने बांग्लादेश के ह्रराष्ट्रपिताह्न कहे जाने वाले स्वतंत्रता संग्राम के नेता शेख मुजीब के पराक्रम, चमत्कार और करिश्माई नेतृत्व को मुक्ति वाहिनी के संघर्ष से लेकर भारत- पाक के युद्ध के बाद बॉंग्लादेश की स्वतंत्रता तक नजदीकी से देखा है। फिर यह भी देखा है कि 1975 में किस तरह उनके परिवार के अधिकांश सदस्यों (विदेश में रह रही हसीना बच गई थीं) की क्रूरतापूर्वक हत्या कर दी गई थी।

अब उनकी बेटी और बांग्लादेश को प्रगति के रास्ते पर लेकर जाने वाली शेख हसीना को भी निर्वाचित प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए भी मजबूर होना पड़ा। उन्हें देश छोड़ने के लिये मात्र 45 मिनट का अल्टीमेटम दिया गया था, जिसके बाद देश फिर से सेना के पूर्ण नियंत्रण में आ गया है। सेना प्रमुख, जनरल वाकर-उज-जमान, जो इस साल 23 जून से पद पर हैं, ने एक ह्रअंतरिम सरकारह्न का वादा किया है। लेकिन, इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि आदेश कौन देगा। उन्होंने विपक्षी दलों से बात की है। उन्होंने शेख हसीना की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी, पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को रिहा कर दिया है। खालिदा जिया के प्रधानमंत्रित्व काल में बांग्लादेश इस्लामी आतंकवाद का केंद्र बन गया था। खालिदा जिया घनघोर भारत विरोधी रहीं हैं। खालिदा जिया की रिहाई से भारत की विदेश नीति को तय करने वाले चिंतित जरूर होंगे। खालिदा जिया जब अपने देश की प्रधानमंत्री थीं तब वहां टाटा ग्रुप की इनवेस्टमेंट करने की योजना का कसकर विरोध हुआ था। उसे हवा खालिदा की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी( बीएनपी) ही दे रही थी। टाटा ग्रुप की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से की जा रही थी। टाटा ग्रुप को ईस्ट इंडिया कंपनी जैसा बताने वाले भूल गए थे कि टाटा ग्रुप भारत से बाहर दर्जनों देशों में स्वच्छ, स्वस्थ और पारदर्शिता पूर्ण कारोबार करता है। वहां पर तो उस पर कभी कोई आरोप नहीं लगाता।


शेख हसीना सरकार का तख्ता पलटने के साथ ही वहां जमाते ए इस्लामी और भारत विरोधी ताकतें हिन्दुओं और प्राचीन हिन्दू मंदिरों पर हमला करने लगी हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले शेख हसीना के दौर में कमोबेश खत्म हो गए थे। वहां पर अब तो धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिए स्पेस जीवन के सभी क्षेत्रों में घट रहा है। बांग्लादेश में कठमुल्ले कट्टर इस्लामिक हिन्दुओं की जान के पीछे पड़े हुए हैं। उन्हें तो बस मौके भर की तलाश होती है। यह अफसोसजनक बात है कि बांग्लादेश में हिन्दू कतई सुरक्षित नहीं हैं। जबकि बांग्लादेश में सदियों से बसे हिन्दुओं ने बंग बंधु के नेतृत्व में बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। राजधानी दिल्ली में निर्वासित जीवन जी रही तस्लीमा नसरीन ने अपने उपन्यास ह्रलज्जाह्न में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की दर्दनाक स्थिति पर विस्तार से लिखा है। इसलिए ही उनकी जान के भी दुश्मन हो गए थे कठमुल्ले। मुझसे एक- दो बार तस्लीमा मिलने क्या आ गईं कि मुझे भी सलाहपूर्ण धमकियों भरे कॉल आने लगे थे। उसी विरोध के कारण तसलीमा को भी अंततः अपनी मातृभूमि बांग्लादेश सदा के लिये छोड़ना पड़ा था। तस्लीमा नसरीन का उपन्यास ह्यलज्जाह्न1993 में पहली बार प्रकाशित हुआ था। वह लज्जा में साम्प्रदायिक उन्माद के नृशंस रूप को सामने लाती है। लज्जा के आने के बाद कट्टरपंथियों ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया था। जिस कारण से वह अमेरिका चली गईं थीं। अपनी जान बचाने की गरज से तस्लीमा लम्बे अरसे तक स्वीडन, जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका में भी रहीं। वह 2004 में कोलकाता आ गईं थीं। उन पर 2007 में हैदराबाद में भारत के कठमुल्लों ने हमला भी किया पर वे बाल बाल बच गईं।

बांग्लादेश में जेसोर, देबीगंज, राजशाही, शांतिपुर, प्रोधनपारा और आलमनगर में हिन्दुओं पर सर्वाधिक जुल्मों-सितम होते रहे हैं। जब 1947 में भारत का बंटवारा हुआ था, उस समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हिन्दू वहां की आबादी के 30 से 35 फीसदी के बीच थे। पर 2011 की जनगणना के बाद वहां हिन्दू देश की कुल आबादी का मात्र 8 फीसदी ही रह गए हैं। शेख हसीना के दौर से पहले बांग्लादेश में शायद ही ऐसा कोई दिन बीतता हो, जब किसी हिन्दू महिला के साथ कट्टरवादी बदतमीजी न करते हों। कोई महिला कट्टरवादियों का विरोध करती, तो उसे निर्ममता पूर्वक मौत के घाट उतार दिया जाता।

बांग्लादेश में हिन्दू महिलाएं हमेशा ही कट्टरपंथियों के निशाने पर रही हैं। राह चलती किसी लड़की को सरेआम उठाकर कहा जाता है कि उसने इस्लाम कबूल कर लिया है और उसका जबरन निकाह किसी मुस्लिम से कर दिया जाता है। इसलिए दोनों देशों के हिन्दू भारत आना चाहते हैं। यही वजह है कि कुछ लोग सवाल उठाने लगे हैं कि क्या कुछ साल बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश हिन्दू-विहीन हो जाएंगे? क्या बांग्लादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न की खबरें उन भारतीय सेकुलरवादियों तक नहीं पहुंचती हैं, जो हमास के किसी आतंकी को मारे जाने पर इजराईल को पानी पी-पीकर कोसते हैं? बहरहाल, एक बात तो माननी ही होगी कि शेख हसीना ने भारत के पूर्वोत्तर को सुरक्षित बनाने में बहुत योगदान दिया था। उन्होंने अपने देश के कठमुल्लों को कभी भारत के पूर्वोत्तर भागों में अपना खेल खेलने की इजाजत नहीं दी। क्या अब यह क्षेत्र फिर से आतंकवादियों का केंद्र बन जाएगा? शेख हसीना, जो 2009 से सत्ता में थीं और दुनिया की सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली नेता रहीं। लेकिन, वे भी कई कमियों की शिकार रहीं। वह उन चेतावनियों को पढ़ने में विफल रहीं जो एक सामाजिक-आर्थिक और संभावित रूप से भावनात्मक मुद्दे पर विरोध प्रदर्शनों के साथ आई थीं। हाल के आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग 1971 के स्वतंत्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए

# हरियाणा : स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल -मरीज बेहाल

स्वास्थ्यकर्मियों की इस राजयव्यपी हड़ताल के कारण हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को इलाज में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास तौर पर अस्पतालों में प्रसव, एनीमिया कार्यक्रम, टीकाकरण, एंबुलेंस सेवा, कैंसर मरीजों की जांच, गर्भवती पंजीकरण, फिजिओथैरेफी तथा जरूरी जांच सेवायें कुछ ज्यादा ही प्रभावित हुई हैं। इस हड़ताल के चलते कई शहरों के अस्पतालों में तो लेबर रुम, नर्सरी, केएमसी यूनिट, रेफरल ट्रांसपोर्ट, मेंटल हेल्थ, स्कूल हेल्थ, टीबी व आयुष विभाग की सेवाओं को पूरी तरह से बंद ही कर दिया गया है। हरियाणा के एनएचएम कर्मचारी, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट से लेकर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी तक अपनी मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी धरने पर बैठे हैं। आंदोलनकारी एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि हरियाणा सरकार एनएचएम कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र सार्थक पहल नहीं करती तो राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं और भी बिगड़ सकती हैं। कर्मचारियों द्वारा भविष्य में इस आंदोलन को और भी अधिक तेज किये जाने की चेतावनी दी गयी है। यह वही स्वास्थ्य कर्मी हैं जिन्होंने कोरोना काल में अपनी जान की परवाह किये बिना दिन रात एक कर कोरोना मरीजों के बीच काम करने का साहस जुटाया था .उस समय सरकार ने उनके सम्मानार्थ दिल्ली व अन्य कई जगहों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराकर उनकी मेहनत व हौसले को मान्यता प्रदान की थी। आज उन्हीं कर्मचारियों का अपने व अपने परिवार के भविष्य को लेकर अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष करना पड़ रहा है।



निर्मल रानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के लगभग 16 हजार कर्मचारी, गत 26 जुलाई से अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। स्वास्थ्यकर्मियों की इस राजयव्यपी हड़ताल के कारण हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को इलाज में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास तौर पर अस्पतालों में प्रसव, एनीमिया कार्यक्रम, टीकाकरण, एंबुलेंस सेवा, कैंसर मरीजों की जांच, गर्भवती पंजीकरण, फिजिओथैरेफी तथा जरूरी जांच सेवायें कुछ ज्यादा ही प्रभावित हुई हैं। इस हड़ताल के चलते कई शहरों के अस्पतालों में तो लेबर रुम, नर्सरी, केएमसी यूनिट, रेफरल ट्रांसपोर्ट, मेंटल हेल्थ, स्कूल हेल्थ, टीबी व आयुष विभाग की सेवाओं को पूरी तरह से बंद ही कर दिया गया है। हरियाणा के एनएचएम कर्मचारी, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट से लेकर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी तक अपनी मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी धरने पर बैठे हैं। आंदोलनकारी एनएचएम स्वास्थ्य कर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि हरियाणा सरकार एनएचएम कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र सार्थक पहल नहीं करती तो राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं और भी बिगड़ सकती हैं। कर्मचारियों द्वारा भविष्य में इस आंदोलन को और भी अधिक तेज किये जाने की चेतावनी दी गयी है। यह वही स्वास्थ्य कर्मी हैं जिन्होंने कोरोना काल में अपनी जान की परवाह किये बिना दिन रात एक कर कोरोना मरीजों के बीच काम करने का साहस जुटाया था.उस समय सरकार ने उनके सम्मानार्थ दिल्ली व अन्य कई जगहों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराकर उनकी मेहनत व हौसले को मान्यता प्रदान की थी। आज उन्हीं कर्मचारियों का अपने व अपने परिवार के भविष्य को लेकर अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष करना पड़ रहा है।राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की स्थापना 12 अप्रैल, 2005 को विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और समाज के कमजोर वर्गों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को संबोधित करने और किफायती, सुलभ और गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए की गई थी। इसके बाद राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, (एनयूएचएम) मई 2013 में शुरू किया गया था और एनआरएचएम के साथ ही अतिव्यापी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के उप-मिशन के रूप में सम्मिलित था। इसका मकसद भी स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रथाओं में नवाचारों, राज्यों के लिए बेहतर स्वास्थ्य परिणामों और स्वास्थ्य संकेतकों के लिए मजबूत निगरानी और मूल्यांकन घटक के साथ राज्यों को लचीला वित्तपोषण जैसी कई अद्वितीय प्रथाओं को प्रोत्साहित करना था। वैसे तो इनकी सेवाओं की अनेक उपलब्धियां हैं। परन्तु कुछ उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। जैसे इनके परिश्रम के परिणामस्वरूप ही हरियाणा में जो लिंगानुपात 2013-14 में 668 था वह 2022-23 में 909 तक पहुंच गया। इसी तरह 2013 -14 में जो नवजात मृत्यु दर औसतन 26 थी वह 2022-23 तक 19 तक आ गयी। इसी प्रकार 2013 -14 में जो मातृ मृत्यु दर 127 थी वह 2022-23 में घटकर 110 तक पहुंचा दी। राज्य को पोलियो मुक्त बनाने में एनएचएम कर्मियों की अहम भूमिका रही। बाढ़ में दवा बांटना हो या भोजन, एनएचएम कर्मियों द्वारा हर जगह भरपूर सेवाएं प्रदान की गयीं। सरल पोर्टल पर जन्म मृत्यु का डेटा रखने में इनकी अहम भूमिका है। रक्दान शिविरों के आयोजन में भी एनएचएम कर्मियों द्वारा अपना भरपूर योगदान दिया जाता है।

ऐसे अनेक आंकड़े हैं जो इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफी है कि देश को स्वस्थ रखने में एनएचएम कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। परन्तु अफसोस तो इस बात का है कि इनकी सेवाएं स्थाई न होने के चलते राज्य के स्वास्थ्य की चिंता करने वाले इन्हीं स्वास्थ्यकर्मियों का अपना व इनके परिवार का भविष्य असुरक्षित है। जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मियों ने सरकार के स्वास्थ्य सम्बन्धी निर्धारित मिशन को पूरा करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। और आज मजबूरन इन्हें राजयव्यपी हड़ताल पर जाना पड़ा है। आज करीब 16 हजार एनएचएम कर्मचारी नियमितीकरण, 7वें वेतन आयोग, एलटीसी का भुगतान, मेडिकल लीव, कैशलेस बीमा, ईएल/सीएल, पुरानी तबादला नीति को लागू करने जैसी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। गत 5 अगस्त को तो इन एनएचएम कर्मचारियों ने अन्नदान करते हुए एक दिवसीय भूख हड़ताल की तथा हाथों में मेहंदी लगाकर अपना अनूठा रोष व्यक्त किया। उधर खबर है कि हरियाणा सरकार सख्त रवैया अपनाने की तैयारी में है।

खबरों के अनुसार सरकार द्वारा कर्मचारियों के सेवा नियमों को तुरंत प्रभाव से फ्रीज करने के आदेश दिए गए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से कहा गया है कि अब नियमों के तहत सात दिनों तक ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को बर्खास्त किया जाएगा। इस आदेश के बाद एनएचएम के हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों में और रोष पैदा हो गया है। एनएचएम आंदोलन के पदाधिकारियों ने इसके जवाब में कहा है कि अगर उनके हितों के साथ सरकार ने खिलवाड़ किया और सर्विस बायलॉज को फ्रीज करने की एडवाइजरी को वापस नहीं लिया, तो वे अपने हितों की रक्षा के लिए इस लड़ाई को और तेज कर देंगे। एनएचएम सांझा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि-ह्ननियमावली हमने भी पढ़ी है और हम अपनी मांगों के पूरा होने तक ना हड़ताल खत्म करेंगे और ना कोई कर्मचारी ड्यूटी पर वापस जाएगाह्न। सवाल यह है कि जब 2022 में भाजपा शासित मणिपुर राज्य ने जहां 2600 एनएचएम कर्मचारियों को नियमित किया गया, जबकि हरियाणा में भी भाजपा की सरकार है। परन्तु हरियाणा सरकार केंद्र के प्रस्ताव और मणिपुर सरकार द्वारा एनएचएम कर्मचारियों के सम्बन्ध में लिये गये फैसले पर अमल करने को तैयार नहीं दिखाई दे रही है। शायद ऐसा इसलिए है क्योंकि यह कर्मचारी केंद्र सरकार के तहत आते हैं। और केंद्र सरकार द्वारा इनके नियमितीकरण के लिए कोई नीति निर्धारित नहीं की गई है? यही वजह है कि गत 24 वर्षों से ये कर्मचारी अनुबंध पर ही सेवाएं दे रहे हैं। और अभी तक इन कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। दूसरी तरफ खबर है कि पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश द्वारा मणिपुर पॉलिसी पर अध्ययन करने के आदेश दे दिए गये हैं।

# प्रकृति की अनदेखी से बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं

सुनील कुमार महला

मानसून के इस सीजन में कहीं कहीं बहुत अधिक बारिश हो रही है, इससे जहां एक ओर हमारे देश में अनेक स्थानों पर बाढ़ आ गई है तो वहीं दूसरी ओर पहाड़ों में भूस्खलन की घटनाएं घटित हो रही हैं। दरअसल आज हम प्रकृति के संरक्षण की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पा रहे हैं और यही कारण है कि जलवायु परिवर्तन से बारिश भी बहुत अधिक होने लगी है तो कहीं पर सूखा भी पड़ने लगा है। बारिश शहरों व बड़े महानगरों से लेकर गांव गलियों तक के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल रहा है। आज बढ़ती जनसंख्या के बीच हमारे शहर भी नियोजित ढंग से नहीं बसाये जा रहे हैं, मनमाने ढ़ंग से निर्माण हो रहे हैं और उसका खामियाजा हमें निचले इलाकों में पानी भरने, बाढ़ आने के रूप में देखने को मिल रहा है। हमारे देश में भूस्खलन की घटनाएं तो जैसे आम होने लगीं हैं, विशेषकर बारिश के सीजन में। कहना गलत नहीं होगा कि भूस्खलन का कारण कहीं न कहीं अधिक बारिश भी है। बारिश ही नहीं बल्कि बर्फ पिघलने, जल स्तर में परिवर्तन, धारा कटाव, भूजल में परिवर्तन, भूकंप, ज्वालामुखीय गतिविधियों, मानवीय गतिविधियों द्वारा गड़बड़ी और इन कारकों के किसी भी संयोजन से ढ़लानों में भूस्खलन शुरू हो सकता है। भूकंप के झटके और अन्य कारक भी पानी के भीतर अनेक बार भूस्खलन को प्रेरित कर सकते हैं। हमारे देश भारत में भूस्खलन एक बहुत ही गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसके भयानक परिणाम होते हैं। भूस्खलन की घटनाएं खड़ी ढ़लान वाली भूमि, चट्टानों में जोड़ व दरारें होने, ढ़ीली मिट्टी (वृक्ष कटाई के कारण), चरागाहों के कम होने के कारण होती हैं। वनों में आग लगने(दावानल) से मिट्टी कमजोर पड़ जाती है और वहां भूस्खलन की घटनाएं घटित होने लगतीं हैं। मानवीय गतिविधियों जैसे वनों की अंधाधुंध कटाई, कंक्रीट के जंगलों में बढ़ोतरी (निर्माण कार्य) से भी भूस्खलन होता है। वास्तव में देखा जाए तो भूस्खलन के प्राकृतिक व मानवीय दोनों ही कारण हैं। एक ओर जहां भारी बारिश, भूकंप, मिट्टी का प्राकृतिक रूप से क्षरण, ज्वालामुखी विस्फोट भूस्खलन के प्राकृतिक कारण हैं तो वहीं दूसरी ओर खनन, जलवायु परिवर्तन, अतिक्रमण, वनों की कटाई मानवजनित कारणों में से हैं। इन दिनों हमारे देश में दक्षिण-पश्चिमी मानसून आसमानी आफत का रूप ले चुका है। बीते कुछ दिनों से दक्षिण से उत्तर भारत तक जहां देखो वहीं पर पानी का रौद्र रूप देखने को मिला। हाल में ही केरल के वायनाड में तीव्र भू-स्खलन ने मुंडक्कई, चूरलमाला कस्बों का अस्तित्व तक ही मिटा दिया। भीषण त्रासदी में सैकड़ों लोग मारे गए। पशुधन, जान माल को काफी नुकसान पहुंचा है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सच तो यह है कि विनाशकारी लैंडस्लाइड अब राष्ट्रीय आपदा बन चुकी है। केरल जैव विविधता की दृष्टि से भारत के संपन्न राज्यों में से एक है, ऐसे में केरल जैसे राज्य में लगातार भूस्खलन चिंता का विषय हैं। अध्ययन बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन और वन क्षेत्र की हानि केरल के वायनाड में विनाशकारी भूस्खलन के दो महत्त्वपूर्ण कारण हैं। इसरो की सैटेलाइट तस्वीरें वायनाड भूस्खलन में व्यापक तबाही दिखाती हैं। सैटेलाइट द्वारा प्राप्त तस्वीर से पता चलता है कि लगभग 86, 000 वर्ग मीटर भूमि खिसक गई, जिससे राष्ट्रपति भवन के आकार से लगभग पांच गुना बड़ा भूस्खलन हुआ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 08 अगस्त, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### निक्की पांडेय का सुन बा कलाई गीत की मिल रही प्रशंसा

रसूलपुर।भाई -बहन की मिठास भरी रिश्ते को अपने गायन व अभिनय से युवा गायक निक्की पांडेय ने सजाया है जिसे देख सुन लोग काफी प्रशंसा कर रहे हैं।सुन बा कलाई नाम से सोशल मीडिया पर डाले गये इस गीत को लिखा है विक्की दिवाना ने।तत्काल म्यूजिक की प्रस्तुति में निक्की पांडेय अपने दर्द भरी आवाज में गीत को न केवल गाया है बल्कि लाजवाब अभिनय भी किया है।अभिनय और गीत ने उस भाई की भावनाओं को उकेरा है जिसमें पुलिस बल में नौकरी करते छुट्टी नहीं मिल रही है।रसूलपुर थाना क्षेत्र के असहनी गांव निवासी निक्की पांडेय खुद ही अपने रसूलपुर स्थित महेंद्रनाथ रोड स्थित महाकाल स्टुडियो में गीत की रिकार्डिंग की है।अभिनय दल में गीतकार- विक्की दिवाना, बाबू सन्नी,मिकेश यादव,विजय के साथ संगीतकार मनीष बाबा, प्रोड्यूसर राकेश पांडेय, वीडियोग्राफी मिकेश यादव ,कोरियोग्राफी सन्नी ,काजल कश्यप के कार्यो भी की सराहना की जा रही है।

### डीएम व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने आज केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के अवसर पर विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय ने छपरा सेंट्रल स्कूल, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सारण एकेडमी आदि परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्राधीक्षकों एवं सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर स्पष्ट दिशा निदेश दिया।

### माँझी स्वास्थ्य केंद्र में 14 टीवी के मरीजों के बीच फुट पैकेट का हुआ वितरण

माँझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार की मौजूदगी में टीबी रोगियों के बीच छठे एवं आखिरी महीने का फूड पैकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय अस्पताल के बीएचएम, बीसीएम, एसटीएस सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डॉ रोहित कुमार ने बताया की स्थानीय माँझी प्रखंड क्षेत्र के 41 टीबी रोगियों के बीच छठी बार फूड पैकेट्स का वितरण किया गया है। हालांकि इसके बाद अब फूड पैकेट पौष्टिक आहार का वितरण नही किया जाएगा यह पौस्टिक आहार वितरण कार्य की अवधी छह माह की होती है।कुल 41 टीवी की चिन्हित मरीज अब स्वास्थ्य हो गये है। लेकिन टीबी मरीजों को दवा सेवन के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य को लेकर विभागीय स्तर पर फॉलोअप किया जाएगा। मांझी प्रखंड के 41 टीबी रोगी माँझी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँच आखिरी महीने का पौष्टिक आहार प्राप्त किया ।

### जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता अपनाओं पर दिया गया बल

एकमा। नगर पंचायत एकमा बाजार प्रशासन के द्वारा नगर पंचायत कार्यालय के समीप सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ एवं डायरीया अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अपनाओ का अभियान किया गया, यह अभियान एक जूलाई से आरम्भ होकर 31 अगस्त तक चलेगा, इस क्रम में नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं घर-घर जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है, इस कार्यक्रम में नगर पंचायत एकमा बाजार, के कायार्पालक पदाधिकारी - श्री रमन राज, स्वच्छता पदाधिकारी - सुषमा शेखर, योजना सहायक - कमल किशोर सहाय , सफाई जामादार - रमेश कुमार सिंह, अप्पू कुमार सिंह, पिन्टु मिश्रा, दीपक कुमार, महेश्वरी पाण्डे, निभा कुमारी आदि उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधि ने मंत्री का किया स्वागत

छपरा कार्यालय। बुधवार को बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम का छपरा विकासमित्र के बैठक मे जाने के क्रम मे परसा चौक पर सांसद प्रतिनिधि व प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह और मंडल अध्यक्ष भूलन जी के नेतृत्व मे उनका अंग वस्त्र बुके और फुल माला से जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर भाजपा नेता चंदन सिंह युवा मोर्चा सुमंत कुमार रामबाबू राय युवा मोर्चा कुणाल कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित थे स्वागत से अभिभूत होकर मंत्री ने सभी लोग को धन्यवाद दिया ज्ञात हो कि वह सरकारी कार्यक्रम मे छपरा प्रेक्षा गृह जा रहे थे उसी क्रम मे. भेल्दी मे भी छेत्रिय प्रभारी अनिल सिंह के द्वारा भी उनका स्वागत किया गया ।

# विभिन्न मांगो को लेकर कुलपति से मिला युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय।बुधवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक वृहद प्रतिनिधिमंडल जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार बाजपेई से मिलकर लगभग 2 घंटे गंभीर चर्चा कर शैक्षिक समस्याओं के निदान की दिशा में सार्थक परिणीति आगे बढ़ने की दिशा में कदम बढ़ाया। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के छात्र समस्याओं के प्रमुख मुद्दों में पीजी सेशन 2020- 2022 सेकंड एवं थर्ड सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित करने,पीजी सेशन 2023- 25 में नामांकन आरंभ करने, स्नातक एवं स्नातकोत्तर के टीआर उपलब्ध कराने, स्नातक द्वितीय खण्ड 2020-23 परीक्षा फल घोषित करने, गूगल फॉर्म द्वारा भरे गए डिग्री सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने के संबंध में, बीएड के द्वितीय वर्ष के परीक्षा आयोजित कराने, डिग्री सर्टिफिकेट तत्काल उपलब्ध कराने संबंधित समस्याएं, 2020-23 के स्नातक पार्ट सेकंड के अंक पत्र उपलब्ध कराने एवं स्नातक सत्र 2020-23 के तृतीय खंड के परीक्षा आयोजित कराने, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान से संबंधित विभिन्न समस्याओं के निदान, स्पॉट एडमिशन शुरू करने, प्रिंटेड मार्कशीट विश्वविद्यालय के माध्यम से महाविद्यालयों में उपलब्ध कराने, स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न भागों के पेंडिंग रिजल्ट को सुधार कर तुरंत परीक्षा परिणाम घोषित करने, अर्जेंट डिग्री के लिए लगाए गए अतिरिक्त शुल्क को खत्म करने, छात्रों के लिए में आई हेल्प यू गठन करने आदि विभिन्न समस्याओं से कुलपति महोदय को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के संरक्षक शेख नौशाद एवं अध्यक्ष अमित नयन ने किया। कुलपति ने इन सभी बातों पर गंभीरता पूर्वक ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने छात्र नेताओं को कहा कि मार्कशीट संबंधित समस्याएं एवं अर्जेंट डिग्री के लिए अब कोई भी अतिरिक्त शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा चालान के रूप मेंनहीं लिया जाएगा। 1 महीने के अंदर अर्जेंट और जनरल सभी डिग्री सर्टिफिकेट को छात्रों को उपलब्ध कराने की बात कही। प्रोफेसर वाजपेई ने कहा कि जल्द ही छात्राओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल की समुचित रूप से व्यवस्था की जाएगी ताकि छात्राओं को किसी भी तरह की समस्या विश्वविद्यालय कैंपस में ना हो। संगठन के संरक्षक शेख नौशाद ने कहा कि अंक पत्र, डिग्री सर्टिफिकेट छात्रों को सुगमता से उपलब्ध हो। संगठन के अध्यक्ष अमित नयन ने कुलपत महोदय से कहा कि तत्काल डिग्री के लिए लिए गए चालान को तत्काल बंद किया जाए, डिग्री सर्टिफिकेट में होने वाली समस्याओं के निदान के लिए परीक्षा विभाग का पूरा सहयोग मिले ताकि छात्रों को डिग्री सर्टिफिकेट मिलने में सहूलियत मिले। संगठन के उपाध्यक्ष रोहित रमन सिंह ने कहा कि परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किया जाए ताकि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्र- छात्राओं को बैठने का मौका मिले। संगठन के महासचिव शादाब अहमद मजहरी ने कहा कि छात्र समस्याओं का निदान शीघ्र हो। वहीं राजेंद्र कॉलेज अध्यक्ष सिम्मी सिंह जगदम कॉलेज इकाई के अध्यक्ष अमृत कुमार मौर्य एवं नंदिता सिंह ने सिंह ने संयुक्त संबोधन में छात्रों से कहा कि अकादमी की व्यवस्था को जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से शेख नौशाद, अमित नयन, रोहित रमन सिंह, शादाब अहमद मजहरी, सूर्य प्रताप सिंह, अमृत कुमार मौर्य, जितेश कुशवाहा, सिमी सिंह, नंदिता सिंह, गोलू कुमार राम, राजीव, रोशन आदि विद्यार्थी मौजूद थे।

## भविष्य की पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना अतिआवश्यक : डॉ. सुरेश पाण्डेय

प्रात: किरण, संवाददाता

गंगा, गंडक और घाघरा नदी से घिरा सारण भारत के प्राचीन केंद्रों मे से एक हैं। नवपाषाण काल से निरंतर अपनी उपस्थिति दर्ज करने वाला चिरांद में एक स्तरीकृत नवपाषाण, ताम्रपाषाण और लौह युग की बस्ती है सारण की भौतिक और सांस्कृतिक निरंरता का प्रमाण हैं। नवपाषाण काल की बस्तियों (2500-1345 ईसा पूर्व) में छोटी गोलाकार झोपड़ियों और गेहूं, चावल, मूंग , मसूर और मटर की छोटे पैमाने पर खेती के साक्ष्य मिले हैं। यहाँ पत्थर और हड्डी से बने औजार मिले हैं, हालाँकि हड्डी की संख्या ज्यादा थी। हथौड़े, चक्की, मूसल, चक्की के पत्थर और गेंदें भी मिली हैं। आधुनिक काल में महाराजा फतेह बहादुर शाही के ब्रिटिश सत्ता के प्रतिरोध से स्वतंत्रता तक भारतीय स्व में जागरण में सारण की महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। नवपाषण काल से अबतक सारण कि भौतिक और सांस्कृतिक निरंतरता सारण के इतिहास कि महत्वपूर्ण विशेषता हैं। उपरोक्त बातें अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के क्षेत्रीय संगठन मंत्री (उत्तर पूर्व क्षेत्र ) डॉ.सुरेश कुमार पाण्डेयजी ने जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा में इतिहास संकलन समिति उत्तर बिहार के विश्वविद्यालय इकाई के अगस्त माह की मासिक बैठक में कहा। सांस्कृतिक विरासत को समझते हुए अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के क्षेत्रीय संगठन मंत्री( उत्तर पूर्व क्षेत्र ) डॉ सुरेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि समाज के व्यक्तियों या समूहों की जीवनशैली जो भाषा, कला, कलाकृतियों और पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होने वाले उनके गुणों में व्यक्त होती है। यह पूर्वजों, उनके विश्वासों और उनके जीवन जीने के तरीके के बारे में बताती है। यह मूर्त या अमूर्त हो सकती है। मूर्त सांस्कृतिक विरासत का अर्थ है वे चीजें जिन्हें कोई व्यक्ति भौतिक रूप से संग्रहीत और स्पर्श कर सकता है। इसमें कपड़े, स्मारक और पुरातात्विक स्थल शामिल हैं। अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का अर्थ है ऐसी चीजें जो बौद्धिक रूप से मौजूद हैं। उनके पास मूल्य, विश्वास, सामाजिक प्रथाएँ, त्यौहार आदि होते हैं। भविष्य की पीढ़ियों के लिए सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना आवश्यक है। सारण प्रक्षेत्र की विशिष्ट मूर्त और अमूर्त संस्कृतिक परम्परा रही हैं। जिसके संरक्षण और दस्तावेजीकरण की आवश्यकता हैं। विश्वविद्यालय इकाई की मासिक बैठक को सम्बोधित करते हुए इतिहास संकलन समिति उत्तर बिहार के संपर्क एवं प्रचार प्रमुख डॉ रितेश्वर नाथ तिवारी ने विश्वविद्यालय इकाई द्वारा सारण के इतिहास को लिपिबद्ध करने कि कार्ययोजना प्रस्तुत किया। बैठक कि अध्यक्षता करते हुए इतिहास संकलन समिति उत्तर बिहार के उपाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार नायक विश्वविद्यालय इकाई के कार्ययोजना कि प्रशंसा करते हुए प्रान्त एक केंद्र से विश्वविद्यालय इकाई को हार्दिक संभव मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय संचालन डॉ अभय कुमार सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन बिट्टू कुमार सिंह ने किया।बैठक में विश्वविद्यालय इकाई के 30 से ज्यादा सदस्यों ने भाग लिया।

## मुख्यमंत्री शैक्षणिक भ्रमण पर गए पिपरा व भलूआ शंकरडीह के 100 बच्चें



प्रात: किरण, संवाददाता

तरैया प्रखंड के मध्य विद्यालय पिपरा व मध्य विद्यालय भलुआ शंकरडीह के लगभग 100 बच्चे मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण पर बुधवार को पटना गए।दोनो विद्यालय के छात्र छात्राएं पटना के चिड़ियाघर, गोल घर,तारामंडल,म्यूजियम, साइंस सिटी और संग्रहालय सहित अन्य स्थलों का परिभ्रमण करेगे।मध्य विद्यालय पिपरा के छात्र छात्राओं को पोखरेड़ा मुखिया प्रतिनिधि बीरबहादुर राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्रधानाध्यापक नवल किशोर यादव व कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि सरकार के द्वारा बच्चो के परिभ्रमण से छात्रों के मानसिक,बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण है।बच्चे जो किताबों में देखते हैं और सुनते हैं उसे नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। बच्चे नई नई चीजों को देखकर उसके बारे में जानकारी लेते हैं।इससे बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि पैदा होती है एवं किताबी ज्ञान के साथ-साथ अनुभव का भी समावेश होता है।मौके पर प्रधानाध्यापक नवल किशोर यादव,मंजूर आलम, अवधेश कुमार सिंह,अवधकिशोर प्रसाद,मनीष कुमार,अजीत कुमार,प्रियंका रंजू रंजन,स्मिता कुमारी,सुरेंद्र साह,राजेश कुमार, महमद फारूक सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

## मृतका की बहन शोभा देवी ने दर्ज कराई प्राथमिकी, हत्यारे भैसूर समेत पांच हुए नामजद

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( मोहन सिंह )।मझौलिया थाना क्षेत्र का शेख मंझरिया पंचायत के वार्ड 5 में कलयुगी भसुर ने अपने ही भाई की पत्नी का धारधार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी ।इस घटना से इलाके में सनसनी मच गई तथा दहशत का माहौल कायम हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात्रि शिवनाथ मुखिया का पुत्र धर्मराज मुखिया उर्फ साधु मुखिया ने अपने छोटे भाई

रामराज मुखिया की पत्नी आशा देवी की हत्या धारदार हथियार से कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया तथा हत्यारे भसुर को नानोसती चौक के समीप से गिरफ्तार कर लिया । इस बाबत मृतका की बहन शोभा देवी ने थाना में आवेदन देकर अपनी बहन के भसुर धर्मराज मुखिया उर्फ साधु मुखिया समेत 5 लोगो को नामजद आरोपित किया है ।वही प्रशिक्षु डीएसपी अमरकांत ने बताया कि घटना शेख मंझरिया वार्ड नम्बर 5 की है जहाँ एक जेठ ने अपनी भवे को धारधार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्यारे भसुर धर्मराज मुखिया को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार की खोजबीन की जा रही है तथा हर बिन्दुओ पर जांच की जा रही है व अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापामारी की जा रही है ।बताते चले कि मृतका आशा देवी ने पूर्व में भी मझौलिया थाना में एक आवेदन देकर अपनी जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई थी । मृतिका आशा देवी की शादी वर्ष 2019 में हिन्दू रीति रिवाज के साथ रामराज मुखिया के साथ संपन्न हुई थी । आशा देवी को एक 3 वर्ष का लड़का प्रिंस कुमार और 1 वर्ष की एक लड़की प्रियंका कुमारी है तथा पति विदेश में कार्यरत है ।

## छपरा शहर में सुगम यातायात एवं जल निकासी हेतु नाला के निर्माण को लेकर जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। छपरा शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं जल निकासी हेतु स्थाई व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न स्तरों पर कई बैठकें की गई हैं।

पूर्व में जनप्रतिनिधिगण के साथ बैठक की गई थी। विगत सप्ताह में जिला परिषद, बुडको, पथ प्रमंडल तथा नगर निगम के अभियंताओं के साथ भी बैठक की गई थी। सभी अभियंताओं को सड़कों के चौड़ीकरण एवं नये नालों के निर्माण को लेकर समेकित कार्य योजना तैयार करने का निदेश दिया गया था। बुधवार को जिलाधिकारी अमन समीर ने छपरा शहर में विभिन्न स्थलों पर जाकर स्वयं स्थलीय निरीक्षण किया तथा कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिया। जिला परिषद द्वारा सांढा ढाला ओवर ब्रिज के नीचे से मठिया मोड़ होते हुए पंचायत भवन सांढा से आगे स्थित पइन तक सड़क के दोनों तरफ नाले का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क के दोनों किनारे पर जिला परिषद के स्वामित्व के जमीन की मापी कर मार्किंग की गई है। जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण के क्रम में सड़क के दोनों तरफ की गई मार्किंग के अनुरूप 7 दिनों के अंदर अस्थाई अतिक्रमण को हटाने का निर्देश अंचलाधिकारी सदर को दिया। साथ ही स्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए विधिवत अतिक्रमण वाद चलाने का निर्देश दिया गया। सभी स्थाई अतिक्रमणकारियों को 18 अगस्त तक अनिवार्य रूप से अतिक्रमण हटाने से संबंधित नोटिस देने का निर्देश दिया गया। बाजार समिति से आगे पथ प्रमंडल के द्वारा बनाए गए नाले में इस नाले को क्रॉस ड्रेनेज बनाकर जोड़ने का निर्देश जिला परिषद को दिया गया। अंचलाधिकारी सदर को सांढा ढाला से मेथवलिया चौक तक सड़क के चौड़ाई की नापी दो दिनों के अंदर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

पूर्व के निर्मित सभी नालों की नापी कराकर अतिक्रमण हटाने हेतु गहन अभियान चलाने को कहा गया। गंडकी नदी के पास अतिरिक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण केलिए जमीन चिन्हित करने का निर्देशक अंचलाधिकारी सदर को दिया गया तथा बुडको के कार्यपालक अभियंता को इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया। नेवाजी टोला जाने वाली सड़क पर रेलवे लाइन से पहले पूर्व से निर्मित नाले का अस्तित्व समाप्त हो गया है। इसके लिए मनरेगा के माध्यम से नाला के साथ-साथ रास्ते के निर्माण हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता बुडको, जिला अभियंता, नगर निगम के अभियंता , अंचल अधिकारी सदर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## छपरा नगर निगम वार्ड 30 में जल्द बने टूटे नाले और स्लैब

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । छपरा नगर निगम वार्ड 30 की पार्षद नाजिया सुल्ताना द्वारा वार्ड के टूटे नाले और स्लैप निर्माण के लिए किए गए अनुसंसा पे अभी तक कोई कार्रवाई नही करने के बाद पार्षद प्रतिनिधि सह न्याय फाइटिंग फॉर द पीपुल के संस्थापक महासचिव मो सुल्तान हुसैन इदरीसी द्वारा लोक शिकायत अधिनियम के अंतर्गत परिवाद दायर किया गया जिसकी सुनवाई जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा किया गया. सुनवाई में लोक प्राधिकार सह नगर आयुक्त छपरा नगर निगम के और से उप नगर आयुक्त छपरा नगर निगम का प्रतिवेदन प्राप्त जिसमे कहा गया है कि कनीय अभियंता नगर विकास प्रमंडल ने प्रतिवेदन में बताया है कि वार्ड पार्षद नाजिया सुल्ताना द्वारा टूटे नाले और सेल्ब के मम्मती हेतु आवेदन कार्य में जमा किया गया था जिसके आलोक में स्थान निरीक्षण कर प्रकरण अनुमोदन के पश्चात प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के बाद तकनीकी शुरू किए थे एवं परिमाण विपत का मूल अनुमोदन एवं निविदा प्रकाशन में भेजा गया है दो बार निर्णय प्रशासन निकल गया जिसमें किसी भी समर्थन द्वारा भाग नहीं लिया गया जिसमें सूचना वर्तमान में पूर्ण निविदा प्रकाश है तो भेजा गया था माननीय लोक प्राधिकार से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार वार्ड पार्षद नाजिया सुल्ताना द्वारा नाले के मरम्मती एवं टूटे स्लैब की मोमबत्ती आवेदन कार्य में जमा किया गया जिसके आलोक में स्थल निरीक्षण कर प्रकरण अनुमोदन के पश्चात प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत तकनीकी स्वीकृति एवं परिमाण विपत्र का मूल अनुमोदन एवं निविदा प्रकाशन भेजा गया है वर्तमान में पूर्ण विविधता प्रकाशित हेतु भेजा गया है पूर्व में दो बार निविदा प्रकाशन कराया गया था परंतु किसी संवेदक के भाग नही लेने के वजह से निविदा नही हो सका...जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा निर्देश दिया गया की टूटे नाले और स्लैब की मरम्मती कार्य निविदा प्रकाशन कर नियमानुसार नाले का मरम्मत और स्लैब निर्माण कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे... निर्णय का परिवादी मो सुल्तान हुसैन इदरिसी ने स्वागत किया है और साथ ही जब तक कार्य ना हो जाए तब तक लडाई लड़ने और इसपे अपील भी करने की बात कही। इस आदेश पे पार्षद नाजिया सुल्ताना ने खुशी जाहिर करते हुवे कहा कि वार्ड के टूटे स्लैब और नाले के निर्माण के लिए कई साल से प्रयास में भी नगर आयुक्त और मेयर से लेकर सबको लिखा गया और मांग की गई मगर अभी के द्वारा नजर अंदाज किया गया ... मै जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को धन्यवाद देती हूं जिन्हो ने सुनवाई कर निर्माण कार्य के रास्ते को आसान किया।

## 50 वर्ष पुराने स्कूल भवन में चार कमरों में दो विद्यालयों के 10 कक्षाओं का होता है संचालन

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा में एक ऐसा प्राथमिक विद्यालय है जहां महज चार कमरों में दो स्कूलों का संचालन होता है और सैकड़ों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है की इन चार कमरों में दोनों विद्यालयों के वर्ग 5 - 5 तक के छात्र छात्राओं को भेड़ बकरियों की तरह बैठाया जाता है। लिहाजा ना तो छात्र कंसंट्रेट कर पाते हैं और ना ही शिक्षक। विद्यालय में आधारभूत संरचनाओं की भी काफी कमी है चार कमरे, दो विद्यालय, 10 कक्षाओं का संचालन, बैठने की व्यवस्था नदारद, प्रार्थना करने के लिए जगह की कमी और 50 वर्ष पुराना भवन, कुछ ऐसी है बिहार में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की तस्वीर जिसे देख आप भी चौंक जाएंगे की आखिर बच्चों का भविष्य किस दिशा में जा रहा है। दरअसल बगहा दो प्रखंड अंतर्गत यमुनापुर टंडवलिया पंचायत में वर्ष 1968 में स्थापित राजकीय प्राथमिक विद्यालय फरसहनी में एक और विद्यालय को टैग किया गया है। जहां दोनों विद्यालय के पांचवी वर्ग तक के बच्चों को भेड़ बकरियों की तरह बैठाकर उनके बेहतर भविष्य की बुनियाद मजबूत की जा रही है। बतादें की इस विद्यालय में वर्ष 2021 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय जयनगर को भी टैग किया गया। इस विद्यालय में पांचवीं तक के 66 बच्चों का नामांकन है जबकि राजकीय प्राथमिक विद्यालय फरसहनी में 122 छात्र नामांकित हैं। इस दोनों विद्यालयों के सभी छात्र छात्राओं को महज चार कमरों में एडजस्ट किया जाता है। एक एक कमरे में तीन तीन क्लास संचालित होते हैं।

## हत्या कांड में वांछित एवं फरार चल रहे अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । सारण जिलान्तर्गत अपराध के मुख्य शीर्ष में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक- 06.08.24 को डोरीगंज थाना दल द्वारा में डोरीगंज थाना कांड संख्या - 75/24, दिनांक - 28.03.24, धारा- 302/34 भा0द0वि0 में वांछित तथा फरार चल रहे अभियुक्त 1. दिलखुश राय, उर्म- 19 वर्ष, पिता- नवल राय, सा०- रायपुर बिन्दगावा, थाना- डोरीगंज, जिला -सारण को भोजपुर जिला के बडहरा थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता :- दिलखुश राय, उर्म- 19 वर्ष, पिता- नवल राय, सा०- रायपुर बिन्दगावा, थाना- डोरीगंज, जिला -सारण ` गिरफ्तार अभियुक्त दिलखुश राय का अबतक का ज्ञात आपराधिक इतिहास :- बडहरा थाना कांड संख्या- 144/24, दिनांक- 21.03.24, धारा- 341/323/324/307/506/34 भा0द0वि0 टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारीः- पु०अ०नि० तेजनारायण सिंह, प्र०पु०अ०नि० धीरज कुमार चौधरी, स०अ०नि० प्रभंजन कुमार सिंह, डोरीगंज थाना एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल थे।

### एजेन्ट पति के जिम्मे है चेक क्लीयरिंग - स्कैनिंग का कार्य

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया( मोहन सिंह )। पोस्टल डिपार्टमेंट के पदाधिकारियों के द्वारा फिजुल खर्च पर अंकुश लगाया जा रहा है। इसको लेकर वरीय अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित कुल 22 सब पोस्ट आफिस में जेनेरेटर की जगह बिजली का कनेक्शन लेकर विभागीय और विभाग से जुड़े कस्टमरों के कार्य किये जाने का शख्त आदेश पोस्टल सुप्रीटेंडेंट को दिया गया। उक्त आदेश के आलोक में सब पोस्ट आफिसों में बिजली लगी। मासिक खर्च भी कम हुआ। लेकिन हेड पोस्ट आफिस बेतिया में आज भी भाउचर का खेल चल रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक पोस्टल असिस्टेंट ने बताया कि यसवंत कुमार पोस्ट मास्टर बेतिया द्वारा कमीशन की खेल में उइर-उळर ींश्रल्लॅ ल्ली ॅीं शूल्लल्लळल्लॅ (चेक क्लीयरिंग तथा चेक स्कैनिंग) जैसे कार्य को 388 रुपये डेली के भाऊचर पर एक रिटायर्ड पोस्टल कर्मी व पोस्ट आफिस एजेन्ट रुबी सिंह के पति रत्नेश कुमार को रखकर करवाया जाता है। पोस्ट कर्मी ने यह भी बताया कि रूबी सिंह का एजेंटी कोड 8454380000109 , 84543800(हेड पोस्ट आफिस बेतिया) है। वो जब से एजेन्ट का लाईसेंस ली हैं उस समय से कभी भी पोस्ट आफिस कैम्पस में अपना पांव नहीं रखीं हैं। पोस्ट मास्टर अपने केविन के बगल में जहां डेली सब एकाउंट का कार्य होता है। वहीं लगे एक डिपार्टमेंटल अलमीरा को रत्नेश कुमार उर्फ रौशन को दे दिये हैं। जिसमें वें फिक्स डिपॉजिट स्कीम में लगने वाले टोटल फार्म रखते हैं।तथा चेक क्लियरिंग की आड़ में डायरेक्ट फीक्स डिपॉजिट का कार्य कराने आये कस्टमरों का विजनेश उनकी पत्नी रूबी सिंह के एजेंटी कोड में डालकर काउंटर कर्मी फिक्स डिपॉजिट का कार्य करके पासबुक तक कुछ हीं मिनट में छापकर दे देते हैं। और एजेन्ट कमीशन का 75% पोस्ट मास्टर या जिस कर्मी के जरिए कस्टमर का कार्य होता है उसे तथा 25% रूबी सिंह के पति रत्नेश कुमार रख लेते हैं। वहीं इस संबंध में पोस्ट मास्टर तथा पोस्टल सुप्रीटेंडेंट से संपर्क नहीं हो पाने की वजह से उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

## दर्द निवारक दवाएं हो सकती हैं जानलेवा : डॉ. घनश्याम

प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(कुमार अभिजितम)।आरामदायक जीवनशैली व खान-पान की अनियमितता के चलते 40 प्लस की उम्र वाली पांच प्रतिशत आबादी घुटनों के दर्द व कई प्रकार के चर्म रोगों का शिकार बन गई है। अंग्रेजी की एस्टरॉयड व पेन किलर दवाओं का अधिक मात्रा में या नियमित सेवन रोगियों की इम्यून सिस्टम (प्रतिरक्षा प्रणाली) को खराब कर रही है। इस कारण शरीर मे असहनीय दर्द, सूजन, गैस की समस्या आम बात हो गई है। ये बातें ऑर्गनाइजेशन फॉर होमियो मिशन बेतिया के जिलाध्यक्ष डॉ. घनश्याम ने कही। वे नगर के नया बाजार स्थित सविता होमियो क्लीनिक एंड रिसर्च सेंटर का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण बाजारों, चौक-चौराहों पर ऐसे ढेरो वैद्य, क्वैक पसरे हैं जो उजली, काली गोलियां या चूरन देकर दर्द छुड़ाने का दावा करते हैं। अशिक्षित मरीज के परिजन इनके चंगुल में आसानी से फंस जाते हैं। इन दवाओं में एस्टरॉयड, पेनकिलर का प्रयोग होता है। इनके सेवन से तत्कालीन राहत तो मिल जाती है। लेकिन आगे चलकर मरीजों की हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। मोटापे, सूजन, आंतों में अल्सर की स्थायी समस्या हो जाती है। लिवर, किडनी खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि जटिल रोगों में होमियोपैथ वरदान की तरह है। यह सुरक्षित व सस्ता भी है। इसकी नई विधि में दवा के मूल सिद्धांत का पालन करते हुए सहायक के तौर पर पेटेंट व बायोकेमिक दवाएं देकर राहत के साथ रोग के जड़ से इलाज किया जा सकता है। दर्द कई प्रकार के होते हैं, गठिया, साइटिका के कारण, पुरानी चोट के कारण, खून में यूरिक एसिड व प्यूरिन की मात्रा बढ़ने से आदि-आदि।

### नेपाल से गंडक नदी के रास्ते तस्करी कर लाई जा रही मवेशी और दो तस्करों को एसएसबी के जवानों ने पकड़ा

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। मंगलवार की मध्य रात्रि करीब 11:30 बजे गुप्त सूचना के आधार पर चमिनिया मोड पर एसएसबी के द्वारा नाकाबन्दी की गई । जिस दौरान नेपाल के द्वारा गंडक नदी के रास्ते जंगल में गाड़ी पर लोड करके एक जोड़ी बैल एक महिंद्रा मैजिक गाड़ी नंबर 22. जीसी 1590 और दो लोग जिसमें ड्राइवर और उसका सहायक को धरदबोचा। ड्राइवर नौरंगिया निवासी 19 वर्षीय केशव व 25वर्षीय ननकू यादव के रूप में पहचान हुई है। ये दोनों ही नौरंगिया के निवासी हैं।बतादें की 21 वीं बटालियन के चकदहवा पोस्ट के जवान रात्रि गश्ती पर थे तभी इन्हें गुप्त सूचना मिली कि गंडक नदी के रास्ते तस्करी कर एक जोड़ी बैल को चोरी छुपे वीटीआर जंगल होते हुए वैन गाड़ी में लादकर चमेनिया मोड़ से लाई जा रही है।सूचना के आधार पर एसएसबी के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया और जैसे ही गाड़ी सड़क पर दिखी तभी गाड़ी को चारों तरफ से घेर कर तलाशी ली गई। तलाशी में एक जोड़ी बैल और दो लोग ड्राइवर और उसके सहयोगी को हिरासत में लिया गया।

## विद्यालय के बच्चों को 71 वीं बटालियन एसएसबी के द्वारा किया गया जागरूक

प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। प्रफुल्ल कुमार, कमांडेंट, 71 वी वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, पीपराकोठी के निर्देशन पर दिनेश कुमार मामोत्रा, उप कमांडेंट, विश्वजीत तिवारी, उप कमांडेंट की देख रेख मे राजनंदन कुमार, कंपनी कमांडर, एफ कंपनी सशस्त्र सीमा बल, बरहरवा की अगुवाई में बरहरवा क्षेत्र के प्रारंभिक एवं माध्यमिक विद्यालय के साथ प्राथमिक विद्यालय में साफ- सफाई अभियान, विद्यालय के बच्चो को समय-समय पर कैम्प मे बुलाकर उनको सशस्त्र सीमा बल के रोल के बारे मे, उसकी उपस्थिति के बारे मे तथा देश की सेवा करने के लिए भविष्य मे बच्चे कैसे इस बल को जॉइन कर सके, इसके बारे मे साथ ही आने वाले स्वतंत्रता दिवस, झंडे की भूमिका और देश प्रेम के साथ नेपाल-भारत सीमा की विशेषता, मित्रता और बल का कर्तव्य आदि इसके बारे मे जानकारी देकर बच्चो के बीच देश प्रेम की भावना, उनकी स्वास्थ्य और बच्चियों के बीच बेड- टच एवं गुड-टच के बारे मे बताकर उनको एफ कम्पनी, बरहरवा की पुरी टीम का ध्येय है, उक्त बातें श्री राजनन्दन ने बताया। उन्होंने कहा कि हम अपने दैनिक कर्तव्य के साथ-साथ अपने देश के भविष्य को भी साथ मे जोड़कर चलने की कोशिश मात्र की है। इस कार्य मे उप निरीक्षक बाबू सिंह, सहायक उप निरीक्षक गौतम कुमार, अमित कुमार, कुंदन कुमार, हवालदार अखिलेश पांडे, आर. मुरली, सिपाही विकास कुमार, अभिषेक कुमार, कैलाश कुमार, मिंटू कुमार, बृजवासी शरण एवं समस्त बरहरवा टीम शामिल है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### स्कार्पियो से 4 लाख रुपये की शराब बरामद



आरा। मद्य निषेध विभाग की टीम ने बुधवार को वाहन चेकिंग के दौरान बक्सर-पटना फोरलेन पर कायमनगर ओवरब्रिज के समीप से बिना नंबर के एक स्कार्पियो गाड़ी से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब को बरामद किया गया है। मद्य निषेध विभाग की टीम ने गाड़ी में पीछे रखे 1680 पीस 180 एमएल के 8 पीएम ग्रेन व्हिस्की जिसकी बाजार मूल्य 4 लाख रुपये बताई जा रही है उसे बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार मद्यनिषेध विभाग को सूचना मिली थी कि एक स्कार्पियो में भारी मात्रा में शराब उत्तर प्रदेश से आ रही है। मौके पर पहले से तैनात मद्य निषेध विभाग की टीम ने वाहन चेकिंग लगाया इस दौरान सामने से आ रही स्कार्पियो की जब तलाशी ली गई तो तलाशी के दौरान सीट के पीछे शराब बरामद हुए जिसके बाद मद्य निषेध विभाग की टीम ने कारवाई करते हुए गाड़ी के चालक को गाड़ी के सहित गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने गाड़ी के साथ उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नारायणपुर निवासी बृजभूषण सिंह के पुत्र शंकर सिंह व पटना के पटेल नगर निवासी स्व-विजय प्रसाद का पुत्र सौरभ कुमार को शराब तस्करी में गिरफ्तार किया है।

### किसानों के हित में एसडीम का सराहनीय कार्य

काराकाट (रोहतास) काराकाट क्षेत्र के अमरथा गांव के पास पाइन में बना फाल में लगा गासी को एसडीएम ने हटावाया। तिलसा, धवनी, अमलोवां, अमरथा मौजा का एक हजार एकड़ से ज्यादा धान का फसल पानी में डूबा हुआ है। उक्त गांव के सैकड़ो किसान कृषि चौपाल में पहुंचे थे। जहां इसकी शिकायत दर्ज कराया था। दर्जशिकायत के आधार पर बिक्रमगंज एसडीएम अनिल बसाक, काराकाट सीओ रितेश कुमार अमरथा गांव के पाइन में बने फाल को गासी हटवाया। पाइन में बना फाल के ऊपरी हिस्से में बाढ़ कि स्थिति कायम हो चुकी है। किसान त्राहीमाम कर रहे है कि अब धान का फसल नहीं बचेगा। इसकी मद्देनजर अधिकारियों ने गासी को हटवाया।

### काली देवी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठान के साथ अखण्ड अष्टयाम को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

अमनौर। प्रखण्ड के अमनौर हरनारायण पंचायत के बाइपास स्थित जोरा जगदम्बा काली मंदिर के जीर्णोद्धार प्राण प्रतिष्ठान के साथ अखण्ड अष्टयाम को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ विभिन्न परिधानों में सुसज्जित महिलाओ पुरुषो ने कलश लिए मन्दिर से निकले। हाथो में बड़े बड़े पताखा लिए जय माता दी, जय माता दी, हर हर महादेव, हर महादेव का जय जय घोष करते चल रहे थे। पांच सौ से अधिक कलश लिए हुए थे। अमनौर बाजार होते हुए मंगलबजार होकर पुरवारी पोखरा पहुँचे। जहाँ आचार्य दुर्गा तिवारी ने अपने मंत्रोउच्चारन से जलभरी की रश्म करवाया। लौटने के पश्चात पूजा अनुष्ठान के साथ मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठान सम्पन्न हुआ फिर हरे राम हरे कृष्ण के हरि कीर्तन के साथ 24 घण्टा का अखण्ड अष्टयाम प्रारम्भ हुआ।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री का किया स्वागत

मकेर (सारण) बुधवार को भाजपा के सैकड़ो कार्यकताओं ने पूर्व खनन एवम वर्तमान अनुसूचित जाति एवम अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक चमार को पटना से छपरा जाने के क्रम में उनका स्वागत किया। भाजपा के वरिष्ट कार्यकताओं ने उन्हें अंग वस्त्र, एवम फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवम क्षेत्र के तमाम समस्याओं के अवगत कराया, उन्होंने कार्यकताओं को उनके वाजिब समस्याओं को शीघ्र ही निदान करने की बात कही। भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी अनिल सिंह के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। मौके पर जदयू के युवा नेता अभिनंदन सिंह राहुल गुप्ता राहुल कुशवाहा सोनू बाबा बिट्टू सिंह, शैलेश पाठक, मनीष कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मापदंडों को पूरा कर डिग्री प्राप्त कर सकते विद्यार्थीः कुलसचिव

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय में मूल प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अगर किसी आवश्यक कार्यवश तत्काल मूल प्रमाणपत्र की आवश्यकता हो तो वे विश्वविद्यालय को इसकी सूचना देकर तात्कालिक आधार पर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय की विहित प्रक्रिया का पालन करना होगा। कुलसचिव प्रो. नारायण दास द्वारा इस आशय का एक पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि वैसे आवेदक जिनको किसी आवश्यक कार्य से मूल प्रमाण पत्र की जरूरत है।

# बिजली विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगाया 7123 स्मार्ट मीटर

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल करवाना सभी के लिए अनिवार्य स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने पर बिलिंग साइकिल से छूट जाएंगे उपभोक्ता। स्मार्ट मीटर के जरिये बिजली बिल एकमुश्त जमा करने पर उन्हें हो रहा है ब्याज प्राप्त विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज के अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल करवाना अनिवार्य है। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो वे बिलिंग साइकिल से छूट जाएंगे और उनका बिजली कनेक्शन स्वतः कट जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि मीटर इंस्टालेशन के दौरान विद्युत विभाग के कर्मियों से उपभोक्ताओं ने अपनी ओर से स्मार्ट प्रीपेड मीटर में गहरी दिलचस्पी दिखाते हुए कई सवाल पूछे, जिसका जवाब पाकर वे संतुष्ट दिखे और विश्वास दिलाया कि अपने-अपने घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल करने की दिशा में वे तेजी से कदम बढ़ाएंगे। बता दें की बिजली उपभोक्ताओं को बताया गया कि कैसे स्मार्ट प्रीपेड मीटर उनके लिए फायदेमंद है और घर बैठे कैसे आसानी से उसे ऐप या फिर गूगल पे के जरिये रिचार्ज कर सकते हैं। ऐप और गूगल पे के जरिये स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज करने की प्रक्रिया को भी उन्हें विस्तार से बताया गया और साथ ही बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर पूरी तरह से निःशुल्क इंस्टॉल किया जा रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा क्षेत्र भ्रमण में पाया जा रहा है की जिन उपभोक्ताओं के घरों में पहले से ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टाल हो चुके है, उन्होंने भी स्वीकार किया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के इंस्टाल होने के पश्चात उन्हें अपने घरों में बिजली को सही तरीके से नियंत्रित करके बचत करने में आसानी हो रही है। इसके अलावा उन्हें रिचार्ज के लिए अब बिजली ऑफिस का चक्कर काटना नहीं पड़ रहा है। सहायक विद्युत अभियंता ने उपभोक्ताओं को बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के जरिये बिजली बिल के लिए एक मुश्त जमा की जाने वाली राशि पर उन्हें ब्याज प्राप्त करने का भी अवसर प्राप्त हो रहा है। और ब्याज दर बैंकों की ब्याज दर से कहीं ज्यादा है।

2000 रुपये से अधिक का रिचार्ज करने पर 6.75 प्रतिशत ब्याज दर प्राप्त होगा। इसी तरह तीन माह की खपत के बराबर एकमुश्त रिचार्ज करने पर 7 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। छह माह की अवधि का एकमुश्त रिचार्ज करने पर 7.25 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। इतना ही नहीं ऑनलाइन रिचार्ज कराने पर 1 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। उपभोक्ताओं को यह भी बताया गया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज न कराने पर बिजली स्वतः कट जाएगी। हालांकि, रात में बिजली नहीं काटी जाती है। बिजली कनेक्शन कार्य दिवस पर दिन में 10 बजे से 1 बजे के बीच काटा जाता है। पर्व त्योहार के दौरान भी बिजली नहीं काटी जाती है। बेहतर यही होगा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की राशि खत्म होने से पहले ही उसे रिचार्ज कर लें। अखबार के माध्यम से उपभोक्ताओं को साइबर अपराधियों से बचाव करने के विषय में भी जानकारी दी गई। उन्हें सचेत किया गया कि बिजली विभाग के नाम पर किए जाने वाले फोन पर यकीन करके अनजान नंबर से भेजे गए किसी लिंक पर कतई क्लिक न करें। ऐसा करते ही साइबर अपराधी उनके बैंक अकाउंट पर हाथ साफ कर सकते हैं। उन्हें बताया गया कि बिजली विभाग की तरफ से इस तरह का कॉल नहीं किया जाता है। यदि उन्हें इस तरह का कोई कॉल आता है तो तुरंत सतर्क हो जाएं किसी भी तरह की जानकारी के लिए सिर्फ आधिकारिक नंबर और वेबसाइट का ही इस्तेमाल करें। किसी तरह का संशय होने पर बिजली विभाग के नजदीक के ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं। उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर किसी तरह की भ्रांति का शिकार न हों। स्मार्ट प्रीपेड मीटर पुराने मीटर जैसा ही है। इसको इंस्टाल करने से बिजली की अधिक खपत नहीं होती है। जितनी बिजली का इस्तेमाल करेंगे, मीटर उतनी की ही रीडिंग करेगा।

## सक्षम व्यक्ति हाशिए पर खड़े लोगों की करें हर संभव मदद : शंभु सिंह

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। समाज के सक्षम लोगों का दायित्व है कि हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में शामिल करने का प्रयास करें। इस कार्य से संतुष्टि मिलेगी और समाज मजबूत होकर राष्ट्र को संबल बनाएगा। उपरोक्त बातें बाबू पाकड़ निवासी शंभू सिंह (भा.प्र.से.) ने आज नई आशा द्वारा आयोजित एंबुलेंस लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। विदित हो श्री सिंह एवं श्रीमती शिप्रा सिंह द्वारा नई आशा को दो एंबुलेंस प्रदान किए गए हैं। श्री सिंह ने कहा कि नई आशा जिस गरीब एवं अशिक्षित वर्ग के लिए कार्य कर रही है, उसके बीच आत्म विश्वास पैदा करना होगा, ताकि वे अपनी सामान्य जरूरत के लिए संबंधित विभाग में आसानी से पहुंच सके और भावी जीवन का सपना बुन सके। जो समाज पिछड़ा होता है, उसके बीच उदाहरण प्रस्तुत करना होगा ताकि उसकी पीढ़ियां अनुशरण करके मुख्य धारा में शामिल हो जाए। सिविल सर्जन डॉ शिवेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा की नई आशा जिस उद्देश्य से कार्य कर रही है, उसकी पूर्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। सामाजिक कार्यकर्ता विजेंद्र सिंह ने कहा कि नई आशा के माध्यम से समाज को मदद करने के बाद खुद संतुष्टि मिलती है। अध्यक्षता करते हुए संस्था के उपाध्यक्ष सह फुटाब के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो कन्हैया बहादुर सिन्हा ने कहा कि संस्था के संरक्षक भीम सिंह भवेश द्वारा दो दशक से समर्पित भाव से कार्य किए जाने के कारण ही देश के प्रधानमंत्री ने उनकी सराहना की। यह संस्था के प्रति विश्वास का बड़ा उदाहरण है। कार्यक्रम को डॉ विजय लक्ष्मी शर्मा, डॉ विजय गुप्ता, डॉ एसके रूंगटा, डॉ जीत शर्मा, डॉ केएन सिन्हा आदि ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो बलिराज ठाकुर ने किया। उपस्थित लोगों में रामकुमार सिंह, अवधेश पांडे, श्री कुमार सिंह, जयशंकर तिवारी, राकेश सिंह, राजू मेहता, मंटू सिंह, मुखिया मिथुन सिंह, डव्लु जैन, विपिन सिंह आदि थे।

## उपभोक्ता पर 10 हजार से अधिक बकाया होने पर कटेगी बिजली

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, दिनारा के 10 हजार से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं का विशेष अभियान चलाकर विद्युत संबंध विच्छेदित किया जायेगा, इसकी जानकारी कनीय विद्युत अभियंता दिनारा बिकास कुमार ने दी। बताते चलें प्रखंड-दिनारा के ग्राम-भलूनी, बिसंभरपूर, हरिवंशपुर गांव, तेनुआठ, तेनुआठ मठिया, दुबे डेहरी, नोआव, धरहरा, खरवत, नियजीपुर, मिश्रवलिया, विशुनपुर टोला, जगदीशपुर, नादौवा, करहँसी, मिल्की, अकोढ़ा, पंडितपुर, मिजार्पुर, ध्वनिया, गगनपुरवा, चिलबिला, मनिहारी, महरोढ, भानस, बेलवइयां, पडरिया, गोपालपुर, खैरही, पिपरा, बसडीहा, यादवटोला, रामेश्वरपुर टोला, भुआवल, धनपुरा आदि गांवों पर काफी बकाया राशि लंबित है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की अब शहरी उपभोक्ता हों या फिर ग्रामीण क्षेत्र के यदि आपने बिजली का बकाया बिल जमा नहीं किया तो आपका बिजली कनेक्शन काट दी जाएगी। विद्युत कनेक्शन केवल बड़े उपभोक्ताओं का ही नहीं, बल्कि छोटे बकायेदार उपभोक्ताओं का भी कट रहा है। विद्युत विभाग के एसडीओ राज कुमार के द्वारा बताया गया की हर माह लगातार बकाया राजस्व की राशि बढ़ने से कंपनी के ऊपर अतिरिक्त दबाव बढ़ने लगा है। जिससे निबटने के लिए बिजली कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा उपभोक्ताओं के परिसर में जाकर वसूली करने का निर्णय लिया गया है। सभी कनीय विद्युत अभियंताओं के द्वारा उपभोक्ताओं से अनुरोध की जा रही है कि जिनका भी बिजली बिल बकाया है वह जमा कर दें, अन्यथा विभाग द्वारा आपका विद्युत संबंध विच्छेद कर दिया जाएगा। साथ ही साथ निर्देशित किया गया कि जो उपभोक्ताओं का बकाया राशि रहने के कारण कनेक्शन कटने के पश्चात रिकनेक्शन चार्ज जमा करने के बाद ही विद्युत कनेक्शन जोड़ने की अनुमति दी जाएगी बिना रिकनेक्शन चार्ज जमा किये अवैध रूप से बिजली जलाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बिहार सरकार के श्रम मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बांग्लादेश में हुए उपद्रव एवं सत्ता पलट को लेकर बिहार में घुसपैठ को लेकर किया अलर्ट

प्रातः किरण संवाददाता




रोहतास (बिहार)। बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने पड़ोसी राष्ट्र बांग्लादेश में हुए उपद्रव एवं सत्ता पलट के मामले को लेकर बिहार में घुसपैठियों के सवाल पर कहा है कि सरकार ने बिहार के तमाम सीमावर्ती इलाकों में चौंकसी एवं निगरानी बढ़ा दी है और बिहार में किसी भी हाल में घुसपैठियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने सासाराम में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्य समिति की बैठक के दौरान कहा की दुनिया का कोई कानून किसी की हत्या की इजाजत नहीं देता। यह भगवान की अदालत में भी अपराध है। किसी को लूट लेना, किसी खास धर्म के स्थान को जला देना या फिर किसी को देश से भगा देना। इसकी निंदा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार को हर हाल में घुसपैठियों से दूर रखा जाएगा और केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार इस पर पूरी निगरानी बरती है। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समाज के लोगों को टारगेट कर उनके धर्म स्थान को जला देने को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया सासाराम में दी है।

## नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों के अधिकारों में नहीं होगी कटौती : नितिन नवीन



रोहतास (बिहार)। खबर सासाराम से है। भाजपा के जिला स्तरीय कार्य समिति की बैठक में बिहार सरकार के नगर विकास मंत्री नितिन नवीन शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगर निकाय के किसी भी जनप्रतिनिधि के अधिकारों में कोई कटौती नहीं होगी तथा उनकी स्वायत्त बरकरार रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार सारी विकास मिशन की तहत नगरों के विकास में लगातार नए-नए आयाम बना रही है। बिहार के हर नगर का तेजी से विकास हो, इस पर काम किया जा रहा है। सरकार की मंशा है मेयर ही नहीं, डिप्टी मेयर और एक्सटेंडिंग कमेटी को भी उनके संबंधित अधिकार प्राप्त हो। ताकि उसका उपयोग कर वे शहरों का विकास कर सके। बता दे की सासाराम के एक निजी हाल में भाजपा के जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कई नेता भी शामिल हुए।

## नगरपरिषद की बैठक में शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने पर की गयी विशेष चर्चा

प्रातः किरण संवाददाता




रोहतास। जिले के डेहरी डालमियानगर नगरपरिषद की साधारण बोर्ड की बैठक मुख्य पार्षद शशि कुमारी की अध्यक्षता में की गयी। जिसमे सभी पार्षदों ने अपनी-अपनी समस्याओं एवं बातों को रखा। बैठक में मुख्य रूप से 24 जुलाई के शसक्त कमिटी की बैठक में लिए गए निर्णयों पर चर्चा हुई। और उस पर कार्य करने का आदेश सर्वसम्मति से पारित हुआ। जिसमे झारखंडी मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने पर सभी पार्षदों ने अपनी सहमति जताई। वहीं दूसरी तरफ शहर के मुख्य सड़कों के किनारे पेवर ब्लॉक और चौड़ीकरण पर चर्चा की गई। जिससे शहर के लोगो को आने जाने में सुविधा हो। वही मुख्य नालो की सफाई की मांग सभी पार्षदों ने रखी जिस पर आम सहमति बनी की सभी मुख्य नालो की सफाई युद्ध स्तर पर की जाए। वही आने वाले राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों हेतु रंग रोगन और अतिथियों के आगमन पर विचार एवं चर्चा की गई। इस बैठक में ईओ सुजीत कुमार, उपमुख्य पार्षद रानी कुमारी, पार्षद धर्मशीला देवी, कलावती देवी, रितु हजारिका, रीना देवी, प्रिया देवी, रवि शेखर, समीर आलम, सरोज उपाध्याय, रितेश कुमार, अमन शर्मा, रितेश कुमार उपस्थित रहें।

# लोकसभा में वित्त विधेयक 2024 पर चर्चा दूरदृष्टि पक्का इरादा का प्रतीक है केंद्र सरकार का बजट : राजीव प्रताप रुडी

### बिहारियों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री ने बजट के योजनाओं, परियोजनाओं के आधार पर ध्यान देना जरूरी समझा

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। दूरदृष्टि पक्का इरादा का प्रतीक है केंद्र सरकार का बजट जिन मदों में राशि की जितनी व्यवस्था की गई है वह पूरी तरीके से ठोक बजाकर उस मद में खर्च देश को प्रगति के पथ पर और तेज गति से आगे बढ़ाने में सक्षम होगा। लोकसभा में वित्त विधेयक 2024 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए सारण लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रुडी ने उक्त बाते कही। बजट में बिहार को मिले विशेष विकास योजनाओं पर भी चर्चा हुई। जीस पर सारण सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट प्रधानमंत्री के दूर दृष्टि और मजबूत इरादे को प्रतिबिंबित करता है।

बिहार के संदर्भ में बात चर्चा करते हुए सांसद रुडी ने कहा कि हमारे पास पंजाब, की तरह ना इंडस्ट्रीज, न टेक्सइाइल्स है और न ही स्पोर्टस है। इन प्रगतिवादी राज्य के लोग की प्रति व्यक्ति आमदनी बिहारियों से बहुत अधिक है, इसलिए वहाँ के बच्चे पढ़ाई पूरी करने के बाद अथोर्पार्जन के उद्देश्य से कनाडा, लॉस एंजिल्स जाते हैं, लेकिन अर्था भाव में हमारे बिहार के युवा पढ़ लिखकर बिहार से निकल कर के सूरत और लुधियाना जाता है। यह बिहारियों के आर्थिक रूप से पिछड़ेपन के कई मानको में एक मानक है। ऐसी स्थिति में बिहारियों के उत्थान के लिए यदि प्रधान मंत्री ने बजट के योजनाओं, परियोजनाओं के आधार पर ध्यान देना जरूरी समझा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सरकार ने बिहार के लिए कुछ सोचा है तो इससे किसी की तुलना नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेपाल से जो पानी आता है और हमारे यहाँ जो तबाही फैलाता है यदि उससे बिहार को निजात दिलाने के लिए 11 या 15 हजार करोड़ दिया है तो ये स्वागत योग्य विषय है।

रुडी ने कहा कि विकास के मामले में हमेशा दूरदर्शी होना जरूरी होता है, लेकिन के लोगों की की दूरदृष्टि ही कमजोर हो गई है जिसका कोई और इलाज नहीं है? उन्होंने कहा कि आज देश में प्रतिदिन सड़क 57 किलोमीटर हम बनाते हैं, रेलवे ट्रैक जो 63 मिलियन किलोमीटर पहुँच गया टोल प्लाजा जिसमे रुकने का समय 40 सेकंड हो गया, पहले 12 मिनट हुआ करता था। ये सब विकास के मामले में दूरदर्शी होने का ही परिणाम है।

## भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय का विभागीय मंत्री ने किया निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता



मढ़ौरा नगर। प्रखंड अंतर्गत रमाचक आवासीय विद्यालय का अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री जनक राम ने निरीक्षण किया। वुधवार दोपहर साढ़े तीन बजे विभागीय मंत्री विद्यालय पहुंचें और विद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर समस्यायों का मुयायना कर तत्काल विद्यालय प्रबंधन को समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने रसोई, आवासीय वार्ड का विशेष ख्याल रखने हेतु वार्डेन और जीविका समूह द्वारा संचालित रसोई के केयर टेकर के विशेष हिदायत करते हुए अमूल चूक परिवर्तन के लिए जरूरी निर्देश दिया। शैक्षणिक माहौल को भी दुरुस्त करने की बात उपस्थित शिक्षकों से कहीं। वही 180 बच्चों की क्षमता के आवासीय विद्यालय में लगभग 135 बच्चे विद्यालय में उपस्थित थे। मंत्री श्री राम को स्कूली बच्चों के गर्मी से परेशानी को लेकर भी रूबरू हुए और बिजली कटने पर होने वाले दिक्कतों के अलावे डबल डेकर बेड सिस्टम में नीचे वाले बेड पर पंखा का हवा नहीं मिलने की भी समस्या से अवगत हुए। उक्त समस्या पर मंत्री श्री राम ने विद्यालय प्रबंधन को जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। मालूम हो कि रामचक अंबेडकर रसोई एवं स्वच्छता की जिम्मेवारी जीविका को सौंपी गई है। वही शैक्षणिक माहौल के साथ साथ खेल गतिविधियों को भी संचालित कराने के लिए सरकार द्वारा जरूरी संसाधन मुहैया कराया जा रहा हैं। इसको लेकर भी मंत्री श्री राम ने विद्यालय प्रबंधन को जानकारी दी। इसके पूर्व मंत्री श्री राम ने विद्यालय परिसर में स्थापित भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। साथ में भाजपा सारण जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह भी थे। इस मौके पर हेडमास्टर सज्जन कुमार, मेस केयर टेकर अमन कुमार निराला, आर के पांडे, प्रभात कुमार, संजय कुमार, पुष्पा कुमारी, गीता कुमारी समेत अन्य विद्यालय कर्मी भी उपस्थित थे।

## हरियाली तीज पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




संझौली (रोहतास)। संझौली प्रखंड क्षेत्र के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में सावन हरियाली तीज के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। हरियाली तीज के उत्सव को मनाने का उद्देश्य न केवल भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखना था, बल्कि विद्यार्थियों के बीच सांस्कृतिक ज्ञान और प्रतिभा को बढ़ावा देना भी था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश पांडेय द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में हरियाली तीज के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह त्यौहार महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह उनके स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना का प्रतीक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के महत्व को समझने और उसे बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। सबसे पहले विद्यालय के छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने हरियाली तीज के पारंपरिक गीतों पर मनमोहक नृत्य किया। इस नृत्य ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया एवं तालियों की गड़गड़ाहट के साथ समापन हुआ। विद्यार्थियों ने एकल गीत प्रस्तुत किया, जिसका विषय भारतीय महिलाओं की शक्ति और संघर्ष पर आधारित था। इस नाटक में विद्यार्थियों ने महिलाओं के जीवन की विभिन्न पहलुओं को दशार्या व यह संदेश दिया कि कैसे महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। सभी ने विद्यार्थियों की अभिनय कला की सराहना की। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य कमलेश पांडेय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यकर्म में शिक्षिका सुष्मिता कुमारी, शिक्षक महेन्द्र कुमार, आलोक कुमार सिंह, अमित कुमार तिवारी, रामाशंकर गुप्ता, पवन कुमार, सलीम अख्तर, कंप्यूटर शिक्षक नंदजी कुमार सहित छात्रा वशुंधरा कुमारी, प्राची कुमारी, दुर्गा कुमारी, रिया कुमारी, अंशु कुमारी, सलोनी कुमारी, स्नेहा कुमारी, रेशमा प्रवीण, सकीना बानो, निधि कुमारी सहित सैकड़ों छात्राए मौजूद रहे।

## 20 सितंबर तक बिशनपुरा आरओबी के मरम्मती कार्य को पूरा कर यातायात बहाल करने का दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर ने आज निमार्णाधीन एन एच-19 के प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बिशनपुरा में आरओबी के जारी मरम्मती कार्य को 20 सितंबर तक पूरा कर इसके माध्यम से यातायात व्यवस्था बहाल करने का निदेश एनएचएआई के परियोजना निदेशक को दिया। टेकनिवास से विशुनपुरा आरओबी के आगे तक सड़क को 6 लेन बनाया जायेगा। इसमें सड़क के दोनों तरफ टेकनिवास तक सर्विस लेन बनाने हेतु कार्रवाई का निदेश एनएचएआई को दिया गया। बिशनपुरा आरओबी के पश्चिम से डोरीगंज पुल तक एक अतिरिक्त नई सड़क के निर्माण के लिये प्रस्ताव तैयार करने का निदेश एनएचएआई को दिया गया। विशुनपुरा आरओबी के नीचे अंडरपास वाले रास्ते के चौड़ीकरण हेतु संबंधित विभाग के माध्यम से कार्रवाई करने को कहा गया। छपरा में स्पोर्टस क्लब कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल पर जमीन चिन्हित करने का निदेश अंचलाधिकारी सदर को दिया गया। स्पोर्ट्स क्लब के निर्माण हेतु आवश्यकतानुसार उपयुक्त जमीन का भू-अर्जन किया जायेगा। निरीक्षण के क्रम में एनएचएआई के परियोजना निदेशक, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर, अंचलाधिकारी सदर आदि उपस्थित थे।

## अबैध रूप से जाली नोट के कारोबार में सँगलिप्त एक अभ्युक्त को पुलिस ने भेजा जेल

अमनौर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सलखुआ गांव में अबैध रूप से जाली नोट छापने के मामले में अमनौर थाना कांड संख्या 132/24 के फरार नामजद अभ्युक्त को पुलिस ने छापेमारी कर किया गिरफ्तार। थाना अध्यक्ष मो जफरुदीन खान ने बताया कि गिरफ्तार अभ्युक्त मंदरौली गांव के नागेंद्र सिंह के पुत्र राजू सिंह बताया जाता है। पुलिस ने गिरफ्तार अभ्युक्त को छपरा जेल भेज दिया। अभ्युक्त जाली नोट छापने वाले सरंगना के सहयोगी था। छापेमारी के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। जिसको पुलिस कई दिनों से तलाश में थी। मालूम हो कि कई दिनों से सलखुआ गांव के बच्चा तिवारी के घर के बंद कमरे में छापी जा रही थी जाली नोट।

## अंजबीत सिंह महाविद्यालय में उत्प्रेषण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के अंजबीत सिंह महाविद्यालय में बुधवार को नए सत्र 2024-28 के आलोक में नामांकित छात्र व छात्राओं का उत्प्रेषण कार्यक्रम वनस्पति शास्त्र, दर्शनशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्रों को नए पाठ्यक्रम के अनुसार विषयवस्तु की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य सह दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सिंह ने बच्चों को नियमित क्लास करने के लिए उत्प्रेरित किया। तो वहीं उक्त महाविद्यालय के वनस्पति विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कन्हैया सिंह ने बच्चों को किशोरावस्था के प्रति सजग रहने के लिए मार्गदर्शन किया। साथ ही साथ नए पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उक्त दौरान सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ रविकांत पांडेय ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन वनस्पति विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ शशि भूषण ने किया। मौके पर महाविद्यालय के सभी व्याख्याता समेत छात्र व छात्रा उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 08 अगस्त, 2024





## नागेश कुकुनूर की नई वेब सीरीज में मिसेज देशपांडे में सीरियल किलर बनेंगी माधुरी दीक्षित!

माधुरी दीक्षित ने साल 2022 में वेब सीरीज द फेम गेम से ओटीटी की दुनिया में एंट्री की थी, और अब दो साल बाद वह एक नई वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं। खबर है कि डोर फेम नागेश कुकुनूर मिसेज देशपांडे नाम से एक नई वेब सीरीज बना रहे हैं, जिसके लिए माधुरी दीक्षित से बात चल रही है। इस सीरीज में उनका रोल एक सीरियल किलर का होगा। इस नई वेब सीरीज की कहानी से लेकर माधुरी दीक्षित के रोल की डिटेल सामने आई है।

द फेम गेम में माधुरी दीक्षित ने एक ऐसी एक्ट्रेस का रोल निभाया था, जो खुद ही अपने गायब होने की साजिश रचती है, और अब वह मिसेज देशपांडे में खतरनाक सीरियल किलर बन सकती हैं। मिड डे की रिपोर्ट के मुताबिक, मिसेज देशपांडे को लेकर नागेश कुकुनूर और माधुरी दीक्षित के बीच बात चल रही है। वह स्क्रीन पर पिछली बार 2022 में आई फिल्म मजा मा में नजर आई थीं, जो अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी।

### क्या है मिसेज देशपांडे की कहानी?

वहीं, मिसेज देशपांडे में माधुरी दीक्षित का एकदम अलग अवतार देखने को मिलेगा। सोर्स ने बताया कि मिसेज देशपांडे की कहानी बताती है कि कैसे पुलिस एक सीरियल किलर पकड़ने और उसके मोडस ऑपरेंडी को समझने के लिए दूसरे सीरियल किलर को काम पर रखती है। यह एक फ्रेंच सीरीज का रीमेक है।

### भूल भुलैया 3 में नजर आएंगी माधुरी दीक्षित

मिसेज देशपांडे के जरिए नागेश कुकुनूर दो साल बाद ओटीटी पर वापस लौट रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 2022 में आई मॉडर्न लव हैदराबाद को डायरेक्ट किया था। वहीं, माधुरी अब फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगी। इसमें कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी और विद्या बालन भी हैं।



# इस अभिनेता की वजह से फिल्मों को लेकर बदला तृप्ति डिमरी का नजरिया

संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में जोया की भूमिका से सभी को आर्शयचकित कर देने वाली अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अब नेशनल क्रश बन चुकी हैं। एक्शन थ्रिलर फिल्म एनिमल में उनके किरदार के बाद उन्हें आमतौर पर भाभी 2 के नाम से पुकारा जाने लगा है। कुछ भी हो लेकिन एनिमल से तृप्ति को काफी प्रशंसा और ख्याति मिली है। अब तृप्ति ने अपने एक सह–कलाकार की तारीफ की है साथ ही यह भी बताया कि उन्हें फिल्मों को लेकर किसने उनका नजरिया बदला है। 2017 में श्रेयस तलपड़े की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म पोस्टर बॉयज से अभिनय की शुरुआत करने वाली तृप्ति ने एक साल बाद रोमांटिक ड्रामा फिल्म लैला मजनू की थी। इस फिल्म में तृप्ति के अलावा सह–कलाकार अविनाश तिवारी ने मुख्य भूमिका में निभाई थी। यह अविनाश तिवारी ही थे, जिन्होंने तृप्ति को अपने कौशल को निखारने में मदद की और उन्हें एक एक्टिंग वर्कशॉप में शामिल होने का सुझाव भी दिया था। बता दें तृप्ति ने रोमांटिक ड्रामा फिल्म लैला मजनू में अविनाश तिवारी के साथ काम किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तृप्ति ने कहा कि एक नवोदित कलाकार के लिए अविनाश तिवारी सबसे अच्छे सह–कलाकार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान, तृप्ति ने अपने सह–कलाकार अविनाश तिवारी की प्रशंसा की , जिन्होंने उनके जैसे नए कलाकार की मदद की। तृप्ति ने यह भी कहा कि वह काफी दयालु हैं। तृप्ति ने यह भी कहा कि वह उनके साथ और अधिक काम करना चाहती हैं। इंटरव्यू के दौरान ने कहा, उन्होंने एक अभिनय कार्यशाला की सिफारिश की और मुझे वहां भेजा। इससे अभिनय के प्रति मेरा नजरिया बदल गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस इंटरव्यू के दौरान तृप्ति ने कहा कि फिल्म लैला मजनू ने उनके लिए एक मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि उस समय, उन्हें अभिनय के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। तृप्ति ने कहा, मैं अपने अंदर के ज्ञान और निर्देशक के निर्देशों का पालन कर रही थी। शूटिंग के अपने पहले दिन को याद करते हुए, उन्होंने बताया कि वह एक भी सीन अच्छे से नहीं कर पा रही थीं और जब फिल्म का आखिरी दिन था तब वह जो कर रही थीं, उसमें आत्मविश्वास से भरी हुई थीं। तृप्ति ने कहा, फिल्म लैला मजनू के साथ मैं एक अभिनेत्री के रूप में काफी विकसित हुई हूं। तृप्ति डिमरी बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रही हैं। उन्होंने अपने अभिनय कौशल से लाखों प्रशंसकों का दिल जीत लिया है, खासतौर पर फिल्म एनिमल के बाद। उन्होंने श्रीदेवी के साथ मॉम में स्क्रीन साझा किया था। इसके बाद पीरियड हॉरर फिल्म बुलबुल, एनिमल और इसके अलावा तृप्ति अभिनेता विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ कॉमिक कैपर बैड न्यूज में नजर आईं। अब तृप्ति अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ हॉरर–कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगी। यह हॉरर–कॉमेडी फिल्म 2024 दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।



## फिल्मों में नाम बहुत पर पैसा टीवी में ही है

अभिनेता राघव जुयाल इन दिनों वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। सीरीज में उन्होंने एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाई है। उनके साथ सीरीज में कृतिका कामरा और धैर्य करवा भी हैं। ऐसे में उन्होंने अपने किरदार से जुड़ी कई दिलचस्प बातों का खुलासा किया। ग्यारह ग्यारह वेब सीरीज में अपने काम करने का अनुभव साझा करते हुए राघव जुयाल ने कहा कि वे पहले ही काफी आपराधिक स्थिति को देख चुके हैं, क्योंकि उनके पापा एक क्रिमिनल लॉयर हैं और उनके भाई की पत्नी यानी उनकी भाभी एक आईपीएस ऑफिसर हैं। ऐसे में उन्हें आपराधिक स्थिति का अनुभव है। पहले उन्होंने किल फिल्म में अपना खलनायक का अंदाज दिखाया, अब वे उस खून–खराबे का अनुभव करने के बाद पुलिस के किरदार में फिट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे हर किरदार में फिट होने की कोशिश करते हैं, जो भी मिल जाए, उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहते हैं और उन्होंने एक अच्छे कलाकार होने की परिभाषा भी सिखाई। उन्होंने कहा कि एक बेहतरीन कलाकार होने का मतलब है, किसी रूढ़िबद्ध धारणा को बदलना। इसके साथ ही राघव जुयाल ने खुलासा किया कि उनके पिता वकील हैं तो उन पर भी वकील बनने का दबाव था, लेकिन इसमें वे रुचि नहीं रखते थे, इसलिए उन्होंने वकालत नहीं की। राघव जुयाल ने बताया कि ग्यारह ग्यारह सीरीज में पुलिस वाले का किरदार निभाने के बाद असल जिंदगी के पुलिस ऑफिसर के लिए उनके दिल में इज्जत और बढ़ गई है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि पूरा दिन अभिनय करने के बाद सेट से घर लौटते समय वे काफी थके हुए होते हैं। वे गाड़ी में बैठकर अपने घर की ओर निकलते हैं, लेकिन रास्ते में उन पुलिसवालों को कड़ी धूप और बारिश में खड़े रहकर व्यवस्था संभालते हुए देखते हैं तो हैरान रह जाते हैं और अपना स्टारडम भूल जाते हैं। उन्होंने बताया कि त्योहार के मौके पर चाहे, वह दिवाली हो या होली, वे पुलिस वालों को तोहफा देना और उनसे बातचीत करना पसंद करते हैं, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाए।

## आत्मविश्वास को बढ़ाता है एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाना

अभिनेत्री कृतिका कामरा अपनी आगामी मिस्ट्री क्राइम ड्रामा सीरीज ग्यारह ग्यारह में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि अपने पिछले प्रोजेक्ट में एक पीड़ित और एक गैंगस्टर की भूमिका निभाने के बाद यह भूमिका निभाना उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। कृतिका ने कहा, मैं ग्यारह ग्यारह का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। खासकर बंबई मेरी जान में काम करने के बाद यह आश्चर्यजनक है और साथ ही एक ईमानदार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाना आश्वस्त करने वाला है, खासकर हश हश में एक पीड़ित और बंबई मेरी जान में एक गैंगस्टर की भूमिका निभाने के बाद। उन्होंने कहा कि इन सभी क्राइम ड्रामा प्रोजेक्ट्स ने उन्हें एक अनूठा दृष्टिकोण और चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि ग्यारह ग्यारह' विशेष रूप से आकर्षक है क्योंकि यह तीन दशकों तक फैली हुई है, जो एक ऐसी कहानी बुनती है जो रहस्यमय और मनोरम दोनों है। उमेश बिष्ट के निर्देशन में काम करना एक समृद्ध अनुभव रहा है। मुझे विश्वास है कि यह सीरीज अपनी मनोरंजक कहानी और अप्रत्याशित मोड़ के साथ दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगी। पगलैट फेम उमेश बिष्ट द्वारा निर्देशित और गुनीत मोंगा कपूर और करण जौहर द्वारा निर्मित, यह सीरीज 9 अगस्त को प्रीमियर के लिए तैयार है। इस शो में राघव जुयाल और धैर्य करवा भी हैं।





## इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में डांस प्रतिभागियों को जज करेंगी नोरा फतेही

15 अगस्त से 25 अगस्त तक आस्ट्रेलिया में आयोजित होने वाले 15वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न ने यह घोषणा की है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध डांस सनसनी नोरा फतेही इस फेस्टिवल में डांस प्रतियोगियों को जज करने वाली जूरी में शामिल होंगी। नोरा फतेही इस फेस्टिवल में प्रतियोगियों की डांस स्किल को जज करती नजर आएंगी। अपनी असाधारण डांस प्रतिभा के लिए विश्व स्तर पर जानी जाने वाली नोरा डांस प्रतियोगिता को जज करेंगी, जो फेस्टिवल के सबसे प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। इसके साथ ही नोरा अपनी हालिया रिलीज़ फिल्म मडगांव एक्सप्रेस की एक विशेष फैन स्क्रीनिंग भी इस दौरान करेंगी। मडगांव एक्सप्रेस का निर्देशन कुणाल खेमू ने किया है। नोरा फतेही की उपस्थिति फेस्टिवल के 15वें संस्करण में एक रोमांचक स्पर्श जोड़ने के लिए तैयार है, जो 15 से 25 अगस्त, 2024 तक चलेगा। अपनी ऐतिहासिक 15वीं वर्षगांठ का जश्न मनाते हुए, इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न भारत के बाहर एकमात्र भारतीय फिल्म समारोह है जिसकी मेज़बानी आस्ट्रेलिया द्वारा की जाती है। दूसरे देश की सरकार द्वारा, इसे भारतीय सिनेमा और संस्कृति का एक अनूठा और महत्वपूर्ण उत्सव बना दिया गया है।

इस कार्यक्रम में शामिल होने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, नोरा फतेही ने कहा, मैं डांस प्रतियोगिता के लिए जूरी सदस्य के रूप में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2024 के भारतीय फिल्म महोत्सव का हिस्सा बनकर अविश्वसनीय रूप से सम्मानित महसूस कर रही हूं। डांस एक सार्वभौमिक भाषा है जो लोगों को एक साथ लाती है और मैं प्रतिभागियों की अविश्वसनीय प्रतिभा और जुनून को देखने के लिए रोमांचित हूं। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न एक प्रतिष्ठित मंच है जो भारतीय सिनेमा और संस्कृति की समृद्धि का जश्न मनाता है, और मैं इस भव्य उत्सव का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं।



## आनंद एल राय की फिल्म में कृति सेनन की हुई एंट्री!

साउथ स्टार धनुष ने साल 2013 में आनंद एल राय की फिल्म रांझणा से बॉलीवुड में कदम रखा था। ये फिल्म सुपरहिट थी और कहानी से लेकर गाने तक, सबकुछ पसंद किए गए थे। अब धनुष और आनंद एल राय फिर से साथ आ रहे हैं। फिल्म का नाम है तेरे इश्क में। वैसे तो इस फिल्म का ऐलान पिछले साल ही हो गया था, लेकिन अब कास्ट का खुलासा हुआ है। इस फिल्म में धनुष के साथ कृति सेनन रोमांस करती नजर आएंगी। हालांकि, अभी तक ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि मेकर्स धनुष और कृति सेनन के अलावा एक और एक्टर को कास्ट करना चाह रहे हैं। मेकर्स कथित तौर पर कई एक्टर्स से बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही उनका चयन करेंगे।

तेरे इश्क में की शूटिंग अक्टूबर 2024 में शुरू होने और 2025 में रिलीज होने की उम्मीद है। इस बीच कृति दो पत्ती की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसके अलावा डायरेक्टर आनंद एल राय अपने अगले प्रोडक्शन नखरेवाली की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें प्रगति श्रीवास्तव लीड रोल में हैं और यह वैलेंटाइन डे 2025 पर रिलीज होने वाली है।

## हाउसफुल 5 में शामिल हुए फरदीन खान

हाउसफुल 5 कॉमेडी फ्रैंचाइज़ की पांचवीं किस्त के लिए साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार एक बार फिर से साथ आ रहे हैं। यह फिल्म अगस्त के अंत में लंदन में शूट होना शुरू होगी, जिसकी तैयारी कर ली गई है। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। मुख्य कलाकारों में जहाँ अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, संजय दत्त, नाना पाटेकर और अभिषेक बच्चन शामिल हैं, वहीं अब इस फिल्म में इन सितारों के साथ फरदीन खान को भी जोड़ लिया गया है। हे बेबी के बाद फरदीन खान एक बार फिर से अक्षय कुमार और साजिद नाडियाडवाला के साथ काम करने जा रहे हैं। इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने बॉलीवुड हंगामा को बताया, हे बेबी के बाद, अक्षय कुमार, फरदीन खान और साजिद नाडियाडवाला की तिकड़ी हाउसफुल 5 के लिए एक साथ आ रही है। यह फरदीन के लिए एक मजेदार भूमिका है और अभिनेता जल्द ही रिलीज़ होने वाली फिल्म खेल खेल में के बाद अक्षय के साथ फिर से काम करने के लिए उत्साहित हैं। इस भूमिका के लिए अर्जुन रामपाल सहित कई दावेदार थे और अब फरदीन खान हाउसफुल की दुनिया में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं। साजिद नाडियाडवाला ने हाउसफुल 5 के लिए पुरुष अभिनेताओं का चयन पूरा कर लिया है, अब वे इनके साथ नजर आने वाली नायिकाओं का चयन करने जा रहे हैं। हालांकि उन्होंने कुछ नायिकाओं को केन्द्र में रख लिया है, लेकिन अभी तक इनके बारे में कुछ भी आधिकारिक नहीं किया है।






## संक्षिप्त समाचार

### पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड का बोर्ड फंड जुटाने पर करेगा विचार

**इंदौर, एजेंसी।** भारत के तार और केबल उद्योग में अग्रणी कंपनी, पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड की स्थापना 1955 में हुई थी। कंपनी ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड 8 अगस्त, 2024 को फंड जुटाने के प्रस्ताव और वित्त 2025 की पहली तिमाही के लिए अन-ऑडिटेड वित्तीय परिणामों पर विचार करेगा। कंपनी ने आगे बताया कि वह पैसे जुटाने का प्रस्ताव रख रही है। यह पैसे शेयर जारी करके, या अन्य तरीकों जैसे जीडीआर, एडीआर, एफसीसीबी, या शेयरों में बदलने वाले दूसरे तरीकों से जुटाए जाएंगे। इनमें वारंट, पूरी तरह से कन्वर्टिबल डिबेंचर, आंशिक रूप से कन्वर्टिबल डिबेंचर, बिना वारंट वाले या वारंट वाले नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर, या कन्वर्टेबल प्रेफरेंस शेयर शामिल हो सकते हैं। पैसे सार्वजनिक रूप से शेयर जारी करके, चुनिंदा लोगों को शेयर देकर, निजी तौर पर शेयर बेचकर, या अन्य किसी अनुमत तरीके से जुटाए जा सकते हैं। यह सब सरकार की मंजूरी और कंपनी के शेयर धारकों की सहमति के बाद ही होगा। कंपनी ने पिछले 31 मार्च 2024 तक बहुत अच्छा काम किया है। कंपनी को आने वाले समय में 4951 करोड़ रुपये से ज्यादा के ऑर्डर मिले हैं। खासकर बिजली और रेलवे के लिए बनाए जाने वाले तारों की मांग बहुत बढ़ी है। कंपनी ने विदेशों में भी अच्छे उत्पाद बेचे हैं। कंपनी ने अपने उत्पादन को बढ़ाकर लागत कम की है और ज्यादा मुनाफा कमाया है। कंपनी की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत है। कंपनी का कर्ज भी कम हो गया है और जल्द ही कंपनी पूरी तरह से कर्ज मुक्त हो जाएगी। पिछले साल कंपनी ने भारत में ही 7944 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार किया है, जो पिछले साल के मुकाबले 100.5त्न ज्यादा है। कंपनी का 74.2त्न कारोबार भारत में ही होता है और बाकी 25.8त्न कारोबार विदेशों में होता है।

### सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने टुगेदर फॉर टुमॉरो, इनेबलिंग पीपल नामक एक नई डिजिटल कम्युनिटी लॉन्च की

**गुरुग्राम।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, दुनिया भर में ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स के स्मार्टफोन पार्टनर, ने ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के प्रशंसकों सहित अनेक लोगों के लिए टुगेदर फॉर टुमॉरो, इनेबलिंग पीपल नामक एक नई डिजिटल कम्युनिटी लॉन्च करने और उसे बढ़ावा देने के लिए 31 जुलाई को पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ मिलकर एक कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम पेरिस 2024 को समर्पित पेरिस के बहुउद्देश्यीय प्रदर्शनी स्थल स्पाट 24 में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आईओसी के प्रेसिडेंट थॉमस बाक, आईओसी के टेलीविजन और मार्केटिंग सेवाओं के एमडी ऐनी-सोफी वोमार्ड, पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के प्रेसिडेंट एंड्रयू पार्सन्स, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसिडेंट और ग्लोबल मार्केटिंग ऑफिस के हेड वायएच ली, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यूरोप ऑफिस के प्रेसिडेंट इल-क्यूंग सुंग और पूर्व स्वर्ण पदक विजेता फ्रांसीसी हैंडबॉल खिलाड़ी और निपुण विजुअल ऑर्टिस्ट और पेरिस 2024 के लिए ओलंपिक संग्रहालय के नेतृत्व में ओलंपियन कलाकार कार्यक्रम के प्रतिभागी ल्यूक अबालो ने भाग लिया।कोरियाई टीम के पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी, येओन कोंग किम, टीम जीबी स्केटबोर्डर एंडी मैकडोनाल्ड, ऑस्ट्रेलियाई पैरा-एथलीट मैडिसन डी रोजारियो और यूके कंटेंट क्रिएटर और रैपिंग साइंस टीचर, मैट ग्रीन ग्लोबल एम्बेस्डर के रूप में इस प्रोजेक्ट में भाग लेने जा रहे हैं।

# कृष्णा ने दिया अपने कॉलेज को 228 करोड़ रुपये का दान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वह साल था 2020 का। दुनिया भर में कोरोना का कहर बरप चुका था। भारत में तो लॉकडाउन भी लग चुका था। फैक्ट्रियां बंद पड़ी थीं। देश की जीवन रेखा, भारतीय रेल की ट्रेनें बंद थीं। शहरों की गलियां और सड़के सूनी थीं। ऐसे साल 2020 के दिसंबर में आईआईएफएल वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2020 आई थी। उसमें 'टॉप 10 नए परिवर्धन' नाम से एक अलग सूची आई थी। इसमें दूसरे नंबर पर थे कृष्णा चिवुकुला कृष्णा चिवुकुला और उनका परिवार। इसी कृष्णा चिवुकुला ने पिछले दिनों ही अपने कॉलेज, आईआईटी मद्रास को 228 करोड़ रुपये की रकम दाम में दी है।




कृष्णा चिवुकुला ने आठवीं कक्षा तक पढ़ाई तेलुगू माध्यम से की थी। लेकिन, तेज इतने कि उनका सेलेक्शन आईआईटी बॉम्बे में एडमिशन के लिए हो गया। उन्होंने साल 1968 में आईआईटी बॉम्बे से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री हासिल की। इसके बाद उनहोंने एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में एम. टेक करने के लिए आईआईटी मद्रास में दाखिला ले लिया। वहीं से उन्होंने 1970 में एम. टेक की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने हावर्ड यूनिवर्सिटी से 1980 में एमबीए भी किया। साल 2012 में उन्हें तुमकुर यूनिवर्सिटी ने डी. लिट की उपाधि से सम्मानित किया।

### अमेरिका में बनाई पहली कंपनी

आईआईटी मद्रास से पढ़ाई करने के बाद वह अमेरिका चले गए। वहीं उन्होंने हॉफमैन इंडस्ट्रीज में नौकरी की। वहां इतनी लगन से नौकरी की कि साल 1976 में वह वहां के चीफ इंजीनियर बन गए। बाद में हावर्ड से एमबीए करने के साल 1984 में वह हॉफमैन इंडस्ट्रीज के ग्रुप पेसिडेंट एवं सीईओ बन गए। साल 1990 में उन्होंने यह नौकरी छोड़ दी और अमेरिका में ही अपनी पहली कंपनी शिवा टेक्नोलॉजीज इंक. की स्थापना की। इसका मुख्यालयसिरैक्यूज़, न्यूयॉर्क में था। साल 1997 में शिवा एनालिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से बेंगलुरु में एक कंपनी स्थापित की गई।

### फिर इंडो यूएस एमआईएम की डली नींव

साल 1997 में उन्होंने एमआइएम तकनीक को भारत लेकर आए। उस समय तक अमेरिका में भी यह उभरती हुई तकनीक थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु में ही अपनी दूसरी कंपनी इंडो यूएस एमआईएम टेक प्राइवेट लिमिटेड की नींव डाली। इस समय इंडो यूएस एमआईएम टेक पूरी दुनिया में इस क्षेत्र की नंबर वन कंपनी है। इस कंपनी 2000 से भी ज्यादा हाईली क्वालिफाइड पर्सनल काम कर रहे हैं। इस कंपनी के दो वाइस प्रेसिडेंट भी आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र हैं। यह कंपनी मेटल इंजेक्शन मोल्डिंग, सिरेमिक इंजेक्शन मोल्डिंग, प्रिसिजन इन्वेस्टमेंट कास्टिंग, प्रिसिजन मशीनिंग, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और विशेष प्रक्रियाओं में लगे हुए हैं।

### मेटल इंजेक्शन मोल्डिंग क्या है?

धातु इंजेक्शन मोल्डिंग एक विशिष्ट प्रक्रिया है जिसमें फीडस्टॉक बनाने के लिए बारीक धातु पाउडर सामग्री को बाइंडर के साथ मिलाया जाता है और फिर इसे ठोस जटिल आकार के भागों को प्राप्त करने के लिए इंजेक्ट किया जाता है। धातु इंजेक्शन मोल्डिंग प्रक्रिया में चार प्रमुख चरण शामिल हैं।

## बढ़ते कर्ज से वैश्विक बाजारों में आएगी बड़ी गिरावट, जिम रोजर्स ने कहा- ज्यादा नकदी के साथ हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर के शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आने वाली है। यह ऐसी गिरावट होगी, जो कई दशकों का रिकॉर्ड तोड़ देगी। इसका कारण देशों के बीच तनाव और भारत सहित सभी प्रमुख देशों पर भारी-भरकम कर्ज है। दिग्गज अमेरिकी निवेशक जिम रोजर्स ने कहा, मैं बहुत ज्यादा नकदी लेकर बाजार की भारी गिरावट का इंतजार कर रहा हूं। जिम रोजर्स ने मंगलवार को कहा, अमेरिका सहित दुनिया में लंबे समय से समस्या बनी हुई है। मुझे उम्मीद है कि अगली बिकवाली मेरे जीवनकाल की सबसे खराब होगी। मैं इस पतन के आने का इंतजार कर रहा हूं, क्योंकि मैं जानता हूं कि यह बहुत बुरा होने वाला है। ऐसे में निवेशकों को इस समय अपने पास नकदी रखने की जरूरत है।



जिम रोजर्स को गंभीर वित्तीय पतन की आशंका है। इसी कारण बफे की बर्कशायर हैथवे ने भी शेयरों को बेचकर 277 अरब डॉलर की नकदी रखी है। बफे के साथ भारतीय म्यूचुअल फंड सहित शीर्ष निवेशकों ने भी बाजार में उथल-पुथल की आशंका को देखते हुए शेयरों की बिक्री कर नकदी रख लिया है।

रोजर्स ने सुझाव दिया कि छोटे निवेशकों को यह देखना चाहिए कि बड़े निवेशक कैसे पहले ही शेयरों को बेचकर नकदी जुटा रहे हैं।

### बफे ने मुश्किलों को पहले ही भांप लिया

बफे ने बाजार में आने वाली मुश्किलों को पहले ही भांप लिया। यही कारण है कि उन्होंने अमेरिका में मंदी की आशंका और मध्य पूर्व देशों के बीच तनाव जैसी खबरों से पहले ही शेयरों की बिकवाली शुरू कर दी थी।

### म्यूचुअल फंडों के पास 1.52 लाख करोड़ की नकदी

भारतीय म्यूचुअल फंडों के पास जून तक 1.52 लाख करोड़ रुपये की नकदी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि संभावित गिरावट को देखते हुए इस समय सतर्क रहें।

## डेल कंपनी ने 12,500 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंप्यूटर की दिग्गज कंपनी डेल ने अपने लगभग 12,500 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी ने सेल्स डिवीजन में एक बड़े पुनर्गठन की घोषणा की है। इससे ऑपरेशंस को आधुनिक बनाने और एआई पर ध्यान केंद्रित करने की रणनीति के हिस्से के रूप में छंटनी की गई है। बिजनेस इनसाइडर की एक रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने 6 अगस्त को एक इंटर्नल मेमो में कर्मचारियों को इन बदलावों के बारे में सूचित किया, जिसमें सेल्स टीमों को सेंट्रलाइज करने और एक नई एआई-केंद्रित सेल्स यूनिट बनाने की योजना की रूपरेखा दी गई थी।

न्यूजबाइट की रिपोर्ट के अनुसार, प्रभावित कर्मचारियों की सटीक संख्या की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन लगभग 12,500 कर्मचारी पर छंटनी की मार पड़ी है। इससे डेल के लगभग 10 प्रतिशत वर्कफोर्स प्रभावित हुआ है।

÷ग्लोबल सेल्स मॉडर्नाइजेशन अपडेट÷ के नाम से यह मेमो सीनियर एग्जीक्यूटिव बिल स्कैनेल और जॉन बर्न द्वारा भेजा गया था। इसने स्ट्रीम लाइन मैनेजमेंट को सुव्यवस्थित करने और निवेश को फिर से प्राथमिकता देने के लिए कंपनी के इरादों को विस्तृत किया।



लाइव मिंट की खबर के मुताबिक छंटनी की सही संख्या का खुलासा नहीं किया गया है। सेल्स डीविजन के कई कर्मचारियों ने बंद होने या प्रभावित होने वाले सहयोगियों को जानने की सूचना दी। सूत्रों के अनुसार छंटनी ने मुख्य रूप से मैनेजर्स और सीनियर मैनेजर्स को प्रभावित किया। इनमें से कुछ कंपनी में दो दशकों से काम कर रहे हैं।

एक कर्मचारी ने बिना अपनी पहचान बताए बिजनेस इनसाइडर को बताया, ÷ इसमें ज्यादातर मैनेजर्स, डायरेक्टर्स और वीपी थे। उन्होंने मार्केटिंग और ऑपरेशंस को भी प्रभावित किया। उन्होंने संगठनों को संयुक्त किया और प्रबंधकों के लिए अनुपात को भी अधिक बनाया। अब हर मैनेजर के पास न्यूनतम 15 कर्मचारी हैं।÷

### हर छह महीने में छंटनी

यह छंटनी डेल में एक बड़े ट्रेंड का हिस्सा है। कंपनी ने फरवरी 2023 से अपने कर्मचारियों की संख्या 130,000 से घटाकर लगभग 120,000 कर दिया है। एक कर्मचारी ने कहा, ÷÷हर छह महीने में हमारे यहां छंटनी होती है। आगे बढ़ने का कोई अवसर नहीं है। मैं नौ महीने से डेल के बाहर एक नई नौकरी की तलाश कर रहा हूं।÷ डेल के एक प्रतिनिधि ने बिजनेस इनसाइडर से पुष्टि की कि कंपनी संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए ÷कार्यों की चल रही सीरीज÷ से गुजर रही है।

## दो दिन में 44 प्रतिशत चढ़ गया एस पी अपैरल्स लि का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गारमेंट्स एंड अपैरल्स इंडस्ट्री की कंपनी एस पी अपैरल्स लिमिटेड के शेयरों में रॉकेट सी तेजी आई है। एस पी अपैरल्स लिमिटेड के शेयर बुधवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में करीब 20 पर्सेंट की तेजी के साथ 1133 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने बुधवार को 52 हफ्ते का अपना नया हाई भी बनाया है। बांग्लादेश में राजनीतिक संकट गहराने के बाद कंपनी के शेयरों में पिछले 2 दिन में जबरदस्त तेजी आई है। एस पी अपैरल्स के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 429.40 रुपये है। दो दिन में एस पी अपैरल्स लिमिटेड के शेयरों में 44 पर्सेंट का उछाल आया है। गारमेंट्स एंड अपैरल्स कंपनी के शेयर दो दिन में 790 रुपये से बढ़कर 1133 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, 4 जून 2024 के लेवल से एस पी अपैरल्स लिमिटेड के शेयरों में 114 पर्सेंट की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 4 जून को 530 रुपये पर थे, जो कि 7 अगस्त 2024 को 1133 रुपये पर पहुंच गए हैं। एस पी अपैरल्स लिमिटेड के शेयरों में इस साल अब तक 85 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। कंपनी के शेयर इस साल 1 जनवरी को 605.80 रुपये पर थे, जो कि 7 अगस्त 2024 को 1133 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले एक साल में एस पी अपैरल्स लिमिटेड के शेयरों में 130 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयर 7 अगस्त 2023 को 452.15 रुपये पर थे, जो कि 8 अगस्त 2024 को 1133 रुपये पर पहुंच गए हैं।



## जलवायु परिवर्तन से अनियमित एवं निरंतर बन रहा मानसून

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीई-ग्लोबल और एसरी इंडिया द्वारा आज जारी अपनी तरह के पहले अध्ययन के मुताबिक, भारत के 84 प्रतिशत से अधिक जिलों में अत्यधिक लू चलने की आशंका है जिसमें से 70 प्रतिशत जिलों में बार बार और अत्यधिक बारिश होने की घटना दर्ज की गई है। अत्यधिक गर्मी और बारिश की घटनाओं की पुनरावृत्ति, तीव्रता और अनिश्चितता हाल के दशकों में बढ़ी है। जहां भारत में पिछले तीन दशकों में मार्च-अप्रैल-मई और जून-जुलाई-अगस्त-सितंबर के महीनों में अत्यधिक गर्म हवाओं में 15 गुनी वृद्धि दर्ज की गई है, अकेले पिछले दशक में तेज लू के दिनों में 19 गुना वृद्धि दर्ज की गई। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि भारत में मानसून के सीजन में गैर बारिश के दिनों को छोड़कर बढ़ी हुई गर्मी की स्थितियां देखी गई हैं। इस अध्ययन को आज आईपीई ग्लोबल, एसरी इंडिया और इसकी साझीदार यूनेस्को एवं क्लाइमेट ट्रेंड्स द्वारा भारत किस तरह से जलवायु की तीव्रता से निपट सकता हैशीर्षक से आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में पेश किया गया। दुनिया, जलवायु सप्ताह, एनवाईसी, अमेरिका के लिए कमर कस रही है जहां उद्योगपतियों, राजनेताओं के जलवायु कार्य प्रतिबद्धता पर चर्चा करने की संभावना है।

## आईआईटी मद्रास को मिला भारत में अब तक का सबसे बड़ा डोनेशन

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) के एक विशिष्ट पूर्व छात्र डॉ. कृष्ण चिवुकुला (एमटेक, 1970) ने संस्थान के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक 228 करोड़ रुपये का सिंगल डोनेशन दिया है। यह भारत में किसी शिक्षा संस्थान को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा डोनेशन है, जो आईआईटी मद्रास को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। संस्थान के कैम्पस में आज (6 अगस्त 2024) एक कार्यक्रम में डॉ. कृष्ण चिवुकुला के सम्मान में एक शिक्षा ब्लॉक को कृष्ण चिवुकुला ब्लॉक' नाम दिया गया। इस अवसर पर डॉ. कृष्णा चिवुकुला, आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि, डीन (पूर्व छात्र और कॉर्पोरेट संबंध) प्रो. महेश पंचग्नुला, आईआईटी मद्रास संस्थान उन्नति कार्यालय के सीईओ श्री कविराज नायर, फैकल्टी, शोधकर्ता, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए।

डॉ. कृष्णा चिवुकुला 1997 में मेटल इंजेक्शन मोल्डिंग (एमआईएम)' नामक अत्याधुनिक इंजीनियरिंग निर्माण तकनीक भारत लेकर आए जबकि यह टेक्नोलॉजी अमेरिका में भी नई थी। आज उनकी कम्पनी इंडो यूएस एमआईएम टेक कैपेसिटी और सेल्स' के दृष्टिकोण से एमआईएम टेक्नोलॉजी में दुनिया में नंबर एक स्थान पर है और इसका अनुमानित कारोबार लगभग 1,000 करोड़ रुपयों का है।

# सोने-चांदी के भाव में फिर बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा मार्केट में सोने-चांदी के भाव फिर गिर गए। 24 कैरेट गोल्ड का भाव 276 रुपये सस्ता होकर 68906 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। जबकि, चांदी की कीमत महज 13 रुपये प्रति किलो कम होकर 79145 रुपये पर खुली। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक आज 23 कैरेट गोल्ड का भाव भी 275 रुपये टूटकर 68630 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड की कीमत भी अब 253 रुपये प्रति 10 ग्राम गिरकर 63118 रुपये पर आ गई है। दूसरी ओर 18 कैरेट गोल्ड की कीमत भी 207 रुपये टूटकर 51680 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है।

14 कैरेट गोल्ड का भाव आज 162 रुपये की गिरावट के साथ 40310 रुपये प्रति 10 ग्राम आ गया है। सोने-चांदी के ये रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए हैं। हो सकता है आपके शहर में सोने-चांदी के भाव में 1000 से 2000 का अंतर आ रहा हो। 24 कैरेट सोने का भाव अब जीएसटी के साथ 70973 रुपये प्रति 10 ग्राम पर



जीएसटी के साथ भाव 70688 रुपये है। इसमें 3 पर्सेंट जीएसटी के हिसाब से 2058 रुपये और जुड़ा हुआ है। जहां तक 22 कैरेट गोल्ड के रेट की बात है तो यह 65011 पर पहुंच गया है। इसमें जीएसटी के 1893 रुपये जुड़े हैं।

18 कैरेट गोल्ड 1550 रुपये जीएसटी समेत कीमत 53230 रुपये है। इसपर अभी ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स का मुनाफा नहीं जुड़ा है।

81519 रुपये पर पहुंच गई है। सोने-चांदी के ये रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी किए गए हैं। इस रेट पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। बता दें इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन 104 साल पुराना एसोसिएशन है। आइबीजेए दिन में दो बार दोपहर और शाम को गोल्ड रेट जारी करता है। ये रेटवित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न अधिसूचनाओं के अनुसार सॉवरेन और बॉन्ड जारी

## इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जर बनाती है कंपनी, शेयर खरीदने की मची लूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईवी चार्जर बनाने वाली प्रमुख कंपनी सर्वोटेक पावर सिस्टम्स के शेयर आज बुधवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 10 प्रतिशत से अधिक चढ़ गए और 132.34 रुपये के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है। दरअसल, सर्वोटेक पावर सिस्टम्स को सोलर एनर्जी स्टोरेज तथा ग्रिड से जुड़ी सिस्टम्स की स्थापना के लिए करीब 10.20 करोड़ रुपये का 1.2 मेगावाट का वर्क ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर उत्तर प्रदेश से मिला है।

### कंपनी ने क्या कहा?

कंपनी बयान के अनुसार, यह ठेका उत्तर प्रदेश के ग्रामीण विकास विभाग तथा उत्तर प्रदेश न्यू एवं रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (यूपीएनईडीए) से मिला है। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स की निदेशक सारिका भाटिया ने कहा, '' हम उत्तर प्रदेश में ऊर्जा पहुंच तथा स्थिरता को बढ़ाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग और यूपीएनईडीए के प्रयासों में उनके साथ साझेदारी कर खुश हैं।''

### जून तीमाही के नतीजे

बता दें कि कंपनी का जून में समाप्त होने वाली तिमाही में परिचालन से रेवेन्यू 79.57 करोड़ रुपये की तुलना में 41 प्रतिशत बढ़कर 112.19 करोड़ रुपये हो गया। ब्याज, टैक्स, डेप्रिसिएशन और एमॉर्टाइज़ेशन से पहले की कमाई) त्त्ना एफवाय24 में ?7.13 करोड़ से त्त्नाएफवाय25 में ?8.54 करोड़ तक 20 प्रतिशत तक बढ़ गई। सकल लाभ में 29 प्रतिशत वृद्धि देखी गई ।

### शेयरों के हाल

सर्वोटेक पावर सिस्टम्स के स्टॉक ने निवेशकों को लगातार मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। महीनेभर में यह शेयर 35 प्रतिशत और इस साल ङ्घञ्जष्ठ में अब तक 40 प्रतिशत चढ़ गया है। सालभर में इसमें 60 प्रतिशत की तेजी आई है। पांच साल में यह शेयर 5,151.59 प्रतिशत चढ़ा है। इस दौरान इसकी कीमत 2 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई है।

# विनेश फोगाट ही नहीं ये भारतीय खिलाड़ी भी ओलंपिक में हो चुके हैं भेदभाव का शिकार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को आज 7 अगस्त को फ्रीस्टाइल कुश्ती के 50 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में गोल्ड के लिए खेलना था। लेकिन इससे पहले ही वर्ग से अधिक भार होने के बाद उन्हें ओलंपिक से डिस्क्वालीफाई कर दिया गया है। इस फैसले के बाद देश भर में भारी रोश है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख प्रगट करते हुए इस पूरे मामले पर पीटी उषा से सख्त विरोध दर्ज करने के लिए कहा है। लेकिन ओंलपिक खेलों में भारत के ये खिलाड़ी भी भेदभाव का शिकार हो चुके हैं।

**अमित रोहिदास को रेड कार्ड के बाद एक मैच से बैन किया** - भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख डिफेंडर अमित रोहिदास को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में रेड कार्ड मिलने के कारण उक्त मैच से बाहर कर दिया था। ब्रिटेन के खिलाफ भी भारत ने 10 खिलाड़ियों के साथ ही क्वार्टर फाइनल खेला था और पनेल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की थी। हालांकि गाज इतने तक ही सीमित नहीं थी। रोहिदास को एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है और वह जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को होने वाले ओलंपिक सेमीफाइनल में नहीं खेल पाए।






रोहिदास को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच में अंतिम हूटर बजने से लगभग 40 मिनट पहले मैदान से बाहर भेज दिया गया था क्योंकि उनकी स्टिक अनजाने में एक प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर लग गई थी। ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ मैच के दूसरे क्वार्टर में 31 वर्षीय रोहिदास मैदान पर विल कैलनान से बहस में उलझ गए थे। मैदानी अंपायर ने भारतीय खिलाड़ी को पहले चेतावनी दी लेकिन टीवी अंपायर ने वीडियो रेफरल के बाद रोहिदास को रेड कार्ड दे दिया।

**मुक्केबाज निशांत देव के साथ धोखा** - भारतीय मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक में पुरूषों के 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको के मार्को वेरडे से हारकर बाहर हो गए। वेल्टरवेट के इस मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता निशांत ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन बंटे हुए फैसले के आधार पर उन्हें 1-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। मुक्केबाजी में ओलंपिक कांस्य जीत चुके विजेंदर सिंह और अभिनेता रणदीप हुड्डा ने भी बाउट के दौरान स्कोरिंग सिस्टम पर सवाल खड़े किए। 23 साल के निशांत ने पहला राउंड जीता था, लेकिन अगले दो राउंड में नतीजा वेरडे के पक्ष में रहा था, जबकि निशांत ज्यादा हावी दिखे थे। विजेंदर ने निशांत को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए तारीफ की और मैच में स्कोर करने की प्रणाली पर सवाल उठाते हुए एक्स पर लिखा- मुझे नहीं पता कि स्कोरिंग सिस्टम क्या है, लेकिन मुझे लगता है कि बहुत करीबी लड़ाई थी। निशांत ने इतना अच्छा खेला.. कोई ना भाई। अभिनेता रणदीप हुड्डा का मानना है कि निशांत को बाहर कर उनसे ओलंपिक पदक लूट लिया गया है। उन्होंने एक्स पर लिखा था, निशांत ने इस मैच को जीता था। मैक्सिकन मुक्केबाज की जमकर धुनाई की थी। यह स्कोरिंग क्या है? पदक लूट लिया, लेकिन हमारे मुक्केबाज ने दिल जीत लिया। दुखद है!! अभी कई और मेडल आने हैं छोरे!!

## बंगलादेश में हालात खराब, महिला टी20 विश्वकप के लिए वैकल्पिक स्थलों का चयन

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस साल के आखिर में बंगलादेश में होने वाले महिला टी-20 विश्वकप आयोजन के लिए वैकल्पिक स्थल के रुप में भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और श्रीलंका को चिन्हित किया है। आईसीसी के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि बंगलादेश की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और सभी विकल्प खुले रखे गए हैं। आईसीसी के बयान में कहा गया, 'आईसीसी, बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) उनकी सुरक्षा एजेंसियों और हमारे अपने स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकारों के साथ इस पूरी स्थिति पर नजर बनाये हुये है। हमारी प्राथमिकताओं में सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा और उनकी देख-रेख शामिल है।



बयान में कहा गया है कि बंगलादेश में वहां की राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए इस बात की भी संभावना है कि इस वैश्विक टूर्नामेंट को किसी और देश में आयोजित कराया जाए। इस तरह की परिस्थिति से निपटने के लिए आईसीसी ने भारत, यूएई और श्रीलंका को वैकल्पिक स्थल के रूप में चिन्हित किया है। उल्लेखनीय है कि बंगलादेश में पिछले कुछ हफ्तों से सरकार विरोधी आंदोलन चल रहा है जिसमें कई लोगों की मौत हो चुकी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दस टीमों का महिला टूर्नामेंट तीन से 20अक्टूबर तक आयोजित होने वाला है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और भारत की सरकारों ने सोमवार के घटनाक्रम के बाद अपने नागरिकों को बंगलादेश की यात्रा नहीं करने की सलाह जारी की है। ये तीनों देश टी-20 विश्वकप का भी हिस्सा हैं।

## विनेश के ओलंपिक में अयोग्य करार दिए जाने पर बोले विजेंदर सिंह

### यह साजिश हो सकती है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने आरोप लगाया है कि ओलंपिक से पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य करार दिया जाना साजिश भी हो सकती है क्योंकि उसके जैसे एलीट खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंटों से पहले वजन कम करने की तकनीक बखूबी आती है। ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले और इकलौते मुक्केबाज विजेंदर ने कहा कि यह हैरान करने वाला हे कि विनेश (50 किलो) का वजन ओलंपिक फाइनल से पहले 100 ग्राम अधिक निकला। उन्होंने कहा, 'यह साजिश हो सकती है। 100 ग्राम, मतलब मजाक है क्यो। हम खिलाड़ी एक रात में पांच से छह किलो वजन घटा सकते हैं। हमें पता होता है कि अपनी भूख और प्यास पर कैसे काबू रखना है।



उन्होंने कहा, 'साजिश का मतलब यह है कि लोग खेलों में भारत के बढ़ते कद को देखकर खुश नहीं है। इस लड़की ने इतना कुछ झेला है कि उसके लिए दुख होता है। वह और क्या कर सकती थी। कौन सी अगली परीक्षा। विजेंदर ने कहा, 'मुझे यकीन नहीं होता कि विनेश ऐसी गलती करेगी। वह इतने लंबे समय से एलीट खिलाड़ी है और उसे पता है कि इसमें कुछ और भी है। मुझे उसकी चिंता हो रही है। उम्मीद है कि वह ठीक है। उसके साथ जो कुछ हुआ, वह ठीक नहीं है।

## बांग्लादेश में क्रिकेटर मशरफे मुर्तजा के घर में प्रदर्शनकारियों ने लगाई आग

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में चल रहे राजनीतिक संकट के बीच प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के पूर्व क्रिकेट कप्तान मशरफे बिन मुर्तजा पर गुस्सा दिखाया है। गुस्साए लोगों ने मुर्तजा के घर को आग लगा दी है। यह घटना प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने और सोमवार को बांग्लादेश छोड़ने के बाद हुई। बांग्लादेश में अभी अराजकता और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि खुलना डिवीजन में नरैल-2 निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य मुर्तजा ने इस साल की शुरुआत में हुए आम चुनावों के दौरान अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में लगातार दूसरी बार अपनी सीट जीती थी। माना जा रहा है कि मुर्तजा ने छात्रों के प्रदर्शन और सामूहिक गिरफ्तारियों पर चुप्पी साधे हुए थी, इससे प्रदर्शनकारी निराश थे।

**कौन है मशरफे बिन मुर्तजा** - बांग्लादेश के महानतम क्रिकेटरों में से एक माने जाने वाले मुर्तजा ने अपने करियर में 36 टेस्ट, 220 वनडे और 54 टी20ई खेले। उन्होंने सभी प्रारूपों में 117 मैचों में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी की जो किसी भी बांग्लादेशी खिलाड़ी के लिए सबसे अधिक है। अपने शानदार करियर के दौरान मुर्तजा ने 390 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए और 2,955 रन बनाए। वह अपनी गति, सटीकता और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता के लिए जाने जाते थे। मुर्तजा के नेतृत्व कौशल की भी बहुत प्रशंसा की गई, क्योंकि उन्होंने बांग्लादेश को कई यादगार जीत दिलाई।



**2018 में राजनीति से जुड़े मुर्तजा** - खेल से संन्यास लेने के बाद मुर्तजा 2018 में राजनीति में शामिल हुए। मुर्तजा के घर पर हमले ने तस्वीर साफ कर दी है कि यहां राजनीतिक संकट गंभीर होता जा रहा है। जैसे-जैसे राजनीतिक स्थिति सामने आ रही है, बांग्लादेश का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है। सेना ने अंतरिम सरकार बनाने में मदद के लिए कदम बढ़ाया है, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इससे देश में स्थिरता आएगी या अशांति बढ़ेगी। बता दें कि पिछले 30 वर्षों में से 20 वर्षों तक बांग्लादेश पर शासन करने वाली हसीना ने सरकारी नौकरी कोटा योजना पर छात्रों के भारी विरोध के बीच पद छोड़ दिया।

# भारत ने गंवाया हॉकी सैमीफाइनल

### जर्मनी 3-2 से फाइनल में, भारत अब ब्रॉन्ज के लिए खेलेगा

**पेरिस (एजेंसी)।** ओलंपिक में 44 साल बाद स्वर्ण जीतने का भारतीय हॉकी टीम का सपना जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में 2-3 से मिली हार से टूट गया और अब तक अभेद दिख रहे भारतीय डिफेंस में विश्व चैम्पियन टीम ने बड़ी चतुराई से सेंध मारकर टीवी के आगे देर रात नजरें गड़ाये बैठे करोड़ों भारतीयों का दिल भी तोड़ दिया। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी को हराने वाली भारतीय टीम अब कांसे के लिए 8 अगस्त को स्पेन से खेलेगी। वहीं, फाइनल जर्मनी और नीदरलैंड के बीच होगा। पहले क्वार्टर में बढ़त बनाने के बावजूद भारतीय टीम लय कायम नहीं रख पाई। डिफेंस बिखरा हुआ था तो फॉरवर्ड पंक्ति दबाव में दिखी जबकि मिडफील्ड में भी कई गलतियां हुई।

भारत को अपने अनुभवी फर्स्ट रशर अमित रोहिदास की कमी बुरी तरह खली जो ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में मिले रेडकार्ड के कारण एक मैच का प्रतिबंध झेल रहे हैं । भारत के लिये सातवें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने और 36वें मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल किया जबकि जर्मनी के लिए गोंजालो पेयाट ने 18वें, क्रिस्टोफर रूर ने 27वें और मार्को मिल्टकाउ ने 54वें मिनट में गोल दागे। आठ बार की चैम्पियन भारतीय टीम ने आखिरी बार ओलंपिक स्वर्ण 1980 में मॉस्को में और रजत 1960 में रोम में जीता था। भारत को मैच में 12 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दो ही गोल में बदल सके। भारत ने बेहद आक्रामक शुरूआत करते हुए दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिस पर हरमनप्रीत का शॉट बचा लिया गया। अगले मिनट में फिर मिला पेनल्टी कॉर्नर भी बेकार गया।



भारत को 7वें मिनट में लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर मिले और चौथे को हरमनप्रीत ने गोल में बदला। भारतीय कप्तान का यह पेरिस ओलंपिक में 8वां गोल था। पहले 15 मिनट में भारत ने दबदबा बनाये रखा और विरोधी गोल पर लगातार हमले बोले। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने आक्रामक वापसी की और 18वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर बनाया जिसे पेलाट ने गोल में बदला। इसके 2 मिनट बाद भारत के सामने गोल करने का मौका था लेकिन टूर्नामेंट में भी तक दो गोल कर चुके अभिषेक का निशाना गोल के ठीक सामने चूका। इस बीच जर्मनी को 27वें मिनट में मिला पेनल्टी कॉर्नर वीडियो रेफरल पर पेनल्टी स्ट्रोक में बदला गया जिसे रूर ने गोल में बदलकर भारत पर 2-1 से बढत बना ली। हाफटाइम तक जर्मनी के पास यह बढत बरकरार रही।

ब्रेक के बाद भारतीय टीम ने आक्रामक शुरूआत की और पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन जर्मनी के डिफेंस ने हरमनप्रीत को रोकने के लिए अच्छा होमवर्क किया था। एक और पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत का पहला और रिबाउंड पर हार्दिक सिंह का प्रयास गोल में नहीं बदल सका। भारत को 36वें मिनट में मैच का 11वां पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर पहली बार वैरिएशन का इस्तेमाल किया गया तो जर्मन डिफेंस चकमा खा गया। हरमनप्रीत की फ्लिक को सुखजीत ने जर्मन गोल में डिफ्लैक्ट करके भारत को बराबरी दिलाई। आखिरी क्वार्टर में भारतीय डिफेंस में शुरूआती मिनटों में ही जर्मनी का शर्तिया गोल बचाया।

पेनल्टी कॉर्नर पर पेयाट का पहला शॉट श्रीजेश ने बचाया लेकिन गोल के सामने ही से रिबाउंड पर दूसरा शॉट युवा डिफेंडर संजय ने बहुत मुस्तैदी से बाहर निकाला। जर्मनी को 51वें मिनट में फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन लुकास विंडफेडर के शॉट को श्रीजेश ने बचाया और गेंद को सर्कल से हरमनप्रीत ने बाहर निकाला। इस बीच जर्मन स्ट्राइकर लगातार भारतीय गोल के भीतर ही गेंद को रखे हुए थे और तीन मिनट बाद मार्को मिल्टकाउ ने पेयाट के बेहतरीन पास पर उतनी ही खूबसूरती से स्टिक का कमाल दिखाकर गेंद को गोल के भीतर डाला।

**अमित रोहिदास सेमीफाइनल के लिए नहीं उतरे** - भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर अमित रोहिदास मंगलवार को हॉकी स्पर्धा में जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के लिए नहीं उतरे। अमित पर ब्रिटेन के खिलाफ जीत के बाद एक मैच का प्रतिबंध लगा था। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के आधिकारिक बयान में कहा गया है- 4 अगस्त को भारत बनाम ब्रिटेन मैच के दौरान एफआईएच कोड ऑफ कंडक्ट के उल्लंघन के लिए अमित रोहिदास को एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया था।

### पेरिस ओलंपिक 2024

## भारत को तीन पदक, अमेरिका के पास 24 गोल्ड सहित सबसे ज्यादा मेडल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अपना पहला ओलंपिक खेल रहे भारत के स्वप्निल कुसाले ने एक अगस्त को पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में भारत के लिए पहली बार कांस्य पदक जीता। इसी के साथ ही भारत के अब तीन पदक हो चुके हैं और तीनों शूटिंग में आए हैं।



इससे पहले मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत को दूसरा पदक दिलाते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्दा इवेंट में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। इसी के साथ ही भाकर एक ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई है। मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला पदक दिलाते हुए महिला 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में 28 जुलाई को कांस्य पदक अपने नाम किया था। वह 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक के साथ ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी।पदकों के मामले में भारत 63वें स्थान पर है। अमेरिका 86 पदकों के साथ पहले स्थान पर है। चीन (59 पदक) दूसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया कुल 35 पदकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है। फ्रांस और ग्रेट ब्रिटन चौथे और पांचवें स्थान पर हैं जिनके नाम अब तक क्रमशः 48 औप 46 पदक हैं।

**ओलंपिंक में टॉप 5 देशों के साथ भारत की मैडल टेली**

| क्रम | देश | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अमेरिका | 24 | 31 | 31 | 86 |
| 2. | चीन | 22 | 21 | 16 | 59 |
| 3. | ऑस्ट्रेलिया | 14 | 12 | 9 | 35 |
| 4. | फ्रांस | 13 | 16 | 19 | 48 |
| 5. | ग्रेट ब्रिटेन | 12 | 15 | 19 | 46 |
| 63. | भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

## अफगानी क्रिकेटर भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल, पांच साल का प्रतिबंध लगा



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर इहसानुल्लाह जन्नत को मैच फिक्सिंग के आरोप में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसीबी ने कहा कि बल्लेबाज जन्नत ने इस साल काबुल प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र के दौरान आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता का उल्लंघन किया। एसीबी ने बयान में कहा, 'जन्नत को आईसीसी भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के अनुच्छेद 2.1.1 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है और इस कारण उस पर क्रिकेट से संबंधित सभी गतिविधियों से पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। उसने आरोपों को स्वीकार कर लिया है और भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल होने की बात कबूल कर ली है। जन्नत अफगानिस्तान के पूर्व क्रिकेट कप्तान नवरोज मंगल का छोटा भाई है। उसने अफगानिस्तान की तरफ से तीन टेस्ट और 16 वनडे मैच खेले हैं।

## पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने वाली मनु भाकर का स्वदेश वापसी पर भव्य स्वागत

**नई दिल्ली (एजेंसी)** । स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर एक ओलंपिक में दो पदक जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के बाद बुधवार को जब स्वदेश पहुंची तो लगातार हो रही बूंदाबांदी के बावजूद सैकड़ों समर्थकों और उनके परिजनों ने यहां उनका भव्य स्वागत किया। मनु को पेरिस से दिल्ली लाने वाली एयर इंडिया की उड़ान (एआई 142) एक घंटे की देरी से सुबह करीब 9 बजकर 20 मिनट पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। शहर में सुबह से हो रही बूंदाबांदी के बावजूद उनके आगमन से काफी पहले से हवाई अड्डे पर इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों ने उनका और उनके कोच जसपाल राणा का जोरदार स्वागत किया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य और फिर सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता।



**मनु भाकर की मां सुमेधा** - वह स्वतंत्रता के बाद एक ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी है। उनसे पहले, केवल ब्रिटिश मूल के भारतीय एथलीट नॉर्मन प्रिचार्ड ने 1900 ओलंपिक में 200 मीटर स्प्रिंट और 200 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी। मनु ने भारत रवाना होने से पहले कहा था कि वह भव्य स्वागत की उम्मीद कर रही हैं और बुधवार को उन्हें कोई निराशा नहीं हुई।

**मनु भाकर के पिता राम किशन** - यह युवा खिलाड़ी जैसे ही हवाई अड्डे से बाहर निकली उनका गुलदस्तों, मालाओं और ढोल बजाकर स्वागत किया गया। मनु और उनके कोच जसपाल राणा के बाहर निकलने पर उन पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात था। मनु का स्वागत करने के लिए उनके माता-पिता राम किशन और सुमेधा तथा उनके गृह राज्य हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड के खेल प्रेमी और अधिकारी भी पहुंचे थे। हवाई अड्डे पर जसपाल के पिता नारायण सिंह राणा की उपस्थित थे।

उत्तराखंड के पूर्व खेल मंत्री नारायण सिंह राणा ने कहा, 'यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत की एक बेटी ओलंपिक में दो पदक जीतकर इतिहास रचकर वापस आ रही है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। वह केवल 22 साल की है। उन्होंने कहा, 'वह अपने कोच जसपाल राणा के साथ आ रही हैं। वह मेरा बेटा है। उसने निशानेबाजी में भारत के लिए खेलकर गौरव बढ़ाया। इसकी शुरुआत जसपाल राणा और अभिनव बिंद्रा ने की थी। मनु के प्रशंसक उनके आगमन से बहुत पहले हवाईअड्डे पर एकत्र हो गए थे। उन्होंने मनु और राणा की तस्वीरों वाले बैनर लेकर गीत और नृत्य के साथ उनकी उपलब्धि का जश्न मनाया। मनु दोपहर में खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात करेंगी। वह रविवार को होने वाले समापन समारोह में भाग लेने के लिए शनिवार को पेरिस वापस जाएंगी जहां वह भारत के ध्वजवाहकों में से एक होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एक की जान गई, दूसरा दर्द से चीखता रहा; मदद की बजाय दूध लूटते रहे लोग



**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में एक सड़क हादसे के बाद लोगों की संवेदनहीनता नजर आई। दूध के टैंकर से टक्कर के बाद जहां ट्रक चालक की मौत हो गई और जख्मी क्लीनर दर्द से तड़पता रहा, वहीं लोग दूध लूटने में जुटे रहे।दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एबीईएस कॉलेज के सामने मंगलवार तड़के दूध के टैंकर में पंक्चर होने के बाद पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। क्षतिग्रस्त टैंकर से दूध बहता देख लोग उसे लूटने पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक मंगलवार तड़के करीब तीन बजे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दूध का टैंकर दिल्ली से मेरठ की तरफ जा रहा था। जैसे ही टैंकर विजयनगर थानाक्षेत्र में एबीईएस कॉलेज के सामने पहुंचा तो उसका टायर पंक्चर हो गया। इसी दौरान पीछे से ओवरटेक करते हुए आ रहा एक ट्रक उसमें आ घुसा। हादसे में ट्रक चालक और क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चालक को मृत घोषित कर दिया गया। टक्कर के बाद ट्रक के साथ-साथ दूध का टैंकर भी क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे टैंकर में भरा दूध सड़क पर बहने लगा। मौके का फायदा उठाते हुए लोग दूध लूटने पहुंच गए। कोई थैली और बोतल तो कोई बाल्टी लेकर दूध लेने पहुंच गया। काफी देर तक लोग दूध लूटने में जुटे रहे।

### वायरल संक्रमण का अधिक जोखिम : डॉ. हरीश पाठक

**भोपाल।** मानसून चिलचिलाती गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन श्वसन स्वास्थ्य के लिए यह एक बड़ी चुनौती लेकर भी आता है। बढ़ी हुई आर्द्रता और नमी से फेफड़ों की स्थिति खराब हो सकती है, इसलिए इस मौसम में एहतियाती उपाय करना बहुत ज़रूरी है।[1] इस बात को ध्यान में रखते हुए सक्रिय रोगी देखभाल के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के अनुरूप, सिप्ला की व्यापक रोगी सहायता पहल - ब्रीथफ्री ने अपनी मानसून यात्रा शुरू की। इसका उद्देश्यलोगों को उनकी श्वसन स्वास्थ्य स्थिति को समझने में मदद करना है। इसलिये यह यात्रा अस्थमा और सीओपीडी (क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) जैसी फेफड़ों की पुरानी बीमारियों के लिए जांच तक पहुंच बढ़ाती है। तीन महीनों के दौरान, देश भर में 4,000 से अधिक शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 350,000 से अधिक लोगों की जांच की जाएगी। डॉ. हरीश पाठक, पल्मोनोलॉजिस्ट, भोपाल जोर देकर कहते हैं, मानसून कई ट्रिगर्स लेकर आता है, जिसमें बढ़ी हुई नमी, फफूंद, ठंडी हवा और वायरल संक्रमण का अधिक जोखिम शामिल है। हालांकि, ये कारक किसी भी व्यक्ति के श्वसन स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन वे पहले से मौजूद श्वसन संबंधी बीमारियों वाले व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करते हैं। नमी वाले वातावरण में पनपने वाले एलर्जेन, जैसे कि फफूंद और धूल के कण, एलर्जी प्रतिक्रियाओं को जन्म दे सकते हैं और अस्थमा के साथ-साथ सीओपीडी के लक्षणों को भी खराब कर सकते हैं, जिससे संभवतः अटैक हो सकता है।

### झुंझुनूं में ऑनर किलिंग, बहनोई की गोली मारकर हत्या

**झुंझुनूं।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले में बहन की लव मैरिज से नाराज भाई ने बहनोई की गोली मारकर हत्या कर दी। तलवार से उसका हाथ काट डाला। अपने दोस्तों के साथ मिलकर भाई ने इस वारदात को अंजाम दिया। मामला झुंझुनूं जिले के सूरजगढ़ इलाके का है।यह घटना मंगलवार रात की है, जब मोनिका के भाई रिंकू राजपूत ने अपने 6-7 साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।उल्लेखनीय है कि झुंझुनूं जिले के जाखोद कुशलपुरा निवासी मोनिका (21) करीब सात महीने पहले अपने परिवार की मर्जी के खिलाफ घर से भाग गई थी और 15 जनवरी 2024 को महपालवास निवासी अंकित जाट (25) के साथ गाजियाबाद के आर्य समाज मंदिर में शादी की थी।

# भाजपा को पूर्व सांसद ने दे दिया अल्टीमेटम -15 दिनों में राज्यपाल बनाओ...



**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से कुछ महीनों पहले ही शिवसेना के पूर्व सांसद ने भारतीय जनता पार्टी को अल्टीमेटम दे दिया है। खबरें हैं कि आनंदराव अडसुल ने साफ कर दिया है कि अगर उन्हें राज्यपाल नहीं बनाया गया, तो वह पूर्व सांसद नवनीत राणा के मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। अडसुल ने पहले भी दावा किया था कि उन्हें राज्यपाल बनाने का ऑफर दिया गया था।

एक अखबार के अनुसार, अडसुल ने मंगलवार को भाजपा को चेतावनी दी है कि अगर 15 दिनों में राज्यपाल नहीं बनाया गया, तो वह राणा के जाति प्रमाण पत्र मामले में सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटीशन दाखिल करेंगे। खास बात है कि अप्रैल में ही शीर्ष न्यायालय ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें उनके अनुसूचित जाति यानी एससी सर्टिफिकेट को रद्द करने की बात कही गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, अडसुल ने कहा, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुझे भरोसा दिया था कि राज्यपाल के तौर पर मेरी नियुक्ति होगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी मुझे आश्वासन दिया था, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं हुआ। मैं हमेशा इंतजार नहीं कर सकता। मैं अगले 15 दिन और इंतजार करूंगा, लेकिन इसके बाद सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा और नवनीत राणा के जाति प्रमाण पत्र के खिलाफ क्यूरेटिव पिटीशान दाखिल करूंगा।

अखबार के मुताबिक, अडसुल ने मई में दावा किया था कि अमरावती सीट पर दावा छोड़ने के लिए उन्हें अमित शाह ने राज्यपाल पद का वादा किया है। खास बात है कि अडसुल दो बार अमरावती सीट से जीत चुके हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राणा को इस सीट से मैदान में उतारा था। सीट पर दावा छोड़ने वाले अडसुल का कहना था कि भाजपा ने शिवसेना से दो केंद्रीय मंत्री पद और दो राज्यपाल का वादा किया था, लेकिन कोई पूरा नहीं हुआ।

उन्होंने आरोप लगाए थे कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम फडणवीस ने पत्र भी लिखा था, जिसमें राज्यपाल के तौर पर उनकी नियुक्ति की सिफारिश की गई थी। उनका दावा था कि पत्र को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के पास भेजा गया था, लेकिन इसे नजरअंदाज कर दिया गया। इस बार उन्होंने कहा, फडणवीस के वादे को 25 महीने बीत गए हैं और अमित शाह के वादे को ढाई महीनों से ज्यादा का समय हो चुका है...। अब मैं और ज्यादा इंतजार नहीं करूंगा।

## छत्तीसगढ़ भाजपा ने अपने रसूखदार नेता को दिखाया बाहर का रास्ता

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने बीजापुर के बीजेपी नेता अजय सिंह को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। उन पर एक आदिवासी युवक से मारपीट और अभद्र व्यवहार का आरोप लगा है। बीजेपी संगठन ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए पार्टी की छवि धूमिल करने का प्रयास बताया है। वहीं कुछ दिनों पहले अजय सिंह और बीजापुर कलेक्टर अनुराग पांडेय के बीच टेंडर को लेकर विवाद का ऑडियो भी सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ था। आदिवासी समाज के लोगों ने अजय सिंह की गिरफ्तारी को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया था। रविवार को भैरमगढ़ के भाजपा नेता अजय सिंह को बीजापुर पुलिस ने हिरासत में भी लिया था। भाजपा नेता पर कुछ दिनों पहले आदिवासी समाज के लोगों ने एक आदिवासी युवक के साथ जातिगत गालीगलौज करने का आरोप लगाया था। आदिवासी समाज के लोगों ने अजय सिंह के खिलाफ थाने में स्रढ्ढक्र भी दर्ज करवाई थी। आदिवासी लोगों ने रैली निकालकर बीजापुर में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद भाजपा की बीजापुर जिला इकाई ने प्रदेश संगठन से अजय सिंह के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की थी। कुछ दिन पहले ही बीजापुर कलेक्टर अनुराग पांडेय और अजय सिंह के बीच मोबाइल पर काफी तीखी बहस हुई थी। इसकी एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। भाजपा नेता ने कलेक्टर पांडेय को चार दिनों में कलेक्टरी से हटाने की चुनौती दी थी। इस ऑडियो को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपने फेसबुक पर पोस्ट भी किया था।

## एबीसीडी न सुना पाने पर बच्चे को थप्पड़ मारने का आरोप, हाईकोर्ट ने शिक्षक के खिलाफ रद की एफआईआर




**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट ने एक शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी खारिज कर दी है, जिसने नौ साल पहले ए,बी, सी, डी न सुना पाने पर तीन साल के बच्चे को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था। न्यायालय ने यह आदेश पारित करते हुए कहा कि शिक्षक और बच्चे का परिवार एक मामूली मुद्दे से उत्पन्न नौ साल से लंबित कानूनी कार्यवाही को बंद करना चाहता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह समझौता पक्षों के बीच सद्भाव को बढ़ावा देगा। साथ ही उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की अनुमति देगा।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता की पीठ ने कहा कि साथ ही पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण समझौते के मद्देनजर दोषसिद्धि की संभावना कम है। इसके अलावा याचिकाकर्ता (शिक्षक) की कोई पिछली संलिप्तता इस न्यायालय के संज्ञान में नहीं लाई गई है।

पीठ ने कहा कि कार्यवाही जारी रखना न्यायालय की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के अलावा और कुछ नहीं होगा। वर्ष 2015 में बच्चे की मां की शिकायत पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मां की शिकायत थी कि जब उसका बेटा स्कूल से लौटा, तो उसके चेहरे पर चोट के निशान थे। बच्चे ने अपनी मां को बताया कि चूंकि वह ए, बी, सी, डी नहीं सुना पा रहा था। इसलिए शिक्षक ने उसे थप्पड़ मारा। अदालत ने कहा कि पुलिस की ओर से चार्जशीट दाखिल किए जाने तक बच्चे का बयान दर्ज नहीं किया गया था। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए किसी विशेषज्ञ की मदद नहीं ली कि साढ़े तीन साल का बच्चा अपने चेहरे पर चोट के निशान का सही कारण बताने की स्थिति में है या नहीं। आरोपपत्र भी केवल बच्चे की मां के बयान के आधार पर बनाई गई। अदालत ने यह भी कहा कि जाहिर है याचिकाकर्ता की ओर से किसी भी तरह की चोट पहुंचाने का कोई मकसद नहीं था।

# हरनंदीपुरम टाउनशिप के लिए होगा रैपिड सर्वे, जीडीए सितंबर तक करेगा यह काम

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद के हरनंदीपुरम टाउनशिप विकसित करने के लिए अब रैपिड सर्वे होगा। इसमें मौके का सत्यापन किया जाएगा, साथ ही जरूरी बिंदुओं की जांच होगी। टाउनशिप की आउटर बाउंड्री वॉल भी चिह्नित की जाएगी। जीडीए की सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में राजनगर एक्सटेंशन के पास 541 हेक्टेयर में हरनंदीपुरम नाम की टाउनशिप विकसित करने के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई। अब बोर्ड बैठक के मिनट्स आने के बाद टाउनशिप को परवान चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए प्राधिकरण सबसे पहले जिस क्षेत्र में टाउनशिप प्रस्तावित है, वहां का रैपिड सर्वे कराएगा।



जीडीए अधिकारी बताते हैं कि अभी तक सैटेलाइट सर्वे के आधार पर ही टाउनशिप का प्रस्ताव तैयार किया गया है, लेकिन अब बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद इसका रैपिड सर्वे कराया जाएगा। इसमें मौके पर जाकर सबसे पहले टाउनशिप की आउटर बाउंड्री को चिह्नित किया जाएगा। इसके बाद आउटर बाउंड्री के अंदर की जमीन का मौके पर निरीक्षण किया जाएगा। यह भी देखा जाएगा कि आउटर बाउंड्री के अंदर आने वाली किसी खसरा या गाटा संख्या पर कोई विवाद तो नहीं है।

यह सर्वे सितंबर महीने तक पूरा कर पूरी रिपोर्ट तैयार कराई जाएगी। वहीं, इस भूमि के सर्किल रेट आदि की प्रक्रिया पर भी मंथन किया जाएगा। इसके बाद टाउनशिप का टेंडर निकालकर डिटेल सर्वे भी कराया जाएगा, जिसमें जरूरी सुविधाएं और आने वाली दिक्कत जैसे हाईटेंशन लाइन, नाला, नाली आदि की पूरी जानकारी ली जाएगी।

राजनगर एक्सटेंशन की 45 मीटर आउटर रिंग रोड और पाइपलाइन मार्ग के बीच टाउनशिप बसाई जाएगी। साथ ही आरआरटीएस दुहाई स्टेशन से केवल तीन किलोमीटर दूरी होगी। इसमें छोटे-बड़े सभी तरह के आवासीय, व्यावसायिक भूखंड होंगे। साथ ही स्कूल, अस्पताल, मॉल, आईटी पार्क आदि भी बनेंगे। यह ग्राम मथुरापुर, नंगला फिरोज मोहनपुर, शमशेर, चम्पत नगर, भनैड़ा खुर्द, शाहपुर मोरटा, मोरटा, भोवापुर की कुल क्षेत्रफल 541.65 हेक्टेयर भूमि पर बसाई जाने का प्रस्ताव है। जीडीए सचिव राकेश कुमार सिंह ने कहा, बोर्ड बैठक के मिनट्स आने के बाद हरनंदीपुरम टाउनशिप विकसित करने के लिए रैपिड सर्वे कराया जाएगा। इसमें मौके का सत्यापन किया जाएगा। साथ ही टाउनशिप की आउटर बाउंड्रीवाल भी चिह्नित की जाएगी।

## कमला हैरिस ने उपराष्ट्रपति पद के लिए गवर्नर टिम वाल्ज को चुना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति की उम्मीदवार कमला हैरिस ने मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज को अपना रनिंग मेट यानी उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। 60 वर्षीय वाल्ज एक पूर्व स्कूल शिक्षक, एक सैन्य दिग्गज, प्रतिनिधि सभा के सदस्य और दो बार गवर्नर रह चुके हैं। उन्होंने हाल ही में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके साथी सीनेटर जेडी वेंस और उनके अभियान और उनके विचारों का वर्णन करने के लिए कहा था अजीब। इस शब्द को हैरिस अभियान और उनके सहयोगियों ने तुरंत अपना लिया। सोमवार रात को फिलाडेल्फिया में एक चुनावी रैली में राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का आधिकारिक नामांकन हासिल करने वाल्ज पहली बार हैरिस के साथ दिखेंगे। वे उनके साथ राज्यों के दौरे पर जाएंगे। कमला हैरिस 20 जनवरी, 2021 को अमेरिका की पहली उपराष्ट्रपति बनी थी। उनसे पहले कोई भी महिला इस पद तक नहीं पहुंच पाई। हालांकि, 2016 में राष्ट्रपति पद के लिए हिलेरी क्लिंटन ने डोनाल्ड ट्रंप को चुनौती दी थी। लेकिन, उन्हें हार का सामना करना पड़ा। कमला का जन्म 20 अक्टूबर 1964 को कैलिफोर्निया में भारतीय और जमैकन मूल के माता-पिता के घर में हुआ था। कमला हैरिस की मां श्यामा गोपालन भारतीय मूल की थीं और उनके पिता डोनाल्ड जैस्पर हैरिस का नाता जमैका से था। कमला हैरिस के लिए बचपन अच्छा नहीं बीता। वह जब सात साल की थीं तो उनके माता-पिता अलग हो गए।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने फिजी के मंदिर में की पूजा, कहा- दोनों देशों का 145 साल पुराना रिश्ता



**सुवा, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू फिलहाल तीन देशों की यात्रा पर हैं। सबसे पहले वह फिजी के दौरे पर पहुंची हैं। इस दौरान उन्होंने बुधवार सुबह यहां के नाडी स्थित श्री शिव सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। वहीं, इससे पहले उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान फिजी में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने भारत एवं फिजी के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों की प्रशंसा की और इस द्वीपीय देश में भारतीय प्रवासियों की भूमिका को पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, जब भी मैं विदेश यात्रा करती हूं तो भारतीय समुदाय और भारतीय प्रवासी के सदस्यों से मिलना हमेशा एक विशेष एहसास होता है। फिजी एक ऐसा देश है, जिसके साथ हमारा 145 साल पुराना एक खास रिश्ता है। इसलिए आप सभी से यहां मिलकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों के साथ संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई) कार्ड शुरू करने के भारत सरकार के फैसले की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने वैश्विक मंच पर प्रमुख नेतृत्व की भूमिका निभाई है। एक सक्षम और उत्तरदायी भारत उभर रहा है। उन्होंने आगे कहा, पिछले साल हमारी जी-20 अध्यक्षता की ऐतिहासिक सफलता ने दिखाया कि भारत का समावेशी, निर्णायक, महत्वाकांक्षी और कार्योन्मुखी नेतृत्व दुनिया के लिए क्या कर सकता है। जैसा कि हमने अपनी जी-20 अध्यक्षता के दौरान किया था, हम ग्लोबल साउथ के हितों को मजबूती से आवाज देने के लिए हर वैश्विक मंच का उपयोग करना जारी रखेंगे और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक निष्पक्ष, न्यायसंगत और सुरक्षित दुनिया बनाने का प्रयास करेंगे। फिजी सरकार को धन्यवाद दिया। गौरतलब, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना हुई हैं। मुर्मू फिजी के राष्ट्रपति विलियम मैवालिली कैटोनीवरे के निमंत्रण पर पांच-सात अगस्त तक फिजी की यात्रा पर हैं। इसके बाद मुर्मू द्वीपीय देश के गवर्नर जनरल सिंडी कीरो के निमंत्रण पर आठ और नौ अगस्त को न्यूजीलैंड की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। यह आठ वर्षों के बाद भारत के किसी राष्ट्रपति की पहली न्यूजीलैंड यात्रा होगी।

# दंगों की आग में जल रहा ब्रिटेन, सरकार ने हालात पर काबू के लिए 6,000 विशेषज्ञ पुलिसकर्मी किए तैयार

**लंदन, एजेंसी।**
ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को बताया कि तीन बच्चों की हत्या के बाद भड़के दंगों से निपटने के लिए 6,000 विशेष पुलिस अधिकारी तैयार हैं। । प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने सोमवार को मंत्रियों और पुलिस प्रमुखों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। स्टारमर ने मीडिया को बताया कि सरकार आपराधिक न्याय प्रणाली को सख्त करेगी ताकि दंड शीघ्र मिल सके। नेशनल पुलिस चीफ्स काउंसिल ने बताया कि अब तक 378 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और अन्य लोगों को भी न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। इस घटना के बाद पूरे हफ्ते हिंसा होती रही। सोमवार को, दक्षिण इंग्लैंड के प्लायमाउथ में दंगाइयों ने ईंटें और पटाखे फेंके, जिससे छह लोगों को गिरफ्तार किया गया और कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए।




उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में, दंगाइयों ने एक विदेशी नागरिक की दुकान को आग लगाने की कोशिश की, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस ने इसे नस्लीय घृणा अपराध माना है। इस बीच, बर्मिंघम में एक समूह ने एक संभावित फासीवादी प्रदर्शन को रोकने के लिए इकट्ठा होकर फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाते हुए एक स्काई न्यूज़ रिपोर्टर को डराया। एक अन्य रिपोर्टर ने कहा कि उसे हथियार की तरह दिखने वाली चीज के साथ पीछा किया गया। पुलिस ने बताया कि एक पब और एक कार को नुकसान पहुंचाया गया।

दंगों की शुरुआत पिछले मंगलवार को हुई जब दक्षिणपोर्ट में एक टेलर स्विफ्ट-थीम वाली डांस क्लास में तीन बच्चों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई । तब से कई शहरों और कस्बों में हिंसा फैल गई, जिसके चलते सैकड़ों गिरफ्तारियां हुईं। न्याय मंत्री हेडी एलेक्जेंडर ने मंगलवार को बीबीसी रेडियो 4 को बताया कि सरकार ने 500 अतिरिक्त जेल स्थान और 6,000 विशेष पुलिस अधिकारियों की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि दंगों और अव्यवस्था के परिणामस्वरूप जिन्हें भी जेल की सजा दी जाएगी।

## हिजबुल्लाह के ड्रोन हमले में कई नागरिक घायल - इजरायल

**तेल अवीव, एजेंसी।** उत्तरी इजरायल में सैन्य ठिकानों पर हिजबुल्लाह द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में कम से कम पांच नागरिकों के घायल होने की खबर है। उत्तरी शहर नहरिया के पास ड्रोन हमले के बाद घायलों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश के उत्तरी भाग में पिछले एक घंटे में सक्रिय किए गए अलर्ट के बाद कई मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) का पता चला जो लेबनान के क्षेत्र को पार कर आए थे। एक को रोक दिया गया, जबकि नहरिया के दक्षिण में एक के गिरने से कई नागरिक घायल हो गए। इसमें कहा गया, इंटरसेप्टर के टुकड़े गिरने के डर से मिसाइल और रॉकेट फायर अलर्ट सक्रिय किए गए। इजरायली विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि वह इजरायल के लोगों को आतंकित नहीं होने देगा। एक बयान में हिजबुल्लाह ने कहा कि आत्मघाती ड्रोन के स्क्वाड्रन ने उत्तर-पश्चिम इजरायल के बंदरगाह शहर एकर के श्रागा बैरक में गोलानी ब्रिगेड के मुख्यालय और एगोज यूनिट 621 के मुख्यालय को निशाना बनाया है। बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में दहिह पर इजरायल के हमले के बाद हिजबुल्लाह और इजरायली सेना के बीच टकराव बढ़ गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129